कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) > बुधवार, 17 दिसंबर 2025 > मार्गशीर्ष 26 शक संवत 1947 पौष कृष्ण त्रयोदशी, विक्रम संवत 2082
WATCH GOD WATCHDOG
पेज 12 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol.7 no.340

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



डॉनल्ड ट्रंप ने BBC पर किया मानहानि का मुकदमा

p12



**यूथ वनडे**

दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय अभिज्ञान कुंडू

■ एजेंसियां, दुबई: अंडर-19 एशिया कप में मंगलवार को मलयेशिया के खिलाफ मुकाबले में भारतीय बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने नाबाद 209 रन बनाए। 17 साल के कुंडू साउथ अफ्रीका के जोरिच वान शाल्कविक के बाद यूथ वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले दुनिया के दूसरे और पहले भारतीय बल्लेबाज हो गए। उन्होंने 125 गेंदों पर 17 चौके और नौ छक्के लगाए। पेज 11

**खबरों के अंदर की बात**

**NBT Lens**

देखें पेज 6 और 11

## फटाफट खबरें

### CLAT: श्रीगंगानगर की गीताली अव्वल



देश की टॉप लॉ यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए होने वाले कॉमन लॉ ऐडमिशन टेस्ट (CLAT) का रिजल्ट मंगलवार देर शाम जारी कर दिया गया। श्रीगंगानगर की **गीताली गुप्ता** ने इसमें टॉप किया है। वहीं, लखनऊ के ओजस दीक्षित की ऑल इंडिया 23वीं रैंक रही। ओजस जयपुरिया में 12वीं के छात्र हैं। पेज 6

### पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री ने दिया इस्तीफा



कोलकाता में 13 दिसंबर को फुटबॉलर लियोनेल मेसी के कार्यक्रम में मिस-मैनेजमेंट की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प. बंगाल के खेल मंत्री अरूप विश्वास ने इस्तीफा दे दिया। सीएम ममता बनर्जी ने इसे मंजूर कर लिया। वह खुद यह विभाग संभालेंगी।

### रुपया पहली बार 91/डॉलर के पार



रुपया मंगलवार को 15 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 90.93/डॉलर पर बंद हुआ। दिन में यह 91 प्रति डॉलर पार हो गया था। US ट्रेड डील में देरी और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के कारण यह गिरावट आई है। पेज 9

### दिल्ली: PUCC नहीं तो पेट्रोल-डीजल नहीं




दिल्ली के पेट्रोल पंपों पर गुरुवार से पल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट (PUCC) के बिना गाड़ियों में पेट्रोल-डीजल नहीं भरा जाएगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने मंगलवार को यह ऐलान किया। प्रदूषण को थामने के लिए यह फैसला लिया गया है।

### वेदांती को अयोध्या में जल समाधि



मंदिर आंदोलन के अग्रणी संत डॉ. राम विलास वेदांती के पार्थिव शरीर को अयोध्या में मंगलवार को सरयू में जल समाधि दी गई। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने हिंदू धाम आश्रम पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। पेज 7

# IPL में कैमरन ग्रीन सबसे महंगे, प्रशांत-कार्तिक भी चमके



कैमरन ग्रीन 25.20 करोड़

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर का बेस प्राइस 2 करोड़ था, KKR ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा

### अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रेकॉर्ड तोड़ा

■ पीटीआई, अबू धाबी

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के अगले सीजन के लिए मंगलवार को मिनी ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी रहे। उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा। ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रेकॉर्ड तोड़ा। स्टार्क को 2024 में KKR ने ही 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। वैसे ऋषभ पंत (27 करोड़) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। कुल 77 स्लॉट भरने के लिए हुए इस ऑक्शन के टॉप-5 खिलाड़ियों में तीन विदेशी रहे।



प्रशांत वीर 14.20 करोड़

अमेठी के रहने वाले 20 वर्षीय प्रशांत वीर बाएं हाथ के स्पिनर और ऑलराउंडर हैं।

19 साल के कार्तिक शर्मा राजस्थान के विकेटकीपर और विस्फोटक बल्लेबाज हैं।



कार्तिक शर्मा 14.20 करोड़

### प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा बने सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी

चेन्नै सुपर किंग्स (CSK) ने अमेठी के प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदकर चौंकाया। राजस्थान के कार्तिक शर्मा को भी इतने में ही खरीदा। दोनों अनकैप्ड खिलाड़ियों का बेस प्राइस 30 लाख था। पेज 7

### 13 करोड़ी लिविंगस्टोन

SRH ने लियम लिविंगस्टोन को 13 करोड़ रुपये में अपने खेमे में शामिल किया। उन पर LSG ने भी बोली लगाई, लेकिन बोली 13 करोड़ पहुंचने के बाद पीछे हट गई।



लियम लिविंगस्टोन 13 करोड़

### दूसरे सबसे महंगे श्रीलंकाई मथीशा



मथीशा पथिराना 18 करोड़

KKR ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को 18 करोड़ रुपये में जोड़ा। इसके साथ पथिराना IPL ऑक्शन में बिकने वाले सबसे महंगे श्रीलंकाई प्लेयर बन गए हैं।

### आज इकाना में SA के खिलाफ चौथा T20

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच T20 मैचों का चौथा मुकाबला बुधवार को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होगा। सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। भारतीय टीम इस मैच के साथ सीरीज जीतने पर फोकस करेगी। मैच के दौरान कम तापमान के बीच ओस गिरने की संभावना है। इससे टॉस जीतने वाली टीम पहले बोलिंग चुन सकती है। पेज 4 और 11

**प्रसारण**

शाम 7 PM से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

# कोहरे, झपकी ने लीं 25 जानें

■ NBT रिपोर्ट/भाषा, मथुरा/लखनऊ

घने कोहरे और गाड़ी चलाने के दौरान आई झपकी के कारण हुए हादसों ने सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक 25 लोगों की जान ले ली, जबकि 109 घायल हो गए। कोहरे के कारण सबसे बड़ा हादसा मंगलवार सुबह मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुआ। घनी धुंध के कारण सात बसें और तीन गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। गाड़ियों में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 घायल हो गए। हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है।

मथुरा के डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि हादसा मंगलवार सुबह साढ़े चार बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर बलदेव इलाके में हुआ। दृश्यता कम होने के कारण बसें और छोटी गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। टक्कर के कारण बसों और गाड़ियों में आग लग गई। सभी मौतें आग में झुलसने के कारण हुईं। हादसे की जांच के लिए एडीएम के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जो दो दिन में रिपोर्ट देगी। सीएम ऑफिस की ओर से हादसे में मारे गए लोगों के परिवारीजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद देने की घोषणा की गई है।

**उन्नाव:** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह 6 बजे ड्राइवर को झपकी आने से फॉर्च्यूनर कार बेकाबू होकर पहले एक वाहन फिर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार 4 लोगों की मौत हो गई। दम तोड़ने वाले अशोक अग्रवाल सुभासपा के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे।

**बाराबंकी:** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह 10 बजे तेज रफ्तार अर्टिगा आगे जा रही स्कॉर्पियो को टोकर मारकर करीब 20 फुट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई।

**बस्ती:** जायरीनों को लेकर अजमेर शरीफ जा रही बस हरदिया चौराहे के पास सोमवार रात ट्रक से टकरा गई। हादसे में ट्रक ड्राइवर समेत तीन की जान चली गई।

**मेरठ:** सदर बाजार इलाके में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार नाबालिग छात्र की मौत हो गई। वहीं, जानी इलाके में सुबह 4 बजे घने कोहरे में तेज रफ्तार कार पुल के पिलर से टकराकर हिंडन नदी में जा गिरी। हादसे में पुलिस के सिपाही समेत दो लोगों की जान चली गई। इन दो वजहों से इतर गौतमबुद्धनगर जिले में चलती कार में आग लगने से एक पेंट व्यवसायी की जलकर मौत हो गई। पेज 7

## मथुरा में बड़ा हादसा, 10 गाड़ियां भिड़ीं, 13 जिंदा जले



**बस की बस चेसिस बची**

मथुरा में हुए हादसे में बसें और गाड़ियां बुरी तरह जल गईं। (इनसेट) सीएम ने घायलों का मुफ्त इलाज करवाने का निर्देश दिया है।

### लखनऊ में आठ फ्लाइटें रद्द, 12 से ज्यादा लेट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कोहरे के कारण मंगलवार को अमौसी एयरपोर्ट पर आने-जाने वाली आठ फ्लाइटें कैंसल हो गईं। वहीं, दर्जन भर से ज्यादा विमान देरी का शिकार हुए।

**20 से अधिक ट्रेनें भी लेट**

कोहरे की वजह से 20 से अधिक ट्रेनें लेट हुईं। इनमें 19038 अवध एक्सप्रेस ढाई घंटे, 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस सवा घंटे, 20503 राजधानी एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस पौने चार घंटे, 04651 जयनगर-अमृतसर साढ़े पांच घंटे, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली पांच घंटे, 02563 बरौनी-नई दिल्ली साढ़े छह घंटे, 12557 अमृत भारत एक्सप्रेस दो घंटे देरी का शिकार हुईं।

**दो दिन घना कोहरा**

मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार और गुरुवार को सुबह-शाम घना कोहरा छाएगा। रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

संबंधित खबरें पेज 3

# विरोध के बीच 'जी राम जी' विधेयक लोकसभा में पेश

## नाम बदलना महात्मा गांधी का अपमान: विपक्ष



**विपक्ष का मार्च:** संसद परिसर में विपक्ष ने किया प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच 'विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'जी राम जी' विधेयक 2025' पेश किया। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी ऐक्ट (मनरेगा) की जगह पर लाया गया है। विपक्ष महात्मा गांधी का नाम हटाने को राष्ट्रपिता का अपमान बता रहा है। विपक्ष ने विरोध मार्च निकाला और नारेबाजी की।

**इंश्योरेंस में 100% FDI बिल मंजूर:** 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक 2025' लोकसभा में पास हो गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारण ने कहा कि बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) 100% तक बढ़ने के साथ कई नियम आसान किए गए हैं। इससे बीमा क्षेत्र में बेहतर नियामक निगरानी होगी। पेज 10

### नैशनल हेरल्ड केस में गांधी परिवार को राहत

■ पीटीआई, नई दिल्ली: दिल्ली की एक अदालत ने नैशनल हेरल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं- राहुल गांधी, सोनिया गांधी और 5 अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में ED की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया।

स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि यह चार्जशीट एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध से संबंधित प्राथमिकी पर। इस मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा पहले ही केस दर्ज कर चुकी है। ED के तर्कों पर विचार करना अभी जल्दबाजी होगी। वहीं, ED ने कहा कि वह इसके खिलाफ अपील दायर करेगा।

# लेखपाल के 7,994 पदों पर होगी भर्ती

## UPSSSC ने जारी किया विज्ञापन, 29 से होंगे ऑनलाइन आवेदन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) ने राजस्व लेखपाल के 7,994 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। आवेदन प्रक्रिया 29 दिसंबर से शुरू होगी। लिखित परीक्षा के लिए प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (PET) के स्कोर के आधार पर कुल पदों के मुकाबले 15 गुना अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए जाएंगे।

आयोग की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार, 18 से 40 साल तक के अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए आयोग की वेबसाइट पर PET के रजिस्ट्रेशन नंबर से लॉग-इन करना होगा। आवेदन शुल्क 25 रुपये होगा। आवेदन में पत्राचार का पता, ईडब्ल्यूएस व क्षैतिज आरक्षण की श्रेणी, अनिवार्य योग्यता व वैवाहिक स्थिति में ही संशोधन किया जा सकेगा। प्रादेशिक सेना में दो साल की सेवा और एनसीसी के 'बी' प्रमाणपत्र पर वेटेज मिलेगा।


लेखपाल भर्ती की लिखित परीक्षा 100 नंबर की होगी। इसके लिए दो घंटे निर्धारित हैं। गलत जवाब पर 1/4 नंबर कटेंगे। भारत के इतिहास व राष्ट्रीय आंदोलन, राजव्यवस्था व संविधान, भूगोल, अर्थव्यवस्था व सामाजिक विकास, ग्राम्य समाज व विकास, करेंट अफेयर्स, साइंस ऐंड टेक्नॉलजी में हर सेक्शन से 5-5 सवाल आएंगे। पर्यावरण व आपदा प्रबंधन, डाटा इंटरप्रेटेशन व सामान्य हिंदी से 10-10 सवाल, कंप्यूटर व आईटी से 15 और यूपी पर आधारित 20 सवाल पूछे जाएंगे।

**अहम तारीख**

29 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन

28 जनवरी आखिरी तारीख

4 फरवरी तक संशोधन हो सकेगा



AI image

**किस वर्ग के कितने पद**

| | |
|---|---|
| 4,165 अनारक्षित | 1,446 SC |
| 1,441 OBC | 150 ST |
| | 792 EWS |

### SIR: प. बंगाल में 58 लाख तो राजस्थान में 42 लाख नाम हटे

■ पीटीआई, कोलकाता/जयपुर

निर्वाचन आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के बाद पश्चिम बंगाल की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की। इसमें करीब 58 लाख वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं। इसी तरह राजस्थान में जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 42 लाख और पुडुचेरी में करीब 85 हजार वोटरों के नाम हटाए गए हैं।

आयोग ने हटाए गए नामों की लिस्ट भी जारी की

आयोग ने लिस्ट से हटाए गए नामों की लिस्ट भी जारी की है। आयोग के मुताबिक, मृत्यु, पलायन और गणना प्रपत्र जमा न करने समेत कई कारणों से नाम हटाए गए हैं। लोग 15 जनवरी तक दावे-आपत्तियां कर सकेंगे।

# मिलावटी या नकली खाद बेची तो NSA लगेगा : योगी

## अधिकारियों ने गड़बड़ी की तो विजिलेंस जांच

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मिलावटी, नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत कार्रवाई की जाएगी। किसान को यदि खाद को लेकर कोई भी समस्या हुई तो जवाबदेही तय होगी और दोषी चाहे किसी भी स्तर का हो, कार्रवाई से नहीं बचेगा।

योगी ने मंगलवार को कृषि व सहकारिता मंत्री की मौजूदगी में खाद की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दोनों मंत्री हर दिन उपलब्धता व वितरण की समीक्षा करें। सीएम कार्यालय से भी हर जिले पर सीधी निगरानी रखी जाएगी। डीएम, एडीएम, एसडीएम खुद खाद की दुकानों व समितियों का औचक निरीक्षण करें। ओवर रेटिंग किसी भी दशा में न हो और खाद समितियां निर्धारित अवधि के अनुसार अनिवार्य रूप से खुली रहें। किसानों को डीएपी, यूरिया और पोटाश तय सरकारी दरों पर ही उपलब्ध कराई जाएं। फील्ड में तैनात अधिकारियों की गतिविधियों की भी लगातार निगरानी होगी। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या लापरवाही सामने आती है तो विजिलेंस जांच कराई जाएगी।



### आधार में पिता का नाम नहीं तो भी बनेगा लर्निंग DL

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**NBT असर**

आधार में पिता का नाम दर्ज न होने पर भी लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस (DL) बन सकेंगे। अब आवेदक खुद पिता का नाम दर्ज करेंगे। लर्निंग DL के लिए आधार नंबर के जरिए ऑनलाइन आवेदन होते हैं। नए आधार में पिता का नाम न होने पर लोगों के लर्निंग DL नहीं बन पा रहे थे। इस बारे में NBT ने कई समाचार प्रकाशित किए थे। इसके बाद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर NIC ने पोर्टल में बदलाव किया है। पेज 5

**हैपी मॉर्निंग**

पिंकू: कैसे हो यार...
पिंटू: बस ठीक हूं।
पिंकू: यार कुछ पैसों की जरूरत है...
पिंटू: कोई दे रहा हो तो मुझे भी बताना।

**सराफा**

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,35,405
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹1,99,100

**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,679.86 (-533.50) |
| निफ्टी | 25,860.10 (-167.20) |

**मौसम**

अधि.तापमान 19.1 डिग्री
न्यून.तापमान 10.4 डिग्री
सूर्यास्त बुधवार 5:16 बजे
सूर्योदय गुरुवार 6:49 बजे

# थाइलैंड से लाए गए लूथरा ब्रदर्स, रिमांड पर भेजे गए

## नाइट क्लब की आग में हुई थी 25 लोगों की मौत

■ भाषा, नई दिल्ली

गोवा के 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब के सह-मालिक गौरव लूथरा (44) और सौरभ लूथरा (40) मंगलवार को थाइलैंड से डिपोर्ट कर दिल्ली लाए गए। दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरते ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया। गोवा पुलिस ने दोनों को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया, जहां से दो दिन का ट्रांजिट रिमांड मिला।

'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में लूथरा बंधुओं के खिलाफ गैरइरादतन हत्या और लापरवाही के आरोप हैं। हादसे के कुछ घंटों बाद दोनों फुकेट भाग गए थे। फुकेट में 11 दिसंबर को थाईलैंड के अधिकारियों ने इन्हें हिरासत में लिया था।



**द केप गोवा रेस्तरां सील**

दक्षिण गोवा का नामी रेस्तरां 'द केप गोवा' को अग्नि और सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन पर सील कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटन विभाग ने एक अस्थायी झोपड़ी के लिए अनुमति दी थी, लेकिन मौके पर रेस्तरां चलाया जा रहा था।

### जस्टिस वर्मा केस में बनी कमिटी की वैधता जांचेगा SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा पर करप्शन के आरोपों की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष द्वारा बनाई समिति के गठन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। दिल्ली में जस्टिस वर्मा के आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च को आग लगने के बाद नकदी के जले बंडल मिले थे।

याचिका में जस्टिस वर्मा की दलील है कि नियमतः किसी जज को हटाने की प्रक्रिया तभी बढ़ सकती है, जब दोनों सदन प्रस्ताव स्वीकार करें, फिर जॉइंट कमिटी बने, लेकिन इस मामले में सिर्फ लोकसभा ने प्रस्ताव पारित किया है। राज्यसभा में अब भी प्रस्ताव लंबित है। इस मामले में 7 जनवरी 2026 को अगली सुनवाई होगी।

**खुलासा** हैदराबाद से 1998 में ऑस्ट्रेलिया गया गया था साजिद

# भारतीय था सिडनी के बॉन्डी बीच का हमलावर

■ एजेंसियां, हैदराबाद/मनीला/मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम (50) भारत का था। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक, वह हैदराबाद का रहने वाला था। वहीं, फिलिपींस के इमीग्रेशन विभाग ने मंगलवार को दावा किया कि आरोपित साजिद ने भारतीय पासपोर्ट और उसका बेटे नवीद अकरम (24) ने ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट पर एक नवंबर को सिडनी से फिलिपींस में एंट्री की थी। दोनों मनीला से दावो शहर गए थे और 28 नवंबर को मनीला होकर वापस सिडनी गए थे। दावो फिलिपींस के मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलिपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है।

**ईसाई महिला से शादी की:** तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को बताया कि साजिद ने हैदराबाद से B.Com किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं बस गया। ईसाई महिला से शादी करने की वजह से साजिद के परिवार ने रिश्ता तोड़ लिया था।

**ISIS से प्रेरित थे:** हमले में 15 लोगों की मौत हुई थी। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि दोनों हमलावर संभवतः ISIS की विचारधारा से प्रेरित थे। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या दोनों ने फिलिपींस में किसी प्रतिबंधित संगठन से संपर्क किया था।



**वायरल तस्वीर:** साजिद-नवीद की यह फोटो बॉन्डी बीच पर हमले के वक्त की है।

### घायलों में तीन भारतीय स्टूडेंट

आतंकी हमले में घायल हुए 40 लोगों में तीन भारतीय स्टूडेंट भी हैं। ऑस्ट्रेलिया टुडे न्यूज पोर्टल के मुताबिक, प्रशासन ने इनकी पहचान जाहिर नहीं की है।

### अहमद से मिले अल्बनीज

पीएम अल्बनीज ने हमले के दौरान साहस और इंसानियत की मिसाल पेश करने वाले अहमद अल-अहमद से मुलाकात की। अहमद हमलावर से अकेले भिड़ गए थे। अल्बनीज ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया का हीरो बताया।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: cci Time: 12-17-2025 00:07 Color:



# NBT GOOD न्यूज़

**इम्यून सिस्टम दुरुस्त करे मुस्कान**
लगातार मुस्कुराने और खुश रहने से शरीर में वाइट ब्लड सेल्स की संख्या स्थिर रहती है, जिससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity) बढ़ती है।

## विचार

आपको पता चलेगा कि जीवन अब भी सार्थक है, अगर आप बस मुस्कुरा सकें। दर्द के बावजूद मुस्कुराना इंसान को जिंदा रखती है। – *चार्ली चैपलिन*

## ज़रा हंस लें

**भिखारी:** बच्चा, तुझे स्वर्ग मिलेगा, लाओ कुछ दक्षिणा दे जाओ। **लड़का:** ठीक है दक्षिणा में आपको मैंने दिल्ली दी। **भिखारी:** दिल्ली क्या तुम्हारी है? जो मुझे दे रहे हो। **लड़का:** तो स्वर्ग क्या तूने खरीद रखा है, जो तू उधर के प्लाट यहां बांट रहा है।

## कविता


### आओ मिलजुल कर...

चले भी आओ मिलजुल के,
गुलशन का कारोबार करें
एक दूजे के साथ चलें और...
आपस में बस प्यार करें।
रहे नहीं ईर्ष्या कोई द्वेष...
धर्म,जाति का कोई कलेश
पुष्पों के रंगों सा रहकर...
खुशियों सा बस संसार करें।
चले भी आओ मिलजुल के,
गुलशन का कारोबार करें
एक दूजे के साथ चलें और...
आपस में बस प्यार करें।
नेचर से फ्रिएचर तक...
वर्तमान से फ्यूचर तक
आपस में घुल-मिल जाएं...
मानवता का व्यवहार करें।
चले भी आओ मिलजुल के,
गुलशन का कारोबार करें
एक दूजे के साथ चलें और...
आपस में बस प्यार करें।
भूलें अतीत की सब दुविधा...
वर्तमान में रहें सुविधा
बीती बातों की कड़वाहट...
जग से उसको करें विदा
आपस में जो लड़वाते...
ऐसे मूर्खों का बहिष्कार करें।
चले भी आओ मिलजुल के,
गुलशन का कारोबार करें

– राज कुमार,NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# कैसे वन्य जीवों के लिए सबसे बड़ा ठिकाना बन रहा भारत



*चीतों की वापसी ने खूब सुर्खियां बटोरीं, लेकिन इसके पीछे एक बड़ी और खामोश कहानी है। पिछले कुछ सालों में दुनिया भर से हजारों जंगली जानवर भारत आए हैं और यहां के जू में नई जिंदगी शुरू की है। इस सूची में पक्षी, रेप्टाइल्स और बंदर की प्रजाति के जीव तो हैं ही, लेकिन सबसे ऊपर है भारत का प्यार यानी टाइगर... । अतुल ठाकुर की रिपोर्ट...*

## 4 साल में 6,400 जानवर भारत पहुंचे

*CITES (वन्य जीवों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन) के आंकड़ों के मुताबिक, 1978 के बाद भारत में आए कुल जानवरों में से 90% सिर्फ पिछले 4 सालों में पहुंचे हैं।*

**जू के लिए जानवरों का आयात तेजी से बढ़ा है:**

| 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 19 | 16 | 2 | 24 | 20 | 234 | 486 | 4,051 | 1,640 |

## 'बिग कैट' की सबसे ज्यादा मांग

*भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टाइगर वाला देश है और जू में भी सबसे ज्यादा मांग टाइगर की ही रही।*

1978 से 2024 के बीच आयात

| | |
|---|---|
| टाइगर | 314 |
| शेर | 188 |
| चीता | 159 |
| यूरोपीय भैंसा | 158 |
| कॉमन स्क्विरल मंकी | 154 |

*जैगुआर, लेपर्ड, कूगर और स्नो लेपर्ड भी इस सूची में शामिल हैं।*

## हर जगह से आए जानवर


| | |
|---|---|
| द. अफ्रीका | 2,072 |
| UAE | 995 |
| चेक रिप. | 854 |
| मैक्सिको | 816 |
| ऑस्ट्रिया | 687 |
| गुयाना | 364 |
| मोजांबिक | 158 |
| जर्मनी | 136 |
| सिंगापुर | 130 |
| श्रीलंका | 116 |

*भारत में आने वाले करीब 30% जानवर दक्षिण अफ्रीका से हैं। इसके बाद यूरोप और अमेरिका का नंबर आता है।*

1978 से 2024 के बीच भारत को जानवर भेजने वाले देश

## 2 साल में सबसे बड़ा इंपोर्टर बना भारत

**2,922** जानवर आयात किए गए 2024 में दुनियाभर में जू के लिए। इनमें से 1,640 जानवर भारत आए, जिससे भारत दुनिया का सबसे बड़ा आयातक बन गया। 2023 में भी भारत टॉप पर रहा था।



## विदेश भेजने में घड़ियाल-मगरमच्छ आगे


*जहां भारत आयात में आगे है, वहीं निर्यात सीमित रहा। 2005 में भारत ने 47 जानवर निर्यात किए, जबकि 1976-2024 के बीच कुल 483 जानवर बाहर भेजे गए। इनमें सबसे ज्यादा घड़ियाल थे।*

निर्यात (1976-2024)

| | |
|---|---|
| घड़ियाल | 102 |
| मगरमच्छ | 48 |
| एशियाई हाथी | 45 |
| शेर | 31 |
| ब्लैकबक | 24 |

# गोली जैसा रोबॉट, पेट में जाकर लेगा सैंपल


katyayani.upreti@timesofindia.com




जानवरों पर टेस्टिंग में कामयाब, अब इंसानों पर इसका ट्रायल होगा

■ **एक ऐसा** माइक्रो डिवाइस जिसे दवा की तरह निगला जा सके, वो पेट के रास्ते आंत तक पहुंचे, सैंपल इकट्ठे करे और फिर शरीर से बिना सर्जरी के खुद निकल जाए। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) दिल्ली और ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) दिल्ली ने मिलकर एक ऐसा माइक्रो रोबॉट तैयार किया है और जल्द ही यह मेडिकल साइंस की दुनिया में मदद देने के लिए तैयार होगा। दोनों इंस्टिट्यूट की रिसर्च टीम ने यह इंस्ट्रूमेंट तैयार किया है, जिससे मानव शरीर में मौजूद माइक्रोबायोम को समझने में मदद मिलेगी। इंस्ट्रूमेंट को जानवरों पर परखा जा चुका है, जो कामयाब हुआ है। अब इंसानों पर ट्रायल होगा।

यह माइक्रो रोबॉट पेट के रास्ते सीधे छोटी आंत पहुंच सकता है और वहां से बैक्टीरिया और बाकी रसायनों के मॉलिक्यूल्स यानी सूक्ष्म नमूने इकट्ठा कर सकता है। इसकी खासियत यह है कि यह पेट से जब गुजरता है, तो पेट के एसिड से खुद को सुरक्षित रखता है। छोटी आंत में पहुंचते ही यह सक्रिय हो जाता है और वहां मौजूद बैक्टीरिया को अपने अंदर जमा कर लेता है। नमूना इकट्ठा होने के बाद यह सुरक्षित और प्राकृतिक रूप से शरीर से बाहर निकल जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि सभी बैक्टीरिया नुकसान नहीं पहुंचाते। शरीर के लगभग आधे से ज्यादा सेल माइक्रोब्स के होते हैं, जो पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य में अहम भूमिका निभाते हैं। अब तक इनकी गंभीर स्टडी करना मुश्किल था, क्योंकि स्टूल टेस्ट से पूरी तस्वीर नहीं मिल पाती थी। नया उपकरण इन कमियों को दूर करेगा।




## फूलों से सजी आस्था की राह

PTI



बोधगया में काग्यू मोनलम प्रार्थनाओं के दौरान आस्था और शांति का मनमोहक दृश्य देखने को मिला। बौद्ध भिक्षु बड़े-बड़े वाद्ययंत्र लिए 17वें करमापा त्रिनले थाये दोरजे के स्वागत में कतारबद्ध खड़े हैं। फूलों से सजी राह, संगीत की गूंज और अनुशासित कदम बौद्ध परंपरा की गहराई को बयां कर रहे हैं।

**पकती सियासी खिचड़ी: संसद के हर सत्र में लगती है खास रसोई, सांसदों से स्टाफ तक सभी की होती है दावत**

# पक्ष हो या विपक्ष, गडकरी के मराठी टेस्ट के सभी हैं दीवाने

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली :** नितिन गडकरी की स्वादिष्ट रसोई। संसद का कोई भी सत्र हो, हर सत्र में नए संसद भवन के रूम नंबर-31 में एक अनोखी रसोई सब को मोह लेती है। मराठी में 'स्वयंपाक' घर के नाम से मशहूर ये रसोई पक्ष-विपक्ष के सांसदों से लेकर संसद कर्मचारियों में भी बेहद लोकप्रिय है। ये रसोई है, केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी की। तमाम वीआईपी मेहमानों को नितिन गडकरी कभी भी खास मराठी स्वाद वाला ये नाश्ता कराए बिना जाने नहीं देते। चाहे इन वीआईपी में कोई सत्ता पक्ष का मंत्री और मेंबर हो या फिर विपक्ष का कोई भी सांसद।

वह खुद हर दिन के हिसाब से मेन्यू तय करते हैं। संसद सत्र चलने के दौरान आमतौर पर सप्ताह में दो दिन बुधवार-गुरुवार को यह मराठी टेस्ट यहां मिलता है। क्योंकि इन दोनों दिन उनके मंत्रालय का संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल होता है। जिसमें सांसदों की समस्या के समाधान के लिए मंत्रालय के तमाम अधिकारियों को भी बुलाया जाता है। आम तौर पर गडकरी इन्हीं दिनों संसद में होते हैं। वह अपने दिल्ली के 2, मोतीलाल नेहरू प्लेस स्थित सरकारी बंगले से खाना-पीना बनवाकर संसद भवन में अपने ऑफिस में मंगवाते हैं।

वहां दो दिनों में 600 से अधिक वीआईपी और उनके जानकार उनसे मिलने आते हैं। गडकरी की इस रसोई में महाराष्ट्र का फेमस वड़ा-पाव, पोहा, मिसल पाव, पूरन पोली और साबूदाना खिचड़ी समेत अन्य नाश्ता होता है। इनका मसाला भी वह नागपुर से ही मंगाते हैं। नाश्ते की तैयारी पहले दिन कर ली जाती है। स्टाफ का कहना है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की यह परंपरा अभी दो-चार साल से नहीं बल्कि 2014 में जब से वह केंद्रीय मंत्री बने हैं, तब से चल रही है। भले ही संसद का कोई भी सत्र हो। उनके संसदीय दालान (संसदीय ऑफिस) में उनकी पसंद से तैयार मेन्यू का मराठी टेस्ट वाला नाश्ता जरूर चखने को मिलता है। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के अलावा वह मेहमान भी होते हैं, जो वैलिड पास से संसद भवन में प्रवेश कर उनसे मिलने के लिए उनके ऑफिस में आ जाते हैं।

## देश-विदेश

# हिजाब कांड: महबूबा ने उठाए नीतीश पर सवाल

■ भाषा, श्रीनगर

**पीपल्स डेमोक्रेटिक** पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के चेहरे से हिजाब हटाने की घटना से उन्हें गहरा सदमा लगा है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार के पद पर बने रहने पर भी सवाल उठाए।

महबूबा मुफ्ती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नीतीश जी की प्रशंसक रही हूं, उन्हें एक युवा मुस्लिम महिला का नकाब खींचते देखकर मुझे गहरा सदमा लगा है। क्या कोई इसे बढ़ती उम्र से जोड़ेगा या मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने वाली सामान्य घटना कहेगा।' उन्होंने कहा कि यह तथ्य और भी अधिक परेशान करने वाला है कि उनके आसपास के लोगों ने इस भयावह घटना को एक तरह के मनोरंजन के रूप में देखा। नीतीश साहब, शायद अब आपके इस्तीफे का समय आ गया है? एक वीडियो में नीतीश को एक समारोह में एक मुस्लिम महिला का नकाब हटाने की कोशिश करते देखा जा सकता है।

वहीं, आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि ये दृश्य विचलित करने वाले थे और गंभीर चिंताएं पैदा करते हैं।



हिजाब हटाने का विडियो वायरल हुआ।

### मंत्री ने पल्ला झाड़ा

■ **आईएएनएस, पटना।** आयुष चिकित्सकों को दिए जा रहे नियुक्ति पत्र के दौरान सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक महिला का हिजाब हटाने की कोशिश पर विपक्ष लगातार हमलावर है। इस बीच नीतीश सरकार में मंत्री मोहम्मद जमा खानने कहा कि मामला जो भी हो, हम इसमें शामिल नहीं होना चाहते। उनका कहना है कि हम तो सिर्फ पार्टी के कार्यकर्ता हैं और बड़े फैसले सीनियर नेता लेते हैं।

# SIR: मीडिया रिपोर्ट पर EC से जवाब मांगने से इनकार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) से उस मीडिया रिपोर्ट पर जवाब मांगने से इनकार कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया के दौरान मतदाता नामों को हटाने के लिए लाखों पूर्व-भरे (pre-filled) नोटिस केंद्रीय स्तर से जारी किए गए। अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि जब तक कोई मुद्दा शपथ पत्र (affidavit) के माध्यम से औपचारिक रूप से रिकॉर्ड पर न लाया जाए, तब तक अदालत मीडिया रिपोर्टों से प्रभावित नहीं हो सकती।



बेंच बिहार में SIR प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान, असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने एक अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, मतदाताओं के नामों को हटाने के लिए लाखों पूर्व-भरे नोटिस केंद्रीय निर्वाचन आयोग से मतदाताओं को भेजे गए, जबकि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत ऐसे नोटिस जारी करने का अधिकार केवल स्थानीय निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ERO) को है। भूषण ने तर्क दिया कि इससे केंद्रीकृत हस्तक्षेप का संकेत मिलता है।

# कुपवाड़ा में ब्लास्ट, जवान शहीद

■ **भाषा, श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बारूदी सुरंग में विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, '13 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री' के हवलदार जुबैर अहमद सोमवार को सीमावर्ती जिले के केरन क्षेत्र स्थित पुतहा खान गली में बारूदी सुरंग में विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि घायल जवान को द्रुगमुल्ला स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# उच्च शिक्षा में सिंगल रेगुलेटर वाला बिल JPC के पास भेजने को मंजूरी

**बिल में व्यवस्था, UGC, AICTE जैसी संस्थाओं की जगह एक आयोग होगा | JPC में लोकसभा से 21 सदस्य और राज्यसभा से 10 सदस्य होंगे**

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** लोकसभा ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक सिंगल पॉइंट रेगुलेटर बनाने से जुड़े बिल 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025' को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बिल को दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति के पास भेजे जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की। समिति में लोकसभा के 21 सदस्य और राज्यसभा के 10 सदस्य होंगे। यह समिति बजट सत्र 2026 के पहले भाग के आखिरी दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

समिति के सदस्यों के जितने भी सवाल होंगे, उनका जवाब दिया जाएगा। बिल के प्रावधानों में कहा गया है कि उच्च शिक्षा आयोग (यानी सिंगल पॉइंट रेगुलेटर) की जिम्मेदारी राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। इसके तहत सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों, शिक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक दायरे में काम करने वाले राष्ट्रीय महत्व के संस्थान शामिल होंगे। IIT, NIT, IISc, IISER, IIM और IIIT उच्च शिक्षा आयोग के दायरे में होंगे। राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की मूल स्वायत्ता बरकरार रहेगी।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बिल को दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति के पास भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की।

### बिल में ऐसे हैं प्रावधान...

12 दिसंबर 2025 को PM मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद में पेश करने के लिए विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 को मंजूरी दी। इसमें 'उच्च शिक्षा या अनुसंधान संस्थानों और वैज्ञानिक एवं तकनीकी संस्थानों में समन्वय और मानकों के निर्धारण' का प्रावधान है। विधेयक में तीन परिषदों के साथ एक शीर्ष निकाय के रूप में विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान की स्थापना का प्रावधान है। इसमें विकसित भारत शिक्षा विनियमन परिषद (रेगुलेटरी काउंसिल), विकसित भारत शिक्षा गुणवत्ता परिषद और विकसित भारत शिक्षा मानक परिषद (स्टैंडर्ड काउंसिल) शामिल हैं।

### 'अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता बढ़ेगी'

सरकार का कहना है कि उच्च शिक्षा में विश्व की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं को अपनाने से भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता में इजाफा होगा। इससे देश के भीतर वैश्विक स्तर पर मानकीकृत संस्थानों की स्थापना में सुविधा होगी, जिससे भारत को ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। घरेलू प्रतिभा को बनाए रखा जा सकेगा। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित किया जा सकेगा।

# पुराने हो चुके 71 कानूनों को रद्द करने वाला बिल लोकसभा में पास

■ **भाषा, नई दिल्ली :** अप्रचलित और पुराने हो चुके 71 कानूनों को समाप्त करने या संशोधित करने के प्रावधान वाले 'निरसन और संशोधन विधेयक, 2025' को लोकसभा ने मंगलवार को मंजूरी दे दी।



कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस विधेयक को लेकर विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा, 'यह विधेयक जल्दबाजी में नहीं, सोच-विचार करके लाया गया है और विकसित भारत की दिशा में बढ़ता कदम है।' उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद लगातार कानून बनाए जा रहे हैं, अनावश्यक कानूनों को निरस्त किया जा रहा है,कुछ कानूनों में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा रहा है। उक्त विधेयक गुलामी के अंशों से मुक्ति पाने, विकसित भारत, विरासत पर गर्व करने, एकजुट रहने और कर्तव्य भाव को बढ़ाने के प्रधानमंत्री मोदी के 'पंच प्रण' के तहत लाया गया है।

मेघवाल के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से छह अधिनियमों को निरस्त किया जाएगा और 65 में संशोधन किया जाएगा।

# वनतारा में फुटबॉल स्टार मेसी







### भव्य स्वागत

'फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी ने अनंत अंबानी के वन्यजीव बचाव, निवास और संरक्षण केंद्र वनतारा का मंगलवार को विशेष दौरा किया। इस दौरान मेसी के साथ उनके साथी खिलाड़ी- लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल भी मौजूद रहे। वनतारा पहुंचने पर इन सभी का पारंपरिक तरीके से स्वागत हुआ। उन्होंने पूजा में भी भाग लिया और दुनिया में शांति की कामना की। इसके बाद मेसी ने वनतारा में शेर, तेंदुआ और अन्य लुप्तप्राय जानवर देखे। उन्होंने जिराफ और हाथियों को खाना भी खिलाया। इस दौरान मेसी ने मल्टी-स्पेशियलिटी वाइल्डलाइफ अस्पताल भी देखा।

# कनाडा में अब नया नागरिकता कानून

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कनाडा ने अपने नागरिकता नियमों में बदलाव किया है, जिससे विदेश में जन्मे ज्यादा लोग अब कनाडाई नागरिक बन सकेंगे। नया कानून बिल C-3 15 दिसंबर 2025 से लागू हो गया है। ET के अनुसार, इसके तहत वे लोग, जिन्हें पहले फर्स्ट-जेनरेशन लिमिट या पुराने नियमों की वजह से नागरिकता नहीं मिल पाई थी, अब अपने आप कनाडा के नागरिक माने जाएंगे। नए नियमों के अनुसार, विदेश में जन्मे या गोद लिए गए कनाडाई माता-पिता अब अपने बच्चों को भी नागरिकता दे सकेंगे, बशर्ते माता या पिता ने बच्चे के जन्म या गोद लिए जाने से पहले कम से कम तीन साल (1,095 दिन) कनाडा में शारीरिक रूप से समय बिताया हो। यह कानून वंश के आधार पर मिलने वाली नागरिकता की व्यवस्था को आधुनिक बनाता है और विदेश में जन्मी पहली पीढ़ी से आगे भी पात्रता को बढ़ाता है।

नागरिकता के लिए फर्स्ट जेनरेशन लिमिट की बाध्यता नहीं

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG15 User: ccl Time: 12-16-2025 23:48 Color:



मुंबई के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू मैच से पहले एक भी रात मेरी नींद नहीं उड़ी थी, लेकिन विमिंस वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड मैच से पहले कुछ दिन मेरी रातों की नींद उड़ गई थी क्योंकि वह मैच हर हाल में जीतना था। -अमोल मजूमदार, हेड कोच, भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम



**195**

विकेट 36 एशेज टेस्ट में लिए हैं शेन वॉर्न ने। वह इंग्लैंड के खिलाफ द एशेज टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले बॉलर हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. WTA प्लेयर ऑफ द ईयर 2025 आरिना सबालेंका किस देश की है?
A) बेलारूस B) अमेरिका C) फ्रांस D) रूस
2. एशेज टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट किस बोलर के नाम है?
A) शेन वॉर्न B) ग्लेन मैक्ग्रा C) बॉब विलिस D) इयान बॉथम

**कल के जवाब**
1. B) 6, 2. C) अबू धाबी

**लकी WINNER**
1-नवनीत गुप्ता, गाजियाबाद, यूपी
2-राजीव श्रीवास्तव, लखनऊ, यूपी
3-अमिता जैन, काशी गांव, ठाणे, महाराष्ट्र

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### ऐश्वर्य प्रताप का वर्ल्ड रेकॉर्ड

■ **नई दिल्ली:** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन फाइनल में 470.5 का वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल जीता। नौसेना के नीरज कुमार ने सिल्वर और उत्तर प्रदेश के अखिल श्योराण ब्रॉन्ज जीता। गुरजोत सिंह ने 55 निशाने लगाकर पुरुषों की स्कीट स्पर्धा जीती। उन्होंने नौ बार के राष्ट्रीय चैंपियन मेराज अहमद खान (54 निशाने) को हराया।

### साइकलिंग: भारत करेगा मेजबानी

■ **नई दिल्ली:** भारतीय साइकलिंग के इतिहास में पहली बार उपमहाद्वीपीय पुरुष टीम एलीट रोड रेस पहले यूसीआई 2.2 बजाज पुणे ग्रां टूर 2026 का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक होगा। इस टूर से अंतरराष्ट्रीय साइकलिंग कैलेंडर का आगाज होगा। यह चार दिन तक चलने वाली चार चरण की 437 किलोमीटर की पुरुष टीम रोड रेस है।

### बॉक्सर अनवर ने किया कमाल

■ **दुबई:** भारतीय बॉक्सर फैजान अनवर ने यहां 10 राउंड तक चले कड़े मुकाबले में रूस के खुसेन बायसांगुरोव को हराकर डब्ल्यूबीए (विश्व मुक्केबाजी संघ) अंतरमहाद्वीपीय चैंपियनशिप जीती।

# Gen-Z की ओर बढ़ी चेन्नै सुपरकिंग्स

**IPL 2026 मिनी ऑक्शन**

■ **एजेंसियां, अबू धाबी:** प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा उस समय पैदा भी नहीं हुए थे जब महेंद्र सिंह धोनी एक सितारा बन चुके थे। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के शुरुआती वर्षों में जब 'कैप्टन कूल' कामयाबी की नई दास्तान लिख रहे थे तब ये दोनों क्रिकेटर बच्चे ही थे। उन्नीस बरस के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक और 20 वर्ष के बाएं हाथ के स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर वीर ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि चेन्नै सुपरकिंग्स उन पर 14 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च करेगी और वह धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करेंगे। धोनी और संजू सैमसन के रहते कार्तिक को खेलने का मौका मिलेगा या नहीं? क्या वीर को रविंद्र जडेजा के विकल्प के तौर पर तैयार किया जाएगा? इन सवालों के जवाब के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। मगर, IPL 2026 के लिए अबू धाबी में हुए मिनी ऑक्शन को देखते हुए लगता है कि चेन्नै सुपरकिंग्स ने भविष्य की ओर देखते हुए फैसला कर लिया है। हमेशा अनुभव पर जोर देने वाली चेन्नै की टीम ने ऐसे युवा खिलाड़ियों पर कम ही निवेश किया है जिन्हें आजमाया नहीं गया हो। धोनी के दौर के बाद टीम मैनेजमेंट नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अनुसार टीम तैयार कर रहा है। कोलकाता नाइटराइडर्स के साथ पंद्रह बरस तक रहे एअर श्रीकांत ने स्थानीय और वैश्विक प्रतिभाओं को पहचानने में अहम भूमिका निभाई है। अब वह चेन्नै टीम के प्रतिभा और खिलाड़ी खरीद प्रमुख हैं। उन्होंने अगर कुल जमा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 21 मैचों का अनुभव रखने वाले वीर और कार्तिक को चुना है तो दोनों में कुछ तो बात होगी। इसके साथ ही यह संकेत है कि चेन्नै की टीम अब 'Gen Z' (1997 से 2012 के बीच जन्मे) की ओर बढ़ गई है।

**विदेशी खिलाड़ियों पर बड़ी बोली:** बांग्लादेश के बाएं हाथ के पेसर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता ने चेन्नै के साथ कई दौर की बोली के बाद 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंग्लैंड के बैटर लियम लिविंगस्टोन को खरीदने के लिए 13 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स ने ऑस्ट्रेलियन विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस की सेवाएं 8.60 करोड़ रुपये में हासिल कीं। इन दोनों के नाम पर नीलामी की शुरुआती दौर में किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनोली को पंजाब किंग्स ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा।



प्रशांत वीर ₹14.20 cr CSK

| | |
|---|---|
| बेस प्राइस | 30 लाख रुपये |
| उम्र | 20 साल |
| राज्य | उत्तर प्रदेश |
| रोल | स्पिनर, बैटर |
| IPL टीम | चेन्नै सुपरकिंग्स |



कार्तिक शर्मा ₹14.20 cr CSK

| | |
|---|---|
| बेस प्राइस | 30 लाख रुपये |
| उम्र | 19 साल |
| राज्य | राजस्थान |
| रोल | विकेटकीपर बैटर |
| IPL टीम | चेन्नै सुपरकिंग्स |

**13** प्लेयर्स को खरीदा KKR ने जो इस ऑक्शन में सर्वाधिक है

**29** विदेशी खिलाड़ी खरीदे गए IPL 2026 के लिए मिनी ऑक्शन में

**77** खिलाड़ियों को खरीदा ऑक्शन में लीग की 10 टीमों ने

**215.45** करोड़ रुपये कुल खर्च किए टीमों ने मिनी ऑक्शन में

### अनजाने चेहरों पर बड़ा दांव



आकिब नबी

इस नीलामी में 'अनकैप्ड' (इंटरनैशनल मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय खिलाड़ियों को बड़ी सफलता मिली। यूपी के प्रशांत के अलावा राजस्थान के कार्तिक को चेन्नै सुपरकिंग्स पर 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। दोनों खिलाड़ी 30 लाख रुपये के बेस प्राइस में आने के बाद IPL ऑक्शन के इतिहास में सबसे अधिक कीमत पाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। दिल्ली कैपिटल्स ने भी इस ऑक्शन में सबसे अधिक कीमत अनकैप्ड खिलाड़ी आकिब नबी डार को दी। जम्मू-कश्मीर के पेसर आकिब को 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा गया। RCB ने मध्य प्रदेश के बाएं हाथ के पेसर मंगेश यादव को 5.20 करोड़ रुपये में खरीदा। कुल 77 बिके खिलाड़ियों में 39 अनकैप्ड रहे। सबसे अधिक आठ अनकैप्ड खिलाड़ी SRH ने खरीदे।

### 19वां सीजन 26 मार्च से 31 मई तक



इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन का आयोजन 26 मार्च से 31 मई तक किया जाएगा। यह देखना होगा कि भगदड़ में लोगों की मौत के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सभी बड़े क्रिकेट आयोजन रुकने के बाद गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के घरेलू मैदान को मेजबानी का मौका मिलता है या नहीं। स्थापित नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू टीम RCB ने IPL 2025 का खिताब जीता था।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में 2-1 से आगे है भारत

# आज सीरीज़ जीत और कप्तान सूर्य व उपकप्तान गिल पर होगा सारा फोकस

**टी20I सीरीज, चौथा मैच**

■ **NBT रिपोर्ट/एजेंसी, लखनऊ:** भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। चौथे टी20 मैच में भारतीय टीम का फोकस सीरीज जीत पर तो होगा ही, कप्तान सूर्यकुमार यादव और उप-कप्तान शुभमन गिल से उम्दा पारियों की भी उम्मीद होगी। सूर्य और गिल हाल के दिनों में इस फॉर्मेट में खराब लय में रहे हैं। तीसरे मैच में सूर्य के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था जिसने उन्हें दुनिया का टॉप टी20 का बैटर बनाया था।

**एक भी फिफ्टी नहीं:** कप्तान के आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बताते हैं। भारतीय कप्तान एक साल से अधिक समय से लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। मौजूदा सीजन में इस फॉर्मेट में उनका ऐवरेज 15 से कम है। इसके अलावा 2025 में उनके नाम कोई फिफ्टी नहीं है जो उनके करियर में इस तरह का सबसे लंबा चरण है। वह इस दौरान केवल दो बार 20 गेंद से अधिक बैटिंग करने में सफल रहे हैं। गिल का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। उनके पारी का आगाज करने से भारत का टॉप ऑर्डर अस्थिर हो गया है। गिल ने अच्छी तरह से स्थापित संजू सैमसन की जगह ली। गिल ने टी20 इंटरनैशनल में उस बल्लेबाज की झलक नहीं दिखाई है, जो वह टेस्ट और वनडे में हैं। वह तीसरे टी20 में सिर्फ 28 रन ही बना पाए थे।



सूर्यकुमार लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मंगलवार को प्रैक्टिस सेशन के दौरान

**21 पिछली** टी20I पारियों से सूर्यकुमार यादव के बल्ले से एक भी अर्धशतक नहीं निकला है

**5 बार** अर्शदीप सिंह ने क्विंटन डीकॉक का शिकार किया है टी20 क्रिकेट में 56 गेंदों पर सिर्फ 66 रन देकर

सूर्यकुमार ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने दम पर पासा मैच जिता सकते हैं। अगर वह फॉर्म में नहीं हैं तो इसके यह मायने नहीं है कि वह अच्छे खिलाड़ी नहीं हैं। -शिवम दुबे, भारतीय ऑलराउंडर

| आमने सामने | 34 | 20 | 13 |
|---|---|---|---|
| | कुल मैच | भारत जीता | सा. अफ्रीका जीता |

**संभावित प्लेइंग XI**

**भारत:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा

**साउथ अफ्रीका:** रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, ओटनील बार्टमैन, एनरिच नॉर्त्जे

**पिच व मौसम:** लखनऊ में भी ठंड होगी, लेकिन धर्मशाला जैसी नहीं। तापमान के 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जिससे स्पिन-अनुकूल पिच तैयार करना अब भी मुश्किल रहेगा। काफी ओस रहने की संभावना है।

LIVE टेलिकास्ट: शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

## हरियाणा-झारखंड के बीच होगी खिताबी जंग



हैदराबाद पर जीत का जश्न मनाते हरियाणा के प्लेयर्स

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी** सुपर लीग मुकाबले

■ **एजेंसियां, आम्बी (पुणे):** सामंत जाखड़ (60 रन, 22 गेंद) और अंकित कुमार (57 रन, 27 गेंद) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत हरियाणा ने मंगलवार को हैदराबाद को 124 रनों से करारी शिकस्त देकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की की जहां उसका सामना झारखंड से होगा। सामंत और अंकित के अलावा पार्थ वत्स ने आखिर में 19 गेंद पर 45 रन बनाए जिससे हरियाणा ने सात विकेट पर 246 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.1 ओवर में 122 रन पर ऑल आउट हो गई। **इससे पहले** झारखंड ने आंध्र प्रदेश से नौ रन से हार के बावजूद सुपर लीग ग्रुप-ए में टॉप पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया। आंध्र ने सात विकेट पर 203 रन बनाए और झारखंड को आठ विकेट पर 194 रन पर रोक दिया।

**मुंबई के लिए सरफराज की रेकॉर्ड फिफ्टी**

राजस्थान पर जीत के दौरान मुंबई के लिए सरफराज खान ने 22 गेंद में 73 रन की तूफानी पारी खेली। सरफराज ने अपनी पारी के दौरान 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और मुंबई की ओर से फास्टेस्ट फिफ्टी के अपने ही 18 गेंद के पुराने रेकॉर्ड को और बेहतर किया।

## बड़ी जीत में अभिज्ञान और दीपेश का यादगार प्रदर्शन

**अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट** भारत Vs मलयेशिया

■ **एजेंसियां, दुबई:** अभिज्ञान कुंडु के रेकॉर्ड 209* रन और दीपेश देवेंद्रन के पांच विकेट की मदद से भारत ने अंडर-19 एशिया कप मैच में मंगलवार को मलयेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से यूथ वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था। कुंडु यूथ वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। उन्होंने अपनी नाबाद पारी में 125 गेंदों का सामना करके 17 चौके और नौ छक्के लगाए जिसकी मदद से भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। सत्रह वर्ष के कुंडु साउथ अफ्रीका के जोरिच वान शाल्कविक के बाद यूथ वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज हो गए। जोरिच ने इस साल की शुरुआत में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ 153 गेंद में 215 रन बनाए थे।

**मलयेशिया का सरेंडर:** जवाब में दाहिने हाथ के मीडियम पेसर देवेंद्रन ने 22 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए मलयेशियन बैटिंग की कमर तोड़ दी। मलयेशिया की टीम 32.1 ओवर्स में 93 रन पर आउट हो गई। भारत के लिये वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंद में 50 रन बनाए। उन्होंने यूएई के खिलाफ इसी टूर्नामेंट में 171 रन की पारी खेली थी। चौथे नंबर पर उतरे वेदांत त्रिवेदी और कुंडु ने चौथे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की। कुंडु ने अपनी पारी में 55 सिंगल निकाले। वेदांत ने 90 रन बनाए।



अभिज्ञान कुंडु
**209*** रन
**125** गेंद
**17** चौके
**9** छक्के

**1** पहले भारतीय क्रिकेटर बने अभिज्ञान कुंडु, यूथ वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले

## सबालेंका साल की बेस्ट प्लेयर चुनी गईं

**WTA अवॉर्ड्स**



आरिना सबालेंका

■ **एजेंसियां, न्यूयॉर्क:** आरिना सबालेंका ने लगातार दूसरी बार विमिंस टेनिस असोसिएशन (WTA) की साल की बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड जीता। उन्हें यूएस ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सीजन का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से लगभग 80 प्रतिशत वोट मिले। बेलारूस की सबालेंका पिछले 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

## वनडे में मंधाना बनीं नंबर-1



■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनर स्मृति मंधाना वनडे फॉर्मेट में दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट को पछाड़कर मंधाना ने टॉप रैंकिंग्स हासिल की। मंधाना को एक स्थान का फायदा हुआ है, जबकि वोल्वार्ड्ट को एक स्थान का नुकसान हुआ है। भारतीय बैटर जेमिमा रॉड्रिग्स 10वें पर हैं।

## सात्विक-चिराग को मिला 'ग्रुप ऑफ डेथ'

■ **एजेंसियां, हांगझोउ:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बुधवार से शुरू होने वाली सीजन की अंतिम प्रतियोगिता BWF (बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन) वर्ल्ड टूर फाइनल्स में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। भारत की टॉप मेंस डबल्स जोड़ी को इस ग्रुप में जगह मिली है, जिसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ टॉप खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं, जिनका सिलेक्शन वर्ल्ड टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। दुनिया की पूर्व नंबर एक सात्विक और चिराग की जोड़ी इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि है।



सात्विक-चिराग की जोड़ी

## कमिंस और लियोन टीम में लौटे

**तीसरा टेस्ट मैच**

■ **एजेंसियां, एडिलेड:** चोट के कारण एशेज सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट से बाहर रहे पैट कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने जा रहे सीरीज के तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी संभालेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम में ब्रेंडन डॉगेट और माइकल नेसर की जगह कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन की बोलिंग अटैक में वापसी हुई है, जबकि टॉप-7 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसका मतलब है कि जोश इंग्लिस सातवें नंबर पर बरकरार रहेंगे। अपने 39वें जन्मदिन से सिर्फ दो दिन दूर अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा को ऑस्ट्रेलिया की इलेवन में जगह नहीं मिली।

**बांधेंगे काली पट्टी:** बोन्डी बीच गोलीबारी के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी इस टेस्ट में काली पट्टी बांधकर खेलेंगे और झंडे आधे झुकाए जाएंगे।



पैट कमिंस

द एशेज

**प्लेइंग XI**

**ऑस्ट्रेलिया:** जैक वेदराल्ड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड।

**इंग्लैंड:** जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, जोश टंग, ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

टेलिकास्ट: सुबह 5 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES (21 Mar - 19 Apr):** आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। वृश्चिक राशि का चंद्रमा आपके सामने ढेर सारी परेशानियां खड़ी करेगा। उपरोक्त आज के दिन नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप समय पर पूरा करेंगे। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश दिलाएगी।

**TARUS (20 Apr - 19 May):** आज का अच्छा दिन शुभ है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं।

**GEMINI (21 May - 21 Jun):** आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध भाग्य स्थान विभूति भाव में केतु के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता बढ़ाएगा। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। आपके भाग्योदय का दिन है, इसलिए क्रियाशील रहें।

**CANCER (22 Jun - 22 July):** आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आपके द्वारा लिया गया निर्णय आपके लिए लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। आज दिनभर भागदौड़ रहने से आप थकावट महसूस करेंगे। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना न भूलें, अन्यथा आंख व उदर संबंधी कष्ट हो सकते हैं।

**LEO (23 July - 22 Aug):** आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड्यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही लंबित आपकी समस्याएं भी समाप्त हो जाएंगी। नया परिचय मिलना भी फायदेमंद हो सकता है।

**VIRGO (23 Aug - 22 Sep):** राशि का स्वामी बुध अपने से तृतीय पराक्रम भाव पर संचार कर रहा है। इसके फलस्वरूप कुटुंबों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप मिसाल बने रहेंगे। संतान पक्ष के सुखद समाचार और दांपत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

**LIBRA (23 Sep - 22 Oct):** आपकी राशि का स्वामी शुक्र द्वितीय कोष केंद्र भाव में और आज शत्रु स्थान शत्रु भाव में है। आर्थिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। कुछ शत्रु सक्रिय रहेंगे और हो सकता है आज कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी कुछ रुकावटें डालने का प्रयास करें। दिन के एक हिस्से में व्यर्थ की भागदौड़ और परिवारिक अशांति विशेष रूप से रहेगी।

**SCORPIO (23 Oct - 21 Nov):** आपकी राशि पर शनि और राहु वृश्चिक राशि पर गोचर से आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में संपन्न हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएं तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec):** राशि का स्वामी बृहस्पति कर्क में है। चंद्रमा आज व्यय भाव में संचार कर रहा है। राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन-धान्य की वृद्धि, प्रिय मित्रों से भेंट, मित्रों व शत्रुओं पर विजय और मनोरथ सिद्धि होगी। सायंकाल से रात्रि में मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan):** आज दिन की शुरुआत में आप उत्साह से भरे रहेंगे और नए विचार भी आपके दिमाग में आएंगे। आज सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्च अधिकारियों की कृपा से जटिल जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। सायंकाल के समय स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb):** राशि स्वामी शनि द्वितीय भाव धन में मीन राशि में अपने पर संचार कर रहा है। कर्मफल की सिद्धि कराता है। कहीं से रुका हुआ धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से चला आ रहा कोई विवाद सुलझ जाएगा।

**PISCES (19 Feb - 20 Mar):** आप हमेशा लोगों की सहायता के लिए तैयार रहते हैं, इसलिए आज भी आपके दिन का एक हिस्सा दूसरों की सहायता करने में बीतेगा। आज पूरे दिन आप के मन खोई सामने आएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कल्पनाशीलता विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। आपके भाग्य का सितारा दिन में चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभदायक रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष चंद्र, गुरु वर्ष के स्वामी बन रहे हैं। वर्ष सूर्य पाद से प्रवेश कर रहा है। दिसंबर महीने से जनवरी 2026 तक शुभ व्यय, कीर्ति की वृद्धि, स्थान परिवर्तन और मनोवांछित सिद्धि होगी। इस दौरान घर-परिवार में सुख-शांति और स्थिरता बनी रहेगी। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक का समय स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है, फिर भी नियमित कार्यक्रमों में परिवर्तन लाने से यथोचित लाभ हो जाएगा। अप्रैल महीने तक सभी रुके हुए कार्य कुछ हद तक और व्यय बनने से बढ़ जाएंगे। मई माह की शुरुआत से लेकर जून माह के अंत तक मे मंगल कार्य की योजना बनेगी। इस दौरान अपने व्यापार में नवीनता लाएंगे, तो लाभ होगा। जुलाई महीने की शुरुआत से लेकर अगस्त महीने के अंत तक सफलतापूर्ण यात्रा और पर्यटन के योग हैं। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी और यात्रा के दौरान किसी ऐसे व्यक्ति से भेंट होगी, जो आगे चलकर आपके काम आएगा। सितंबर महीने में अपने ज्ञान व मनोरंजन पर खर्च करना सुखद सिद्ध होगा। अक्टूबर महीने के उत्तरार्ध आर्थिक व्यवस्था का है। नवंबर महीने में अच्छे परिणाम के लिए कनकधारा स्तोत्र का पाठ विद्वान ब्राह्मण द्वारा कराएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (बृहस्पतिवार, 18 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति मार्गशीर्ष 27, शक संवत 1947, पौष, कृष्ण, चतुर्दशी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 4, जमादि उस्सानी 26, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 18 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। चतुर्दशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 4 बजकर 50 मिनट तक उपरांत अमावस्या तिथि का आरंभ। अनुराधा नक्षत्र रात्रि 8 बजकर 7 मिनट तक। धृतिमान योग अपराह्न 3 बजकर 6 मिनट तक। विष्टि करण अपराह्न 3 बजकर 48 मिनट तक उपरांत शकुनादि करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - श्री प्रदोष व्रत।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 6 | | 4 | 2 | | |
| | | | 1 | | 9 | | | |
| 5 | 6 | | | 2 | | | 1 | 3 |
| | 9 | | | | | | 2 | |
| 1 | 7 | | 8 | | 2 | | 3 | 5 |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| 8 | 5 | | | 7 | | | 4 | 6 |
| | | | 9 | | 1 | | | |
| | | 2 | 5 | | 6 | 7 | | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09.00 गप्पू डब्बू | 13.30 भ से भड़े |
| 10.00 बदहुए बुझक | 14.00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11.00 राज्य के रक्षक | 15.00 लिटिल कृष्णा |
| 12.00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17.00 कालू डबलू |
| 12.30 हम पांच | 18.00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13.00 राज्य के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: ccl Time: 12-17-2025 00:20 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**


## आज ही उड़ा था पहला प्लेन

आज के दिन, 17 दिसंबर 1903 को अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में दो भाइयों- ऑरविल और विल्बर राइट ने पहली बार इंजन से चलने वाला विमान उड़ाया। गैसोलीन इंजन वाले बाइप्लेन को ऑरविल ने उड़ाया, जो 12 सेकंड तक हवा में रहा और 120 फुट चला। साइकल मरम्मत से शुरू हुआ उनका सफर लंबे प्रयोगों के बाद सफल हुआ। इस उड़ान के साथ आधुनिक विमानन युग की शुरुआत हुई।



## भविष्य में एयर टैक्सी होगी आम

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में विमानन पूरी तरह बदल जाएगा। एयर टैक्सी आम हो जाएगी और शहरों में छोटी दूरी की उड़ानें रोजमर्रा की बात होंगी। विमान ज्यादा सुरक्षित होंगे, क्योंकि एआई और ऑटोमेशन उड़ानों को नियंत्रित करेंगे। हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक विमान प्रदूषण कम करेंगे। यात्रियों के लिए सफर बेहद आरामदायक, शांत और तेज होगा। चेक-इन से लेकर लैंडिंग तक सब कुछ आसान और स्मार्ट होगा। दुनिया और भी नजदीक महसूस होगी।



AI Image

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

**1** जॉर्डन के किंग का नाम क्या है?
A. अब्दुल्ला द्वितीय B. शाह सलमान C. मिशाल अल-सबाह

**2** किस ड्रग को US ने सामूहिक विनाश का हथियार बताया है?
A. मारिजुआना B. वीड C. फेंटानिल

**3** सिडनी में हुए हमले को ऑस्ट्रेलिया ने किस संगठन से प्रेरित कहा है?
A. इस्लामिक स्टेट B. अल-कायदा C. जैश-ए-मोहम्मद

**4** ट्रंप ने किस न्यूज संस्थान पर केस किया है?
A. CNN B. ABC C. BBC

**5** IPL नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी का रेकॉर्ड किसके नाम है?
A. मिशेल स्टार्क B. कैमरन ग्रीन C. मथीशा पथिराना

**कल के जवाब**

A1 A. संजय सरावगी A2 C 125 A3 B. जोसे एंटोनियो कास्ट A4 A. राज कुमार गोयल A5 B. 22 अप्रैल

**लकी विनर्स**



1. ओम प्रकाश, लखनऊ
2. डॉ. रंजना श्रीवास्तव, दिल्ली
3. संतोष वीर, दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# भारत-जॉर्डन में 5 समझौते, मोदी बोले- नए रास्ते खुलेंगे

## मोदी ने किंग अब्दुल्ला द्वितीय से बात की, कहा- साझेदारी मज़बूत

■ पीटीआई, अम्मान

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को कहा कि किंग अब्दुल्ला द्वितीय के साथ उनकी बातचीत ने कई क्षेत्रों में भारत-जॉर्डन साझेदारी को मजबूत किया है। दो दिनों की यात्रा के अंत में मोदी ने कहा, 'मेरी जॉर्डन यात्रा बेहद फलदायी रही है।' उन्होंने शाह अब्दुल्ला द्वितीय और जॉर्डन के लोगों को उनकी असाधारण मित्रता के लिए धन्यवाद दिया।

> भारत जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार:PM

भारत और जॉर्डन के बीच नवीकरणीय ऊर्जा, जल संसाधन प्रबंधन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और डिजिटल समाधान के क्षेत्रों समेत 5 समझौते हुए। पीएम ने कहा कि हमने मिलकर जो परिणाम हासिल किए हैं, वे हमारे नागरिकों के लिए प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत से पहले सोमवार को मोदी ने शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ आमने-सामने बैठक की। मंगलवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने अपने देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की सराहना की।



### व्यापार दोगुना करेंगे: पीएम

मोदी ने भारत-जॉर्डन द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्ष में दोगुना करके पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा। साथ ही उन्होंने जॉर्डन की कंपनियों को देश की उच्च आर्थिक वृद्धि का फायदा उठाने और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए आमंत्रित किया। मोदी और किंग ने भारत-जॉर्डन व्यापार मंच को मंगलवार को संबोधित किया। जॉर्डन, के बाद पीएम मंगलवार को इथियोपिया पहुंच गए। वह ओमान भी जाएंगे।

### मोदी को कार से ले गए प्रिंस

भारत और जॉर्डन के संबंधों में गर्मजोशी को दर्शाते हुए अरब देश के प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी को खुद गाड़ी चलाकर जॉर्डन म्यूजियम लेकर गए। युवराज पैगंबर मोहम्मद की 42वीं पीढ़ी के वंशज हैं। मोदी ने कहा कि वह म्यूजियम में जॉर्डन के इतिहास और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दिखाने के लिए अल-हुसैन के प्रति आभारी हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने युवराज के साथ काफी बातचीत की।

## अस्पताल में दूषित रक्त चढ़ाया, छह बच्चे HIV संक्रमित

> मध्य प्रदेश का मामला, एक के मां-बाप भी प्रभावित

■ **भाषा, सतना/भोपाल :** मध्यप्रदेश के सतना स्थित जिला अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित छह बच्चे एचआईवी संक्रमित रक्त (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) चढ़ाए जाने से इस लाइलाज बीमारी के शिकार हो गए हैं। इनमें से एक के माता-पिता भी इसकी चपेट में आ गए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, सारे मामले इस साल जनवरी से मई के बीच सामने आए हैं और सभी पीड़ितों का एचआईवी प्रोटोकॉल के तहत इलाज किया जा रहा है।

सतना के कलेक्टर और मैजिस्ट्रेट सतीश कुमार एस ने कहा, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया जा रहा था। इनमें से नियमित जांच के दौरान छह बच्चे एचआईवी से संक्रमित पाए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल की एक आंतरिक समिति जांच कर रही है और मामले की शासन के उच्च स्तर पर सूचना दी गई है। उन्होंने कहा कि पीड़ित बच्चों का सतना जिला अस्पताल के अलावा जबलपुर जिला अस्पताल और कुछ अन्य जगहों पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन करवाया गया है। सतीश के मुताबिक, चूंकि अलग-अलग ब्लड डोनर, ब्लड बैंक और जांच केंद्र शामिल हैं, इसलिए जिला और राज्य स्तर पर भी जांच के लिए सरकार से आग्रह किया गया है।

## सिर्फ बड़ी कंपनियां ही बनाएं स्लीपर बसें, तैयारी में केंद्र

Maneesh Aggarwal
@timesofindia.com

**नई दिल्ली :** स्लीपर बसों में सफर करने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार बड़ा सख्त कदम उठाने पर काम कर रही है। इसके तहत स्लीपर बसों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए सरकार केवल वोल्वो, मर्सिडीज, टाटा, अशोक लेलैंड और आइशर जैसी बड़ी कंपनियों को ही यह जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी कर रही है। जबकि लोकल स्तर पर बस बनाने वाले बस बॉडी बिल्डर यानी लोकल बस वेंडर्स पर स्लीपर बसों को बनाने पर प्रतिबंध लगाने की प्लानिंग है। ताकि फिर सुरक्षा मानकों को ताक पर रखते हुए देश में स्लीपर बसें बन ही ना पाएं। लोकल बस वेंडरों पर यह प्रतिबंध केवल स्लीपर बसों को बनाने के लिए ही रहेगा।

सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में हाल ही में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय मीटिंग हुई। इसमें 2024 और 2025 में स्लीपर बसों में हुई तमाम दुर्घटनाओं का ब्योरा लिया गया। खासतौर से 14 से 28 अक्टूबर के बीच स्लीपर बसों में आग लगने की हुई पांच बड़ी घटनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पाया गया कि अधिकतर घटनाओं में जो स्लीपर बसें शामिल पाई गईं, वह लोकल बस वेंडरों द्वारा बनाई गई थी। जिनमें आग लगने या बस पलटने जैसी इमरजेंसी स्थिति में यात्रियों के बचने के अधिकतर रास्ते बंद किए हुए थे। लोगों की सुरक्षा को दांव पर लगाकर यह बसें सड़कों पर दौड़ रही थी।



### लोगों की सुविधाजनक यात्रा पर भी विमर्श


विचार विमर्श हो रहा है कि लोकल बस वेंडरों के लिए स्लीपर बस बनाने पर प्रतिबंध लगाने से पहले देश में यह भी देख लिया जाए कि अब देश में जितनी स्लीपर बसों की डिमांड है।

बस वालों का कहना है कि अभी वोल्वो और कुछ हद तक मर्सिडीज कंपनी ऐसी है। जो अपनी बस की चेसिस नहीं देती। बाकी सभी कंपनियां चेसिस दे देती हैं। यह चेसिस 35 से 40 लाख रुपये की होती है। इसके बाद चेसिस पर लोकल वेंडर से बस बॉडी बनवाने में 35 से 40 लाख रुपये का खर्च और आता है। यानी लोकल बस वेंडर से बस बनवाने पर एक स्लीपर 75 से 80 लाख रुपये में पड़ जाती है। वहीं वोल्वो और मर्सिडीज की एक स्लीपर बस की कीमत दो करोड़ और इससे अधिक पहुंच जाती है। ऐसे में सरकार को यह भी ध्यान रखना होगा कि अगर लोकल बस वेंडरों पर स्लीपर बसें बनाने का प्रतिबंध लगाते हैं तो बस मालिकों को स्लीपर बसें उनके बजट में मिल सकें।

## प्रत्यर्पण पर नीरव की अर्ज़ी ब्रिटेन की अदालत ने टाली

■ पीटीआई, लंदन

**भगोड़े हीरा** कारोबारी नीरव मोदी की ब्रिटेन की हाईकोर्ट में प्रत्यर्पण अपील दोबारा खोलने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी गई। यह मामला अब मार्च में सुना जाएगा। सुनवाई इसलिए टली क्योंकि भारतीय अधिकारियों ने मुंबई में नीरव मोदी की सुनवाई से पहले हिरासत को लेकर अदालत को ठोस आश्वासन दिए हैं। नीरव मोदी भारत में धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में मुकदमे का सामना करने के लिए प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील कर रहा है। 54 साल के भगोड़े कारोबारी की प्रत्यर्पण के खिलाफ अर्जी अदालत पहले भी खारिज कर चुकी है।



नीरव मोदी

## ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया अच्छा दोस्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अमेरिका का महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताया है और पीएम नरेंद्र मोदी को अपना बहुत अच्छा दोस्त कहा है। भारत में अमेरिकी एंबेसी ने मंगलवार को X पर एक पोस्ट में ट्रंप के हवाले से कहा, 'भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक का घर है। यह एक अद्भुत देश है और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। पीएम मोदी हमारे बहुत अच्छे मित्र हैं।'



**ट्रंप ने कहा, रूस और यूक्रेन शांति समझौते के करीब:** अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि उनकी शांति योजना के लगभग 90 प्रतिशत बिंदुओं पर यूक्रेन और यूरोप में सहमति है। US के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम शांति समझौते के पहले से कहीं अधिक करीब हैं।'

### ट्रंप ने BBC पर किया मानहानि का केस

**एपी, वॉशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 10 अरब डॉलर के हर्जाने की मांग करते हुए BBC के खिलाफ मुकदमा दायर किया। उसमें उन्होंने ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि के साथ-साथ भ्रामक और गलत तरीके से व्यापार करने का आरोप लगाया। BBC पर मुकदमे में बातों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का आरोप है।

## फेंटानिल 'सामूहिक विनाश का हथियार'

■ **एपी, वॉशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने फेंटानिल को सामूहिक विनाश का हथियार करार देने वाले कार्यकारी आदेश पर सोमवार को दस्तखत कर दिए। ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका का राष्ट्रपति ऑफिस) में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, जॉइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन, वाइट हाउस में सीमा से जुड़े मामलों के प्रमुख टॉम होमन और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में इस आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने कहा कि 'कोई भी बम वह काम नहीं कर सकता, जो यह (फेंटानिल) कर रहा है।'




xmart

To book online visit auto.mahindra.com.

❖ **ए ऑटोमूवर्स प्रा.लि.,** लखनऊ : फैजाबाद रोड, चिनहट, गोमती नगर, बालागंज, बाराबंकी : 8588874326 ❖ **नारायन ऑटोमोबाइल्स,** लखनऊ: शाहनजफ़ रोड, रिंग रोड विकास नगर, अमौसी, तेलीबाग, हरदोई : 9711280595 ❖ **के.एन.मोटर्स प्रा. लि.,** अंसल ए.पी.आई., शहीदपथ लखनऊ : 07948221915, स्टेशन रोड, चारबाग : 07275098026 ❖ **अमित मोटर्स प्रा.लि.,** फैजाबाद, गोण्डा, अम्बेडकरनगर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर : 8527240734 ❖ **मूसाराम इण्टरप्राइजेज लि.,** लखीमपुर खीरी, सीतापुर: 8588827562 ❖ **ओम ऑटो,** रायबरेली : 8588860447 ❖ **मीत एसोसिएट प्रा.लि.,** सुल्तानपुर, अमेठी, तिलोई, गौरीगंज, कादीपुर, जगदीशपुर: 8657769036 ❖ **ओम ऑटोमोबाइल्स प्रा. लि.,** उन्नाव, पुरवा, बांगरमऊ : 7704009177

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: kranti.mishra Time: 12-17-2025 00:19 Color:



# 'शृंखलाबद्ध तरीके से करवाई जाए नए कानूनों पर चर्चा'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सेंट्रल बार असोसिएशन की ओर से 'नए कानूनों में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका' विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए हाई कोर्ट लखनऊ के प्रशासनिक न्यायाधीश राजेश सिंह चौहान ने कहा कि आज के परिवेश में जरूरी है कि नए कानूनों पर चर्चा और व्याख्यान हों। ऐसे कार्यक्रमों को आगे शृंखलाबद्ध करने की आवश्यकता है। इससे अधिवक्ताओं में भी कानून का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ेगा।

न्यायमूर्ति चौहान ने न्यायमूर्ति राजीव सिंह, यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ.जीके गोस्वामी, जिला जज मलखान सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम में सेंट्रल बार असोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल ने पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ.जीके गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान समय में नए कानून के अनुसार अपराधिक घटनास्थलों पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है। पहले विवेचना अधिकारी द्वारा ही यह कार्य किया जाता था। लेकिन, अब 7 साल से अधिक की सजा में फॉरेंसिक एक्सपर्ट का होना आवश्यक है। गोष्ठी में जिला जज मलखान सिंह ने धारा 176(3) पर अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन बार के महामंत्री अवनीश दीक्षित ने किया गया।

सेंट्रल बार असोसिएशन की गोष्ठी में बोले न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान

# बजट समय से खर्च हो, फाइलें न अटकें : योगी

## सीएम ने मंत्रियों के साथ विभागीय प्रगति की समीक्षा की

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ



कहा, वन ट्रिलियन इकॉनमी के लक्ष्यों की करें नियमित समीक्षा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों से कहा है कि उनके विभाग का आवंटित बजट समय से खर्च हो। कार्यों का रियल टाइम डेटा समय से अपलोड किया जाए। मंत्री और अफसर केंद्र के अधिकारियों से नियमित संवाद बनाए रखें, ताकि केंद्रांश समय से प्राप्त हो सके। फाइलें न अटकें, सक्षम अधिकारी उनका समय से निस्तारण करें।

योगी ने मंगलवार को मंत्रियों के साथ उनके विभागों की प्रगति, सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं रैंकिंग और वन ट्रिलियन इकॉनमी के लक्ष्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा सही है, लेकिन, इनमें और अधिक प्रगति की व्यापक संभावनाएं हैं। प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) 29.78 लाख करोड़ रुपये है। इस वर्ष GSDP लक्ष्य का 93% पहले ही हासिल कर लिया गया है। अब 42 लाख करोड़ GSDP के लक्ष्य की ओर प्रदेश बढ़ रहा है। सीएम ने निर्देश दिए कि वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी से संबंधित विभागीय कार्यों की मंत्री हर महीने, मुख्य सचिव 15 दिन पर और विभागाध्यक्ष हर हफ्ते समीक्षा करें। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों।

### चर्चा और निर्देश

**कृषि और खाद्यान्न सुरक्षा**
- 21% योगदान यूपी का खाद्यान्न उत्पादन में
- 13% से अधिक कृषि विकास दर
- बेहतर बीज, उन्नत तकनीक, उच्च मूल्य वाली फसलों के उत्पादन से आय बढ़ाने पर फोकस
- सीड पार्क निर्माण और UP एग्रीज परियोजना का काम तेज करें

**पर्यटन और तीर्थ विकास**
- 125 करोड़ पर्यटक जून तक प्रदेश में आए
- गढ़मुक्तेश्वर को प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेंगे
- होम-स्टे पॉलिसी को प्रभावी बनाएं, होटल उद्योग को बढ़ावा दें
- टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्लान तैयार करें

**सड़क सुरक्षा और परिवहन**
- कोहरे के चलते सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं
- परिवहन विभाग संबंधित विभागों के साथ बनाएगा कार्ययोजना
- कमर्शल वाहनों की पंजीकरण फीस व्यावहारिक बनाएं
- बस सेवा और सुविधा का करें विस्तार

**सामाजिक योजनाएं व शिक्षा**
- सीएम सामूहिक विवाह योजना के लिए जिलेवार लक्ष्य तय करें
- ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी का काम तेज हो
- आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-प्राइमरी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए
- बेसिक स्कूलों के भवन व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का काम जल्द

**ऊर्जा और स्वास्थ्य**
- बिजली चोरी व लाइन लॉस रोकने से निगमों का प्रदर्शन बेहतर
- पीएम कुसुम योजना में सोलर प्रॉजेक्ट व पार्कों की स्थापना
- पीएम जनआरोग्य से मरीजों को सहूलियत, अस्पतालों की आय बढ़ रही
- निजी क्षेत्र में भी हेल्थ

**औद्योगिक-आर्थिक विकास**
- 7000 नए कारखाने खुले, आर्थिक गतिविधियों में तेजी
- कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय के तहत भी पंजीकरण में बढ़ोतरी
- 9% हो गया जीडीपी में यूपी का योगदान
- 93% लक्ष्य जीएसडीपी का हासिल हो चुका

# बिजली कनेक्शन की सामग्री पर GST का पेच

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बिजली के नए कनेक्शन की दरें तय करने में GST का पेच फंस सकता है। पावर कॉरपोरेशन ने पहले ही इस्तेमाल सामग्रियों के दाम जीएसटी जोड़कर दाखिल किए हैं। ऐसे में अगर इस दर को मंजूरी दी जाती है तो सामान के जीएसटी लगे दाम पर उपभोक्ताओं से फिर जीएसटी ली जाएगी।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि एक ही उत्पाद पर दो बार जीएसटी वसूलना पूरी तरह गैरकानूनी है। इस पर गंभीर आपत्ति दर्ज करवाई जाएगी। पावर कॉरपोरेशन उपभोक्ता सामग्रियों की खरीद करता है। वह सामान की कीमत पर जीएसटी के साथ भुगतान करता है। उसी सामान को जब उपभोक्ताओं के कनेक्शन में इस्तेमाल किया जाता है तो कॉस्ट डेटा बुक में दर्ज दाम उपभोक्ताओं से लिए जाते हैं। जीएसटी लगी दर को सामान का दाम मानना उचित नहीं है।

# 2.95 करोड़ वोटर हैं 'अनट्रेसेबल', होंगे बाहर !

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से करीब 2.95 करोड़ वोटर के नाम बाहर हो सकते हैं। चुनाव आयोग ने फिलहाल इन्हें 'अनट्रेसेबल' श्रेणी में डाल रखा है। इसमें अनुपस्थित, मृत, शिफ्टेड और एसआईआर प्रपत्र न लौटाने वाले नाम शामिल हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने जिलों से कहा है कि जो वोटर अनुपस्थित पाए गए हैं उनकी तलाश जारी रखी जाए।

नए वोटर बनाने पर आयोग ने बढ़ाया जोर, कहा- जिनके नाम 2025 की सूची में नहीं, उनके भी भरवाएं फॉर्म

प्रदेश में वोटर लिस्ट के SIR की प्रक्रिया भले ही दो सप्ताह आगे बढ़ चुकी है, लेकिन, जिलों ने वोटर लिस्ट को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन और वोटरों की 2003 की लिस्ट से मैपिंग का काम भी अंतिम चरण में है। जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर बुधवार उन वोटर्स का विवरण भी अपलोड किया जा रहा है जिन्हें शिफ्टेड, डेड और अब्सेंट श्रेणी में रखा गया है।

**छूटे वोटरों पर फोकस :** SIR की प्रक्रिया के बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि छूटे व नए वोटरों को जोड़ने की मुहिम तेज की जाए। 1 जनवरी को 18 साल पूरे हो रहे युवाओं को वोटर बनाने के लिए अभियान चलाकर फॉर्म 6 भरवाए जाएं, जो 2025 की लिस्ट में शामिल न होने के चलते गणना प्रपत्र नहीं भर सके हैं। पुराने पते से ट्रांसफर हो जाने के चलते गणना प्रपत्र न भरने वाले भी फॉर्म 6 भर सकेंगे। उन्हें आयोग की ओर से निर्धारित किए गए 13 दस्तावेजों में कोई एक दस्तावेज सबूत के तौर पर लगाना होगा।

# पीएसपी प्रॉजेक्ट्स की मंजूरी में आएगी तेजी, 10 कंपनियों ने दिए प्रस्ताव


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश की बढ़ती बिजली जरूरतों को देखते हुए राज्य सरकार पंप्ड स्टोरेज पावर परियोजनाओं को बढ़ावा देगी। पंप्ड स्टोरेज पावर के सेक्टर में मिले निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए इंडस्ट्री विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। हाल ही में इस बाबत अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक ली और परियोजनाओं में आ रही नियामकीय और प्रक्रियात्मक समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

ग्रीनको, टोरंट, जेएसडब्ल्यू, अवादा जैसी कंपनियां करेंगी निवेश

राज्य सरकार को करीब 15,000 मेगावाट पंप्ड स्टोरेज पावर प्लांट लगाने का प्रस्ताव कंपनियों द्वारा मिला है।

सरकार 10 पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के डिवेलपर्स में ग्रीनको समूह, टोरंट पावर, जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी, एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस, अवादा वॉटर बैटरी प्राइवेट लिमिटेड, इरिया प्राइवेट लिमिटेड, अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा टीएचडीसी सम्मिलित हैं। इनमें से अधिकांश प्रस्ताव सोन नदी पर आधारित परियोजनाओं पर लगाए जाएंगे।

**सोनभद्र, मीरजापुर, चंदौली में स्थापित होंगी ये परियोजनाएं :** राज्य सरकार को जो निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उनमें से ज्यादातर प्रस्ताव सोनभद्र जिले के लिए मिले हैं। सोनभद्र में कुल सात परियोजनाएं लगाने के प्रस्ताव मिले हैं। इसके अलावा, मीरजापुर और चंदौली जिलों में भी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।



# दो विभागों की खींचतान में फंसे वेलनेस सेंटर



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में किराए के भवनों में संचालित आयुष्मान नगरीय आरोग्य मंदिर (वेलनेस सेंटर) बिजली और वाईफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के संकट से जूझ रहे हैं। इसकी वजह भवनों का किराया समय पर न मिलना है। कई जगह बिजली कनेक्शन काटे जाने और वाईफाई बंद होने की शिकायतें सामने आने लगी हैं। मामला सीएमओ स्तर तक पहुंचने पर पता चला कि नैशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) ने इस बार वेलनेस सेंटर का बजट सीधे स्थानीय निकाय निदेशालय को भेज दिया है। ऐसे में अब वेलनेस सेंटरों के भवन स्वामियों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्हें बताया गया कि पहले यह भुगतान एनएचएम के जरिए होता था। यह राशि 15वें वित्त आयोग के मद से जारी की जाती है, जो नगर निगमों और निकायों के विकास व सुविधाओं के लिए निर्धारित है। ऐसे में इस बार यह बजट स्थानीय नगर निकाय को भेज दिया गया है। समस्या यह है कि भवन स्वामियों ने किराए का एग्रीमेंट जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) से किया है। ऐसे में जब वे किराया मांगने सीएमओ के पास जा रहे हैं तो उन्हें स्थानीय निकाय निदेशालय से संपर्क करने को कहा जा रहा है। वहीं, भवन स्वामियों का कहना है कि बिना नए एग्रीमेंट के वे दूसरे विभाग से भुगतान कैसे लें ?

■ कहीं बिजली कटी तो कहीं वाईफाई बंद, भवन स्वामियों ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन
■ किराए का एग्रीमेंट स्वास्थ्य विभाग से हुआ, बजट भेज दिया है नगर विकास विभाग को

स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक अनुज झा का कहना है कि बजट उन्हें मिल गया है, लेकिन भुगतान से जुड़ी कोई स्पष्ट गाइडलाइन नहीं मिली है। ऐसे में यह तय नहीं हो पा रहा कि भुगतान किसे, कैसे और किस आधार पर किया जाए। दूसरी ओर एनएचएम के अधिकारी इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से बच रहे हैं। वहीं, भवन स्वामियों का दावा है कि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उन्हें जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया है।

# किसानों को नई तकनीकों से रूबरू करवाएगी कृषि विज्ञान कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : फरवरी में उप्र कृषि विज्ञान कांग्रेस (UPASC) का आयोजन किया जाएगा। इसमें किसानों को खेती की उन्नत तकनीकों से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

उप्र कृषि अनुसंधान परिषद (UPCAR) के सहयोग से झांसी केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में इसका आयोजन 14 से 16 फरवरी तक किया जाएगा। इसमें देश भर के जाने-माने कृषि विज्ञानी, विशेषज्ञ, अधिकारी और किसान जुटेंगे। कृषि विज्ञान कांग्रेस में रोजाना सेमिनार का आयोजन होगा। वहीं, वरिष्ठ एवं युवा कृषि विज्ञानी अपने शोधपत्र पेश करेंगे। सबसे अच्छा शोध पेश करने वाले युवा को यूथ साइंटिस्ट अवॉर्ड दिया जाएगा।

# पूर्वांचल और बुंदेलखंड में बढ़ी रालोद की सक्रियता


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पश्चिमी यूपी में मजबूत वापसी के बाद राष्ट्रीय लोकदल अब पूर्वांचल के साथ बुंदेलखंड में सक्रिय दिख रहा है। इन क्षेत्रों में अपने संगठन को मजबूत करने के तहत रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य और पूर्वी यूपी के साथ बुंदेलखंड में लगातार बैठकें कर रहे हैं। इसी क्रम में रालोद की क्षेत्रीय संगठन की अगली बैठक 21 दिसंबर को गोरखपुर में बुलाई गई है।

गोरखपुर में 21 दिसंबर को होगी क्षेत्रीय संगठन की बैठक

रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि गोरखपुर की क्षेत्रीय बैठक में संगठन की समीक्षा खुद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी करेंगे। बैठक में रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष और उस क्षेत्र में आने वाले नौ जिलों के जिला और शहर अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी के साथ शिरकत करेंगे। इस क्षेत्रीय बैठक में जहां संगठन की जमीनी हकीकत की समीक्षा होगी, वहीं आगामी पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव की तैयारियों की रणनीति पर चर्चा होगी। अगले चुनावों को लेकर स्थानीय स्तर पर रणनीति को लेकर रालोद के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से स्थानीय नेताओं के सुझाव भी मांगे गए हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: cci Time: 12-17-2025 00:37 Color:





डिलिवरी पार्सल में मोबाइल की जगह मिट्टी निकली। डिलिवरी असोसिएट पर हेराफेर की FIR दर्ज। -p5



एवरेस्ट एन्क्लेव में शहर की 41 आवासीय सोसायटियों की बैठक हुई, जिसमें अहम मसलों पर चर्चा की गई। -p6

**167** रहा लखनऊ का AQI मंगलवार को। वायु प्रदूषण मॉडरेट रहा।

**1912** पर बिजली से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए कर सकते हैं शिकायत



सुबह से दिन तक रहा कोहरे का असर, देर से निकली धूप ने लुढ़काया पारा


# शहर को ठिठुरा गया सीज़न का सबसे सर्द दिन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

आधा दिसंबर गुजरने के बाद ठंड ने जोर पकड़ा है। मंगलवार को शहर घने कोहरे की चादर से लिपटा रहा। शहर में विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गई। कई इलाकों में विजिबिलिटी इससे भी कम रही। आलम यह रहा कि सुबह गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर लोग सड़क पर निकले। सुबह से शहर में छाया घना कोहरा दिन चढ़ने के साथ साफ हुआ, हालांकि धूप कम समय तक निकलने के कारण दिन में भी लोग ठिठुरते रहे। मौसम में बदलाव से दिन का पारा सोमवार के मुकाबले 4.8 डिग्री गिरकर 19.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात का पारे में भी गिरावट हुई। रात का पारा 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार इस सीजन का सबसे सर्द दिन रहा।

अमौसी स्थित लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शहर में मंगलवार को अचानक ठंड बढ़ने का कारण घना कोहरा रहा। कोहरे के कारण धूप देर से निकली, जिससे दिन के पारे में गिरावट हुई। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवा का रुख पुरवा से पछुआ हो गया और हवा की रफ्तार बढ़ी है। बीते चार-पांच दिनों से बादलों की आवाजाही और हवा में नमी के कारण रात के पारे में भी कमी आई है।

Sunil Kumar Raidas



**19.1** डिग्री सेल्सियस रहा दिन का पारा

**4.8** डिग्री कर दर्ज की गई गिरावट

**50** मीटर दर्ज की गई विजिबिलिटी

### दो दिन छाएगा घना कोहरा

अतुल कुमार ने बताया कि कोहरे का असर दो दिनों तक रहेगा। शहर में सुबह घना कोहरा रहेगा, जो दिन चढ़ने के साथ घट जाएगा। कुछ दिनों तक दिन और रात के पारे में गिरावट होगी। प्रदेश में कई जिलों में घने से बहुत घना कोहरा पड़ने की चेतावनी भी जारी की गई है।

### गलन वाली ठंड के लिए करना होगा इंतजार

अतुल कुमार ने बताया कि बीते दो हफ्तों में जो भी पश्चिमी विक्षोभ गुजरे हैं, उनसे पहाड़ों पर कोई खास बर्फबारी जैसी स्थिति नहीं बन पाई है। जब तक अच्छी बर्फबारी नहीं होगी, तब तक गलन और शीतलहर जैसे हालात के लिए इंतजार करना होगा। हालांकि, उत्तर से आ रही पछुआ हवाएं ठंड का असर बरकरार रखेंगी।



मंगलवार सुबह बड़ा इमामबाड़ा भी कोहरे में गुम सा नजर आया, जबकि स्कूली बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे।

### रैन बसेरों की निगरानी करेंगे ACM

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में ठंड बढ़ने के साथ ही रैन बसेरों में व्यवस्थाएं बेहतर करने की कवायद तेज कर दी गई है। डीएम ने सोमवार की रात निगरानी के बाद संबंधित एसीएम को कंबल समेत अन्य इंतजाम करवाने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम के अधिकारियों के साथ ही संबंधित एसीएम को भी व्यवस्थाएं बेहतर करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अस्थायी रैन बसेरा शुरू हुआ

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मेयर सुषमा खर्कवाल ने मंगलवार को अवध चौराहे के पास बदनाम लड्डू के सामने अस्थायी रैन बसेरे का उद्घाटन किया। रैन बसेरे में 45 बेड की व्यवस्था की गई है। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यहां ठहरने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, ठंड से बचाव के लिए नगर निगम शेल्टर होम्स पर करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च करेगा। इतनी बड़ी रकम खर्च कर शेल्टर होम्स को पूरी तरह से सुविधायुक्त किया जाएगा।

### दिन में बंद नहीं होंगे संकट मोचन मंदिर के कपाट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सर्दी के मद्देनजर मंदिरों में आरती और पट खुलने के समय में बदलाव किया गया है। हनुमान सेतु स्थित श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर और बाबा नीब करौरी आश्रम के कपाट बुधवार से दिन में बंद नहीं होंगे। इससे पहले दिन में 1 से 3 बजे तक कपाट बंद रहते थे। आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि मंदिर के कपाट सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक अनवरत खुले रहेंगे। मंगलवार को रात 11 बजे तक कपाट खुले रहेंगे। डालीगंज स्थित प्राचीन शिवालय श्रीमनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरि ने बताया कि संध्या आरती अब 8 बजे की जगह 7 बजे होगी। दिन में कपाट बंद करने का समय 12 से शाम 4 बजे की जगह 3 बजे तक कर दिया गया है। चौक स्थित श्रीकोनेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष सुबोध टंडन ने बताया कि अब सुबह 7 बजे से मंदिर के पट खुलेंगे और 9 बजे की रात की आरती के बाद पट बंद कर दिए जाएंगे।

कई मंदिरों में आरती, कपाट खुलने-बंद होने का समय बदला

### महिला सुरक्षा के लिए हर थाने के CUG नंबर जारी

■ NBT न्यूज, लखनऊ: महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस ने 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत जनपद के सभी 53 थानों में विशेष सीयूजी नंबर जारी किए हैं। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देशन में शुरू हुई कवायद के तहत इन नंबरों पर आने वाली शिकायतें गोपनीय रखी जाएंगी।

**जोनवार नंबर**

| | |
|---|---|
| **पूर्वी** | |
| गोमती विस्तार | 9454451127 |
| गुडम्बा | 9454451156 |
| इन्दिरानगर | 9454451182 |
| चिनहट | 9454451232 |
| बीबीडी | 9454451823 |
| गाजीपुर | 9454451834 |
| गोमतीनगर | 9454451849 |
| विकासनगर | 9454451931 |
| विभूतिखण्ड | 9454451952 |
| **पश्चिमी** | |
| चौक | 9454451185 |
| नाका | 9454451209 |
| कैसरबाग | 9454451235 |
| अमीनाबाद | 9454451245 |
| वजीरगज | 9454451268 |
| काकोरी | 9454451297 |
| पारा | 9454451322 |
| ठाकुरगज | 9454451329 |
| बाजारखाला | 9454451332 |
| सआदतगज | 9454451334 |
| तालकटोरा | 9454451358 |
| दुबग्गा | 9454451646 |
| **उत्तरी** | |
| बीकेटी | 9454451368 |
| महिला थाना-2 | 9454451370 |
| इटौजा | 9454451372 |
| मलिहाबाद | 9454451376 |
| सैरपुर | 9454451380 |
| अलीगंज | 9454451404 |
| महिगवा | 9454451433 |
| मडियांव | 9454451469 |
| माल | 9454451660 |
| रहीमाबाद | 9454451664 |
| जानकीपुरम | 9454451950 |
| **दक्षिणी** | |
| सरोजनीनगर | 9454451195 |
| मोहनलालगंज | 9454451671 |
| निगोहा | 9454451695 |
| बिजनौर | 9454451705 |
| पीजीआई | 9454451707 |
| सुशान्त गोल्फ सिटी | 9454451722 |
| कृष्णानगर | 9454451744 |
| बंथरा | 9454451761 |
| नगराम | 9454451827 |
| गोसाईगंज | 9454451953 |
| **मध्य** | |
| महानगर | 9454451499 |
| हजरतगंज | 9454451504 |
| मानकनगर | 9454451506 |
| कैंट | 9454451557 |
| आशियाना | 9454451564 |
| हुसैनगंज | 9454451568 |
| महिला थाना | 9454451608 |
| आलमबाग | 9454451669 |

### शहर में आज

- उत्तर प्रदेश जल निगम एकीकृत संघर्ष मोर्चा की रैली, जल निगम मुख्यालय, सुबह 10 बजे।
- युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से मा. विधायक खेल स्पर्धा, चौक स्टेडियम, दोपहर 1 बजे।
- कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज में पूर्व छात्र समाह और दरबार डे, कॉलेज परिसर, विश्वविद्यालय रोड, दोपहर 2 बजे।
- लॉरेटो अल्मनाई असोसिएशन का फेस्टा, लॉरेटो इंटरमीडिएट कॉलेज, दोपहर 3 बजे।
- एफएलओ लखनऊ चैप्टर की ओर से एनर्जी टूल्स फॉर टुडेज वुमेन कार्यक्रम, सफायर स्यूट्स, मेट्रो सिटी, पेपर मिल कॉलोनी, शाम 4 बजे।
- मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, बेगम हजरतमहल पार्क के पीछे ● मकबरा रोड, दोपहर 3 बजे।
- एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में लिटरेरी लैंड स्केप, वर्ल्ड टॉवर प्रेक्षागृह, एमिटी विश्वविद्यालय, मल्हौर, दोपहर 3 बजे।

## खुलने से पहले लुभाने लगा प्रेरणा स्थल

■ NBT न्यूज, लखनऊ : वसंत कुंज योजना में बनाया गया राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल खुलने से पहले ही लोगों को लुभाने लगा है। यहां स्थापित 135 फुट ऊंचा तिरंगा लोगों में देशभक्ति का जोश भर रहा है। प्रेरणा स्थल के प्रवेश द्वार पर भारतीय सेना के दो लड़ाकू टैंक भी रखे गए हैं। इनके साथ सेल्फी लेने के लिए दिनभर युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रेरणा स्थल से सटे ग्रीन कॉरिडोर को लाइटिंग से रोशन किया जा रहा है।







पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल केवल एक स्मारक भर नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण से जुड़े महान विचारों को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

## 25 को शहर के 16 मॉडल वॉर्ड भी नॉमिनेट करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के मौके पर की जाएगी घोषणा

abhishek.pandey1
@timesofindia.com

लखनऊ : पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को नगर निगम 16 मॉडल वॉर्ड की घोषणा करेगा। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के मौके पर मुख्य अतिथि पीएम नरेंद्र मोदी इन वॉर्ड को नॉमिनेट करेंगे। इसके लिए नगर निगम की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रत्येक जोन से दो वॉर्ड को मॉडल बनाने के लिए चुना गया है। इन वॉर्डों को अन्य वॉर्ड के मुकाबले ज्यादा विकसित किया जाएगा। जिससे दूसरे क्षेत्र के लिए मॉडल वार्ड प्रेरणा स्रोत बन सकें।

### हर जोन से दो वॉर्ड

**जोन-1**
राजाराम मोहन राय, बाबू बनारसी दास
**जोन-2**
लेबर कॉलोनी, राजाजीपुरम
**जोन-3**
मनकामेश्वर, महाकवि जयशंकर प्रसाद
**जोन-4 :**
पेपर मिल, राजीव गांधी सेकंड
**जोन-5 :**
रामजी लाल सरदार पटेल, गुरु गोबिंद सिंह



### क्या होगी विशेषता

- 100% डोर टु डोर कूड़ा कलेक्शन
- पड़ावघर को हाईटेक बनाना
- कूड़ा उठने के बाद सीधे पड़ावघर पहुंचे
- नालियों की सफाई
- रोड स्वीपिंग को बेहतर करना

मॉडर्न वॉर्ड का मकसद सैनिटाइजेशन को बेहतर करना है। हमारा लक्ष्य है कि चिह्नित किए गए 16 वॉर्ड में साफ-सफाई की व्यवस्था दूसरे वॉर्ड के लिए मॉडल बने।
- गौरव कुमार, नगर आयुक्त

### EPFO ने 11 साल से तैनात कर्मचारियों का मांगा रेकॉर्ड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर नगर निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों का ब्योरा मांगा है। नगर निगम में तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों का 11 साल का डेटा एक सप्ताह के भीतर ईपीएफओ को सौंपना होगा। दरअसल, नगर निगम में आउटसोर्सिंग के जरिए करीब 10 हजार कर्मचारी विभिन्न प्रकोष्ठ में तैनात हैं। बीते कई वर्षों से इन कर्मचारियों का पीएफ गबन करने का आरोप लगता आया है। कर्मचारियों के आरोप के मुताबिक पीएफ के नाम पर कार्यदायी संस्थाओं ने करीब करोड़ों रुपये से ज्यादा के गबन का आरोप है। ऐसे में तत्कालीन नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए ईपीएफओ को पत्र लिखा था। इसके बाद से ही विभाग की ओर से जांच शुरू कर दी गई है।

नगर निगम के आउटसोर्सड कर्मियों PF पीएफ गबन के आरोप की होगी जांच

## यूपी बोर्ड की किताबों के कवर पर होगा यूनिक नंबर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने कक्षा 9 से 12 तक की पाठ्य पुस्तकों में इस साल से कुछ नए फीचर जोड़ने का फैसला लिया है। शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए एनसीईआरटी आधारित 36 विषयों की 70 किताबों के साथ ही हिंदी, संस्कृत और उर्दू की 12 पाठ्य पुस्तकों के कवर पेज के लिए एक यूनिक नंबर जारी किया जाएगा। पहली बार किताबों के कवर पेज पर इस तरह का कोई यूनिक नंबर छपवाया जा रहा है, जिससे बच्चों को तय किए गए प्रकाशकों की किताबें ही मिल सकेंगी।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि कवर पेज अलग से छपवाने के लिए टेंडर जारी किया गया है, ताकि छात्रों को अधिकृत और सस्ती किताबें उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने बताया कि हर जिले में बच्चों को आसानी से किताबें उपलब्ध हो सकें, इसके लिए प्रकाशकों से सभी 75 जिलों के लिए किताबों को उपलब्ध करवाने की जगह भी दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इन जगहों को टेंडर में छापा जाएगा और जिले के डीएम और डीआईओएस को भी उपलब्ध करवाया जाएगा, जिससे वे अपने स्तर से किताबें उपलब्ध हो रही हैं या नहीं, इसकी जांच कर सकें। पहली बार किताबों का टेंडर भी दिसंबर में किया गया है, जिससे किताबें नए शैक्षिक सत्र के शुरू होते छात्रों को उपलब्ध हो पाएं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रकाशकों के साथ बैठक है, इसमें सुरक्षा और उपलब्धता को लेकर क्या अन्य विकल्प अपनाए जा सकते हैं, उस पर भी चर्चा की जाएगी।

**आज जारी हो सकती है प्री बोर्ड की तारीखें :** यूपी बोर्ड बुधवार को दसवीं व बारहवीं की प्री बोर्ड व प्रैक्टिकल की तारीखें जारी कर सकता है। बोर्ड परीक्षाएं फरवरी में होनी हैं।

प्रकाशक बताएंगे कहां मिलेंगी, 36 विषयों की 70 किताबों पर छापे जाएंगे नंबर



### दुबग्गा, सैरपुर में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एलडीए ने मंगलवार को दुबग्गा और सैरपुर क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 87 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही आठ अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया।



प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि दिलीप मिश्रा, बबूलाल, सईद मुईनुद्दीन, दानू कुमार दुबग्गा के निलमपुर मीरा में चार जगहों पर लगभग 82 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लॉटिंग कर कॉलोनी विकसित कर रहे थे। जोन-4 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि अमित सिंह, नीरज सिंह, पवंत कुमार, उदयभान यादव, मेसर्स नीलकंठ प्रॉपर्टीज व अन्य लोग सैरपुर के पश्चिम गांव में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग कर रहे थे।

### बिना लाइसेंस डॉग, ₹36 हजार जुर्माना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शहर में बिना लाइसेंस डॉग पालने वालों के खिलाफ मंगलवार को नगर निगम ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। नगर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि जोन-4 के गोमतीनगर क्षेत्र में सात लोगों से 36 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया है।

### गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर 27 को अवकाश


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गुरु गोबिंद सिंह जयंती के अवसर पर 27 दिसंबर को अवकाश रहेगा। एडीएम फाइनेंस राकेश कुमार सिंह ने बताया कि 27 को सभी शासकीय कार्यालय बंद रहेंगे।

### इंदिरा नगर B-ब्लॉक में स्ट्रीट लाइट बंद

■ NBT न्यूज,लखनऊ: इंदिरा नगर के B-ब्लॉक में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। लोगों का आरोप है कि समस्या कई दिनों से बनी हुई है, नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, मार्ग प्रकाश विभाग जोन-7 के हिमांशु त्रिपाठी का कहना है कि बुधवार को लाइटें ठीक करवा दी जाएंगी।

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर
प्रबंध शिखर, राऊ-पीथमपुर रोड, इन्दौर - 453556
प्रबंधन में डॉक्टरल कार्यक्रम (डी. पी. एम.) - 2026 के लिए प्रवेश सूचना
विशेषज्ञता: कम्युनिकेशन, इकोनॉमिक्स, फाइनेंस एंड एकाउंटिंग, ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स, मार्केटिंग मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स मैनेजमेंट एंड क्वांटिटेटिव टेक्निक्स, आर्गेनाइजेशनल बिहेवियर एंड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट।
वित्तीय सहायता: रु. 40,000/- से रु. 45,000/- प्रति माह का स्टाइपेंड, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अनुदान 2 लाख रुपये, राष्ट्रीय सम्मेलन अनुदान 1.2 लाख रुपये, अनुसंधान विकास अनुदान 1.5 लाख रुपये। छात्रों के लिए नि: शुल्क बोर्डिंग और आवास।
ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 फ़रवरी, 2026 है। विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.iimidr.ac.in पर जाएं।
EQUIS AACSB AMBA

In Loving Memory of
Major Suman Kant Khanna
President, Spring Dale Institutions
April 27, 1944 – December 17, 2024



Your life and values continue to inspire the institution's culture.
Deeply missed.
MANAGEMENT, STAFF & STUDENTS

नाकाम हुए साइबर अपराधी | बुजुर्ग महिला FD तुड़वाने पहुंची थी बैंक, घबराया देखकर बैंक मैनेजर ने पुलिस को दी जानकारी

## पहलगाम हमले में शामिल बता 'कैद' कर रखा था, पुलिस ने बचाया

■ NBT न्यूज, लखनऊ : साइबर जालसाजों के जाल में फंसी बुजुर्ग महिला को बैंक मैनेजर और विकास नगर पुलिस की सक्रियता से बचा लिया गया। जालसाजों ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए 50 करोड़ की फंडिंग पर 50 लाख कमिशन लेने की बात कहते हुए उन्हें चार दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर रखा था। वह एफडी तुड़वाने बैंक पहुंची थीं। उन्हें सहमा देख बैंक मैनेजर ने पुलिस को फोन किया। बुजुर्ग महिला के परिवारीजनों ने पुलिस और बैंक मैनेजर के काम की सराहना की है।

विकासनगर थाने की मामा चौराहा चौकी के इंचार्ज SI शिव सिंह ने बताया कि चौकी के पास पंजाब नैशनल बैंक है। सोमवार शाम साढ़े तीन से चार बजे के बीच बैंक मैनेजर श्रवण राठौर ने उन्हें फोन कर बताया कि विकास नगर निवासी 74 वर्षीय बुजुर्ग ऊषा शुक्ला 1.10 करोड़ की एफडी तुड़वाना चाहती हैं। वह फोन पर किसी से बात कर रही हैं और बहुत घबराई हुई हैं। जानकारी मिलते ही SI शिव सिंह, SI अतुल यादव और कॉन्स्टेबल अवध किशोर सिंह के साथ बैंक पहुंचे। शुरुआत में वे ऊषा बात ही नहीं करना चाह रही थीं, लेकिन पुलिस ने समझदारी दिखाते हुए बहुत ही सरल तरीके से बात की। ऊषा के कहने से पहले ही पुलिस ने उन्हें बताया कि आप को एक अकाउंट नंबर देकर रुपये की डिमांड की जा रही है। आप के साथ साइबर फ्रॉड हो रहा है। यह सुन ऊषा दंग रह गईं, पुलिस को फोन देते हुए कहा कि बेटा बचा लो। पुलिस ने जैसे ही जालसाज से बात की वॉट्सऐप कॉल डिस्कनेक्ट हो गई। पुलिस ने अपने नंबर से कॉल की तो जालसाज ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद ऊषा का फोन ऑफ करवा दिया गया।



पुलिस ने बुजुर्ग महिला को फ्रॉड की जानकारी दी, तब उन्होंने राहत की सांस ली।

### ऐसे खुला मामला

महिला जब बैंक के काउंटर पर पहुंची तब बैंक अधिकारी इशानी ने उस महिला से इतनी बड़ी राशि को अचानक ट्रांसफर करने का कारण पूछा। घबराई महिला ने सही जानकारी नहीं दी। जिसके बाद अधिकारी ने इस बात की जानकारी शाखा प्रमुख श्रवण सिंह राठौर को दी। उन्होंने महिला को समझाना चाहा लेकिन वह काफी डरी हुई थी। महिला ने पैसे भेजने के लिए एक खाता संख्या दिया। शाखा प्रबंधक ने खाता संख्या को जानबूझ कर गलत बताया और कहा कि आपको जिन्हें पैसे भेजने हैं, उनसे सही खाता संख्या मांगिए। महिला फोन पर बात करते हुए केबिन से चली गई। शाखा प्रबंधक ने एक कर्मचारी को पीछे भेजा। उस कर्मचारी ने पूरी बात सुन ली, जिसके बाद मामला खुला। मंडल प्रमुख राज कुमार सिंह और मुख्य प्रबंधक राम बाबू भी मौके पर पहुंचे और महिला को समझाया।

**चार दिन रखा डिजिटल अरेस्ट :** ऊषा ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर को उनके पास जालसाज ने कॉल किया था। जालसाज ने उन्हें पहलगाम आतंकी हमले का साजिशकर्ता बताया था। जेल भेजने का डर दिखा उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया। किसी से बताने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। SI ने बताया कि ऊषा ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल नहीं करती हैं। इसलिए जालसाज ने उनके सभी खातों की डिटेल ले ली थी। विकासनगर की सर्विलांस टीम ने उनके सभी खाते फ्रीज करवा दिए हैं। पुलिस के मुताबिक ऊषा के पति एसके शुक्ला PWD से रिटायर्ड थे। आठ वर्ष पहले उनका निधन हो गया। पेंशन उसी खाते में आती है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: pratik.awasthi Time: 12-17-2025 00:15 Color:



इकाना स्टेडियम में सा. अफ्रीका के साथ भारत का T20 मैच आज, जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया के रणबांकुरे

# आज चमकेगा 'सूर्य'




## अभिषेक शर्मा पर होंगी निगाहें, इकाना स्टेडियम में बेहतर रहा है टीम इंडिया का रेकॉर्ड

■ NBT न्यूज, लखनऊ

इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर बुधवार टी-20 के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका पूरी ताकत झोंकने को तैयार है। भारत यह मुकाबला जीतता है तो वह पांच मुकाबलों की सीरीज में अजेय बढ़त ले लेगा। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के लिए अब मुकाबला करो या मरो की स्थिति में पहुंच चुका है। वहीं भारत के धुरंधरों के लिए इकाना पिच रास आने वाली है।



घरेलू मैदान और पिछले तीन टी-20 मुकाबलों में जीत का भारत को फायदा मिलने की पूरी उम्मीद है। उधर, हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इकाना पर मुंबई की ओर से खेल कर लौटे सूर्य कुमार यादव अपने बल्ले से एक बड़ी पारी खेल प्रशंसकों में उत्साह भर सकते हैं।

अजेय बढ़त हासिल करने के लिए भारत के दोनों ओपनर शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा पर सभी की निगाहें टिकी होंगी। विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक और गिल से बड़ी पारी की पूरी उम्मीद है। वहीं, अब तक हुए तीन टी-20 मुकाबलों में भारतीय गेंदबाजों ने खासा प्रभाव छोड़ा है। भारत पांच मुकाबलों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाए है। वरुण चक्रवर्ती को इकाना की पिच पर खासी मदद मिलने की उम्मीद है। उन्होंने छह विकेट चटकाए हैं। अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। अनुभवी गेंदबाज बुमराह टीम से जुड़ते हैं तो गेंदबाजी को और ज्यादा मजबूती मिलेगी।

### टीम से सभी का योगदान

टीम इंडिया में धाकड़ ऑलराउंडर के रूप में पहचान बना चुके शिवम दुबे ने मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि शुभमन के बल्ले से यकीनन लंबे समय से कोई बड़ी पारी नहीं आई है लेकिन उसके स्ट्राइक रेट और खेल की तकनीक में कोई कमी नहीं दिखती। वहीं, 360 डिग्री कहलाने वाले सूर्या को लेकर शिवम बोले कि सूर्या एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो किसी टीम की आंखों में खटकते हैं। वह अपने बलबूते ही किसी भी मैच को पलटने का पूरा दमखम रखते हैं। ऐसे में उनकी फॉर्म को लेकर कोई प्रश्न ही नहीं उठता।




### दोनों टीमों ने जमकर किया अभ्यास

मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेला और जमकर अभ्यास किया। वहीं, भारतीय खिलाड़ियों ने शाम को गेंदबाजी और बल्लेबाजी में जमकर हाथ आजमाए।




## शास्त्री और गावसकर के लिए आज कानपुर से आएगी निहारी





■ NBT न्यूज, लखनऊ : भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर बुधवार होने वाले चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में रवि शास्त्री और सुनील गावसकर निहारी के साथ मैच का लुत्फ उठाएंगे। शास्त्री और गावसकर ने मैच के लिए शहर पहुंचने से पहले ही अल अमीन कैटरर्स को निहारी पकाने का ऑर्डर दे दिया है। जानकारी के अनुसार अल अमीन कैटरर्स लखनऊ व कानपुर दोनों शहरों में बीसीसीआई के होने वाले सभी मैच में प्रोडक्शन हाउस एवं ब्रॉडकास्ट से जुड़े लोगों के भोजन परोसने का काम करता है। इकाना पर कैटरर्स का काम देख रहे फहद अमीन ने बताया कि शास्त्री और गावसकर ने इंडिया और साउथ अफ्रीका के 2015 में ग्रीन पार्क में हुए मुकाबले में अल अमीन की निहारी का स्वाद चखा था, जिसके बाद से जब भी शास्त्री व गावसकर कानपुर या लखनऊ आते हैं तो निहारी का स्वाद जरूर चखते हैं। इस बार भी गावसकर और शास्त्री के लिए निहारी बनाने का ऑर्डर मिला है।

### प्रतिस्पर्धा ने हमें मजबूती दी : एनरिच नोर्किया

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया के अनुसार बुनियादी बातों पर टिके रहना और टीम में सीमित स्थान के लिए बड़ी संख्या में मौजूद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा ने पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण अफ्रीका के सभी प्रारूपों में मजबूत बनाया है। टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम में कुछ नए और कुछ पुराने चेहरे हैं और उसे शानदार तरीके से संभाला जा रहा है।

## एसपी सिंह और एपी सिंह होंगे ऑफिशियल स्कोरर

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इकाना स्टेडियम पर बुधवार शाम को खेले जाने वाले दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शहर के एसपी सिंह और कानपुर के एपी सिंह ऑफिशियल स्कोरर होंगे। बीसीसीआई की ओर से दोनों को ऑफिशियल स्कोरर नियुक्त किया गया है। वहीं, लखनऊ के बीसीसीआई पैनल के विकास पांडेय डीएल मैनेजर होंगे और प्रयागराज के अखिलेश त्रिपाठी व रामजी तिवारी भी मैच में स्कोरिंग की भूमिका निभाएंगे। बता दें कि शहर के एसपी सिंह बीसीसीआई के इकलौते ग्रेड ए के वरिष्ठ स्कोरर हैं और कई वर्षों से इंटरनैशनल व बीसीसीआई के मैचों में स्कोरिंग कर रहे हैं। वहीं, सभी स्कोरर ने हाल ही में आईसीसी वर्ल्ड कप में स्कोरिंग की थी।

## सिंधी प्रीमियर लीग में आज खेले जाएंगे आठ मुकाबले



■ NBT न्यूज, लखनऊ: सिंधी समाज के युवाओं की प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच देने के लिए सिंधी प्रीमियर लीग का बुधवार को आगाज होगा। सोमवार देर रात लीग में शामिल टीमों के कैप्टंस मीट और टीम जर्सी का लॉन्चिंग हुई। मौके पर मैच का पूरा शेड्यूल भी जारी किया गया। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया यूथ विंग के राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र खत्री ने बताया कि मौके पर आयुष, फूड सेफ्टी व ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख सचिव रंजन कुमार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। लीग के मुकाबले 17 से 21 दिसंबर के बीच अलीगंज स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर में खेले जाएंगे।

## मान्यता प्राप्त पत्रकार और DD-AIR जीते

■ NBT न्यूज, लखनऊ: केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेली जा रही एसबीआई लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग में बुधवार को मान्यता प्राप्त पत्रकार एवं डीडी एआइआर ने जीत हासिल की और जरूरी अंक हासिल किए। पहले मैच में हिंदुस्तान के खिलाफ डीडी एआइआर को 33 रन से जीत मिली। डीडी एआइआर ने पहले बैटिंग करते हुए 18 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाए। जवाब में हिंदुस्तान टाइम्स की टीम 9 विकेट पर 112 रन ही बना सकी। डीडी एआइआर से प्लेयर ऑफ द मैच सुधीर अवस्थी रहे ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए 42 रन जोड़े और एक विकेट चटकाया। दूसरे मैच में मान्यता प्राप्त पत्रकार के खिलाफ कंबाइंड प्रेस की टीम 49 रनों से हारी। मान्यता प्राप्त पत्रकार ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में एक विकेट खोकर 131 रन बनाए। कंबाइंड की टीम 16.3 ओवर में 82 रन पर सिमट गई।

सिटी स्पोर्ट्स

## लखनऊ उत्तर की ओर से विधायक खेल स्पर्धा आज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में आयोजित होने वाली विधायक खेल स्पर्धा की कड़ी में लखनऊ उत्तर विधानसभा की ओर से बुधवार को चौक स्टेडियम में एक दिवसीय आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में लखनऊ उत्तर के भाजपा विधायक समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

चौक स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय प्रतियोगिता में कबड्डी, दौड़, फुटबॉल, कुश्ती समेत कई खेलों का आयोजन होगा। आयोजन में लखनऊ उत्तर विधानसभा के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता आयोजित होने के बाद शाम तक परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## सुपरस्टार्स और टाइटंस की जोरदार शुरुआत

### अवधपुरम प्रीमियर लीग

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अवधपुरम प्रीमियर लीग के पहले दिन सुपरस्टार्स और टाइटंस ने जीत से आगाज किया। पहले मुकाबले में बिबियापुर सुपरस्टार्स ने डिंपो किंग्स को 6 विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग्स ने मो. ओसाम के 47 रनों की बदौलत 8 ओवर में 5 विकेट पर 87 रन बनाए। धर्मेंद्र यादव ने 18 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। जवाब में सुपरस्टार्स ने शिवम की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी (12 गेंद में 45 रन) की बदौलत 6.3 ओवर में ही चार विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाकर मुकाबला जीता। धर्मेंद्र यादव हरफनमौला प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

दूसरे मैच में, छंगापुर टाइटंस टाइटंस ने 26 रनों से जीत हासिल की। टाइटंस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए मो. अरशद (16 गेंद में 35 रन) और हस्सान (14 गेंद में 34 रन) की तेजतर्रार पारियों के दम पर 8 ओवरों में 5 विकेट पर 106 रन बनाए। जवाब में पंढरी एकादश की टीम 80 रन पर सिमट गई। मो. इमाम तीन विकेट चटकाकर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।



अवधपुरम वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने किया। उनके साथ बतौर विशिष्ट अतिथि अमित कुमार, शुभम शुक्ला, अभिषेक तिवारी और गौरव तिवारी ने खिताबी ट्रॉफी का अनावरण करके किया।

## फटाफट खबरें

### वितरित किए जाएंगे एक लाख कंबल

■ NBT न्यूज, लखनऊ: गरीब, जरूरतमंद, बुजुर्गों और महिलाओं को ठंड से राहत देने के लिए ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को कंबल वितरण का अभियान शुरू हुआ। इस अभियान के तहत एक लाख कंबल के अलावा एक लाख चश्मा, अस्पतालों को व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही दिव्यांगों के लिए ट्राईसाइकल, बैसाखी, कान की मशीन और छड़ी वितरित किया जाएगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने यह जानकारी ऐशबाग मालवीय नगर स्थित संस्था के कार्यालय में दी।

### 'फिटनेस के लिए वसूल रहे ₹10 हजार'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बख्शी का तालाब में शुरू हुआ ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (ATS) विवादों में आ गया है। ऑटो लोडर संयुक्त कल्याण समिति ने मंगलवार को इको गार्डन में धरना दिया गया। समिति की तरफ से आलमबाग थाना प्रभारी को मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने कहा कि जब आरटीओ के अधीन फिटनेस सेंटर था, तब फिटनेस के लिए 1,500 से 2,000 रुपये ही देने पड़ते थे। समिति ने छोटे भार वाहन (पिकअप, डाला) से ओवरलोडिंग के नाम पर 3,500 से लेकर 40,000 रुपये का जुर्माना वसूलने का भी विरोध किया है।

### काहिरा में बाय बाय कोरोना का विमोचन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: साइंटून मैन प्रदीप के. श्रीवास्तव ने मिस्र की राजधानी काहिरा में हो रहे हैंड्स ऑन साइंस इंटरनैशनल (HSCI)-2025 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में साइंटून विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. श्रीवास्तव के मुताबिक साइंटून की अवधारणा को रॉयल स्वीडिश एकेडमी, अमेरिकन केमिकल सोसायटी, डब्ल्यूएचओ, यूनेस्को, यूएनईपी सहित कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने स्वीकार किया है। इस दौरान साइंटून से साइंस कम्युनिकेशन पर आधारित पुस्तक बाय बाय कोरोना के द्वितीय संस्करण का भी विमोचन किया गया।

## PGI के डॉक्टरों ने सर्जरी कर निकाला सवा किलो का ट्यूमर



■ NBT न्यूज, लखनऊ : 23 साल के नितेश कुमार दिमाग में बड़े ट्यूमर से पीड़ित थे। ट्यूमर खोपड़ी को भेदते हुए बाहर निकल आया था। इससे ललाट पर उभरी हुई गांठ और आंखों में असामान्य उभार दिखाई दे रहा था। इस समस्या के साथ बिहार के सारण से नितेश पीजीआई इलाज के लिए आया। जांच के बाद लगभग सवा किलोग्राम वजनी ट्यूमर की जटिल सर्जरी करने में पीजीआई के डॉक्टरों ने कामयाबी हासिल की। सर्जरी के बाद अब रोगी पूरी तरह स्वस्थ है।

बिहार के सारण जिले से इलाज के लिए आया था

ऑपरेशन से पहले ट्यूमर की ब्लड सर्कुलेशन को न्यूरोइंटरवेंशनिस्ट डॉ. विवेक और डॉ. सूर्यकांत ने संतुलित करने का काम किया। न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रो. अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रो. कुंतल कांति दास, डॉ. स्वरजीत, सिस्टर चंदना, हेड एंड नेक सर्जन प्रो. अमित केसरी, प्लास्टिक सर्जरी विभाग की डॉ. अनुपमा और एनेस्थीसिया टीम के डॉ. सुमित, डॉ. सपना और डॉ. निधि के नेतृत्व में यह ऑपरेशन किया गया। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि लगभग सवा किलोग्राम वजन का यह ट्यूमर चुनौतीपूर्ण तकनीक के साथ निकाला गया। संस्थान प्रशासन ने जटिल सर्जरी में शामिल टीम को बधाई दी है।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

सूचना
मैं जगेश कुमार आयु लगभग 53 वर्ष पुत्र श्री राधा कृष्ण निवासी- 538क/614, आदर्शपुरम, त्रिवेणी नगर-3, सिटाला नगर, लखनऊ, उ०प्र०-226020 अपनी पुत्री रिंकी त्रिवेदी आयु लगभग 28 वर्ष को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में पुत्री रिंकी त्रिवेदी के द्वारा किये गये किसी भी कानूनी, गैर कानूनी, व्यवहार, आचरण व लेन-देन के लिये मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांक 09.12.2025

न्यायालय सूचना

सम्मन वास्ते कारवाई उमूर तनकीह तलब
आर्डर 5, कायदा 1 व 5
अदालत न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं० 08, लखनऊ
नम्बर मुकदमा-1121/2025
नियत तिथि-08.01.2026
अरविन्द श्रीवास्तव बनाम श्रीमती मन्जूषा श्रीवास्तव
अरविन्द श्रीवास्तव आयु लगभग 53 वर्ष पुत्र श्री मनोज शंकर निवासी निवासी-म०न०-721, निरालानगर, रायबरेली, उ०प्र० । मो०- 9451242657 ...प्रार्थी/वादी
बनाम
श्रीमती मन्जूषा श्रीवास्तव आयु लगभग 49 वर्ष पत्नी श्री अरविन्द श्रीवास्तव पुत्री रमेश चन्द श्रीवास्तव निवासी-16 ... लखनऊ। मो०- 6394606634 ...प्रतिवादिनी

In the Court of Sh. Pawan Kumar, Commissioner under the Employee's Compensation Act, 1923, Circle-I, Gurugram
Case No. ..../2025
Smt. Meera W/o Sh. Gabbar
Sh. Gabbar S/o Sh. Pyarelal
All R/o 196/1, Sukhkhapurava, Parwani Gauri, Bahraich, Uttar Pradesh-271855 ......Applicants
M/s B L Kashyap & Sons Ltd., C/o M/s DLF Downtown Mall of India, Phase-2, Sector-25A, Gurugram, Haryana ......Respondent
नोटिस बनाम आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मृतक अमित सौहित पुत्र श्री गब्बर जो कि M/s. B L Kashyap & Sons Ltd. की साइट M/s DLF Downtown Mall of India, Phase-2, Sector-25A, Gurgaon, Haryana में कार्यरत था कि दिनांक 11/10/2025 को कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। कम्पनी ने उसकी मृत्यु के मुआवजे के रूप में राशि 16,70,325/- रुपये (Sixteen Lac Seventy Thousand Three Hundred Twenty Five Only) इस न्यायालय में उसके आश्रितों को देने के लिये जमा करवाई है। ...

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I hitherto known as ADESH TRIPATHI S/O MAHENDRA MOHAN TRIPATHI, residing at Village- Saray Mehrabad Tamachpur Po-Motukaba, Distt Bahraich, Uttar Pradesh - 271801, have changed my name and shall hereafter be known as DIVYANSHU TRIPATHI.

I hitherto known as BALRAM S/O HOLI RAM, residing at Village- Kewalpur Po- Mansoor Nagar Sale Gaon, Distt Bahraich, Uttar Pradesh - 271865, have changed my name and shall hereafter be known as BALI RAM GUPTA.

I hitherto known as ABDUL QADIR SHAIKH S/O MOHAMMAD SALEEM SHAIKH, residing at 74, Village- Murtiha, Dewraniya Po- Karanpur, Distt Shrawasti, Uttar Pradesh 271875, have changed my name and shall hereafter be known as QADERRAHMAD SIDDIQUI.

खोया एवं पाया

LOST AND FOUND
यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी संपत्ति जिसका संख्या D-714/8-16, ओमैक्स सिटी, ग्राम औरंगाबाद खालसा, तहसील एवं जनपद लखनऊ, उत्तर प्रदेश से संबंधित मूल एलॉटमेंट पत्र, मूल विक्रय-करार अनुबंध एवं पूर्णता प्रमाण पत्र दिनांक 25-05-2025 को टेलीबाग मार्केट क्षेत्र के आसपास कहीं खो गए हैं। काफी तलाश करने के बावजूद उक्त दस्तावेज नहीं मिले।
उपरोक्त संपत्ति के विरुद्ध मैंने किसी भी बैंक से कोई भी प्रकार का ऋण नहीं लिया है।
यदि किसी व्यक्ति को ये दस्तावेज मिलें तो कृपया संपर्क करें।
नौशाद अहमद खान
पुत्र शकील अहमद खान
निवासी: विला संख्या D-714/8-16, ओमैक्स सिटी, ग्राम औरंगाबाद खालसा, तहसील एवं जनपद लखनऊ
मोबाइल: 9810198354

TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662, Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274
WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN Print Radio Digital

To Book your Classified Ads, Please call - Kuldeep 9044122662
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

BUSINESS SOLUTIONS



FRP GRATINGS | FRP GARDEN BENCH | FRP HANDRAIL/FENCING
Bulk/ Retail/ Repair Useful for CSR Activities
PRASHANT 9324960675 / 9820080431 Mail id: sales@plasticfabricators.in
www.plasticfabricators.in

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creative marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

GALLERIA TIMES interact

हिमांचल वूल फैब
Exclusive Stock Available
कुल्लू, किन्नौर, लद्दाख, चंबा के शाल और स्टोल
HANDLOOM & HANDICRAFTS
Special attraction:
Shawls in Traditional & Typical Pattern Handwoven in 100% Sheep wool, Yak wool, Lamb wool, Rabbit wool
• गाउन • चेस्टर • मफलर • हिमांचली टोपी • हिमांचली मोजे • ब्लेजर • वूलेन सूट्स • लेडीज कोट • हिमांचली पारम्परिक जैकेट
05 से 21 दिसम्बर | Discount 20%
स्थान : Fanthome Auditorium 13, Ashok Marg, Lucknow



Delhi Tourism & Transportation Development Corporation Ltd.
(A Government Undertaking)
18-A, DDA SCO Complex, Defence Colony, New Delhi- 110024
www.delhitourism.gov.in
Tender Notice
Request for Proposal (RFP) for Organising "The Delhi International Film Festival"
Bids are invited from experienced agencies through Government e Marketplace (GeM) portal for organizing "The Delhi International Film Festival". The terms and conditions and other details can be downloaded from GeM portal bid no. GeM/2025/B/7003711.
The pre-bid meeting is on 22-12-2025 at 11:00 AM at above mentioned address. Last date for submission of bid is 05-01-2026 by 03:00 PM.
Corrigendum/addendum if any, will appear only on GeM portal.
Chief Manager (FSPC)

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
प्रधान मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, निम्नलिखित कार्य के लिए योग्य ठेकेदारों से ई-टेंडरिंग के माध्यम से सिंगल बिड प्रणाली में ओपन टेंडर आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम: कोंकण रेलवे पर कारवार क्षेत्र में सीनियर इंजीनियर, उडुपि के अधिकार क्षेत्र में चार सुरंगों के अंदर और चार प्रमुख पुलों पर और एसईएन/एमएओ के अधिकार क्षेत्र में लोंडे - हरवाड़ा खंडों के बीच चार सुरंगों में मैनुअल साधनों द्वारा पूर्ण ट्रैक नवीकरण (पी)। टेंडर नोटिस नं.: केआर-डब्ल्यू-1-58-2025-22. अनुमानित लागत: रु.4,15,24,896/- जीएसटी को छोड़कर। समापन तिथि/समय: 07.01.2026 तक 15:00 बजे तक ऑनलाइन ऑफर/बिड जमा करने के लिए। पूरा होने की अवधि: मानसून सहित आठ महीने। मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण / भागीदारी के लिए कृपया https://ireps.gov.in वेबसाइट पर जाएँ। शुद्धिपत्र / परिशिष्ट केवल इस वेबसाइट पर होस्ट किए जाएंगे।

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
Oil and Natural Gas Corporation Ltd.
रुचि अभिव्यक्ति (ईओआई) सूचना
... https://tenders.ongc.co.in तथा https://etenders.gov.in/eprocure/app. पर उपलब्ध है। ... paloweary_pankaj@ongc.co.in/ kanth_ravi@ongc.co.in पर भेज सकते हैं
अधिक जानकारी के लिए, कृपया ओएनजीसी के ई-पोर्टल पर जाएं: https://tenders.ongc.co.in

TIMES TRIBUTE — PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

Obituary Remembrance

| PACKAGE | RATE per sq cm |
| --- | --- |
| UTTAR PRADESH + UTTARAKHAND (The Times of India - UP East & West + Uttarakhand + NBTL) | Colour Rs 860/- |
| EAST UTTAR PRADESH (The Times of India - Lucknow fullrun + NBT Lucknow) | Colour Rs 570/- |
| WEST UTTAR PRADESH + UTTARAKHAND (The Times of India - West UP + Uttarakhand) | Colour Rs 290/- |
| NORTH INDIA (The Times of India - Delhi/ Gurgaon, Jaipur, MP, Lucknow, Kanpur West UP & NBT - Delhi/ NCR, Lucknow) | Colour Rs 2600/- B/W Rs 2550/- |
| ALL INDIA (The Times of India - All Editions) | Colour Rs 2700/- B/W Rs 2430/- |

*Minimum size 40 upto 320 sqcm

FOR ANY QUERY, PLEASE CONTACT:
AGRA: Vikas Jain – 9917475393
ALIGARH: Akash Upadhyay – 9457718804
ALLAHABAD: Amiya Shukla – 9984426699
BAREILLY: Aarohi Sharma – 7906294685
DEHRADUN: Pooja Kumar – 9719157775
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha-7007667388
HALDWANI: Chandan Singh Bisht – 9837564640
HARIDWAR/ROORKEE/SAHARANPUR: Amit Dhasmana – 9997083360
KANPUR: Anoop Dixit – 7860802468
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari – 9044122662, Anurag Nautiyal – 8840945902
MEERUT: Sanyam Monga – 9897048195
MORADABAD: Omkar Pandey – 7607015000
VARANASI: Nitesh Arora – 9559983838

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: pratik.awasthi Time: 12-17-2025 00:18 Color:



## फटाफट खबरें

### पीएम-सीएम के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट, FIR

NBT न्यूज, माल : माल थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट डालने का मामला सामने आया है। हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र निवासी बजरंगदल के सदस्य राजू हिन्दू ने माल थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि नबीगनज भट्ठा निवासी मो. साहब पुत्र सरताज ने सोशल मीडिया पर अभद्र और भड़काऊ पोस्ट साझा की, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया गतिविधियों की भी निगरानी की जा रही है।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप

NBT न्यूज, राजाजीपुरम : पारा के बुद्धेश्वर आदर्श विहार निवासी जलनिगम में ठेकेदार पिंटू शर्मा ने आरोप लगाया कि घर में किराए पर रहने वाली बीएड की छात्रा के दोस्तों ने घर में घुसकर मारपीट की और नकदी व सोने की चेन लूट ली। वहीं पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया मामला किराए के विवाद का है। छात्रा मकान खाली कर रही थी, इसी दौरान मकान मालिक ने किराया कम बताकर सामान का फ्रिज रख लिया था। छात्रा के दोस्त वही फ्रिज लेने आए थे। उसी दौरान विवाद हुआ था। अभी किसी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है।

### संविदा परिचालक की हार्ट अटैक से मौत

NBT न्यूज, आलमबाग : नादरगंज निवासी रमेश मौर्य रोडवेज में संविदा परिचालक थे। वह मंगलवार सुबह चारबाग डिपो की बस लेकर इलाहाबाद जा रहे थे। पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग पहुंचते ही उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा और वह बेहोश हो गए। बस चालक ने उन्हें तत्काल लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कृष्णा नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक वर्ष 2005 से रोडवेज में कार्यरत थे।

### संदिग्ध हालात में किशोरी घर से लापता

NBT न्यूज, लखनऊ : विकास नगर इलाके से सोमवार को घर से निकली किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। पुलिस के मुताबिक कठौता चौराहा निवासी पप्पू की बेटी तृषा उर्फ रितु (15) एक निजी स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा है। सोमवार शाम 7 बजे घर से निकली तृषा देर रात तक नहीं लौटी। परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। विकास नगर थाना प्रभारी एसआई विजेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में तृषा थोड़ी दूर सहेली के साथ इसके बाद अकेले जाती हुई दिखाई दे रही है। उसकी बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### तस्कर गिरफ्तार, 50 किलो गांजा बरामद

NBT न्यूज, निगोहां : निगोहां पुलिस और ऐंटी नारकोटिक्स की टीम ने गांजा तस्करी के आरोपित को गिरफ्तार किया है। एसओ निगोहां अनुज तिवारी के अनुसार मीरकनगर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से 49.050 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपित की पहचान अनिकेत मौर्य उर्फ अतुल निवासी रायबरेली के रूप में हुई है। उसने बताया कि गांजा उसे अनरोटगंज जायसवाल ने दिया था, जिसे वह पीजीआई लखनऊ में बेचने जा रहा था।

### बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

NBT न्यूज, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार रात तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराने पर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। थाना माल निवासी प्रभात यादव उर्फ प्रिंस (24) बाइक चला रहे थे, जो अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। पीछे बैठे अरुण गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। प्रभात दुबग्गा में रहकर बजाज फाइनेंस में प्राइवेट नौकरी करते थे। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिपुरायक ने बताया कि प्रभात ने हेलमेट नहीं पहना था, सिर में गंभीर चोट के कारण उनकी मौत हुई।

### युवक पर लाठी से हमला कर किया घायल



NBT न्यूज, मलिहाबाद : अटौरा गांव निवासी रजनीकांत ने रंजिश में पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है। रजनीकांत ने बताया कि महदोइया गांव से घर लौट रहे थे। तभी नबीनगर रोड पर उसके पड़ोसी रामेश्वर तिवारी, विवेक तिवारी, रामशंकर तिवारी सहित सात अज्ञात साथियों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। गांव के लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। रहीमाबाद थाना प्रभारी मिथिलेश अरुण कुमार त्रिपुरायक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### डॉक्टर के बेटे ने फांसी लगाकर जान दी

NBT न्यूज, आलमबाग : आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले चिकित्सक के बेटे ने मंगलवार दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली प्रभारी सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि हिंदी कनौरा निवासी डॉ. इस्लामुल हक के बेटे फरीदुल हक (38) ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। घरवालों के अनुसार फरीदुल विवाहित थे और उनके दो बेटे हैं। वह लंबे समय से मानसिक अवसाद से पीड़ित थे और नूर मंजिल से इलाज चल रहा था। उन्होंने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### होटल प्रबंधन ने एडवांस लेकर नहीं दिए कमरे

NBT न्यूज, लखनऊ : इंदिरानगर निवासी सुरेश बहादुर सिंह ने बताया कि 29 नवंबर को उनकी बेटी की शादी बलरामपुर गार्डन में था। पीड़ित ने बारात ठहराने के लिए साहू मार्ग स्थित होटल रेजिडेंसी में 25 कमरे बुक करवाए थे। मार्च में उन्होंने एडवांस में 11 हजार रुपये दिए थे। बाद में होटल मैनेजर राम कुमार व अधिकारी अरुण सहे ने 25 कमरे देने में आनाकानी की। विरोध पर आरोपितों ने अभद्रता की। सीपी के आदेश पर आरोपितों के खिलाफ हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### वाहन की टक्कर से इलेक्ट्रिशन की मौत

NBT न्यूज, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में सोमवार रात पैदल घर जा रहे एक इलेक्ट्रिशन की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गुलेखेड़ा निवासी अनिल रावत (41) सोमवार शाम एक होटल से काम कर घर जा रहे थे। दोस्त ने उन्हें 10 बजे आरटीओ कार्यालय के पास उतार दिया। इसके बाद अनिल पैदल घर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अनिल को परिचित राहुल ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अधूरा भुगतान कर लग्जरी कार लेकर फरार

NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली में एक फर्म संचालक ने परिचित पर लग्जरी कार के पूरे पैसे न देने का मुकदमा दर्ज करवाया है। फर्म संचालक मो. आलम के अनुसार अक्टूबर 2025 में उनकी फर्म अदानन्द ऑटो सेल्स से मर्सिडीज ई-क्लास 48 लाख रुपये में शाहजहांपुर के रजनीश ने ली थी। रजनीश ने केवल 25 लाख रुपये ट्रांसफर किए और शेष रकम एक माह में देने का वादा किया। तय समय बीतने के बाद आरोपित ने फोन बंद कर लिया। कार वापस मांगने पर झूठी शिकायत दी गई। पुलिस ने अमानत में खयानत की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बीकेटी : सड़क हादसे में युवक की मौत

NBT न्यूज, बीकेटी : कुर्सी-कुम्हरावां रोड पर सोमवार रात वाहन की टक्कर से साइकल सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मुसपिरी निवासी रामनाथ रावत (36) मजदूरी कर साइकल से घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अनुज ने बताया कि रामनाथ के परिवार में पत्नी मिथु, एक बड़ी बेटी प्रिया, एक छोटा बेटा और तीन माह की नवजात बेटी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मोबाइल टॉवर से सोलर पैनल चोरी

NBT न्यूज, बंथरा : बंथरा में चोरों ने मोबाइल टॉवर से 10 सोलर पैनल चोरी कर लिए, जिससे दूरसंचार सेवाएं प्रभावित हो गईं। आरएस कंपनी की ओर से इंडस टॉवर के टेक्नीशियन नितिन सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोरों के कारण आसपास के दो मोबाइल टॉवरों की नेटवर्क सेवा बाधित हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डिलिवरी पार्सल में मोबाइल की जगह मिट्टी, केस दर्ज

## कर्मचारी पर 1.75 लाख की हेराफेरी का आरोप



NBT न्यूज, लखनऊ : इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कल्याणपुर हब से जुड़े एक डिलिवरी असोसिएट पर महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान की हेराफेर के मामले में गुडंबा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कंपनी के प्रतिनिधि शैलेश गौड़ के मुताबिक इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय बेंगलुरु में स्थित है। गुडंबा के कल्याणपुर स्थित हब से पार्सल डिलिवरी की जाती है। शैलेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 25 सितंबर 2025 को कल्याणपुर हब पर कार्यरत डिलिवरी असोसिएट गोपाल सिंह को चार पार्सल सौंपे गए थे। संदेह होने पर जब पार्सलों की जांच की गई तो दो सैमसंग मोबाइल और दो एपल स्मार्ट वॉच के डिब्बों में असली उत्पाद की जगह मिट्टी भरी मिली। पूछताछ में गोपाल सिंह ने स्वीकार किया कि उसने ये पार्सल अपने परिचित राजेश सिंह के साथ मिलकर बदल दिए थे। आरोप है कि दोनों ने आपराधिक साजिश के तहत करीब 1.75 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक सामान की चोरी और धोखाधड़ी की। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। चोरी किए गए सामान की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मासूम बच्ची को घर पर बुलाकर रेप का आरोप

## माता-पिता गए थे काम पर, परिवारीजनों ने आरोपित दुकानदार को पकड़ कर पुलिस को सौंपा


NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लवकुश नगर इलाके में परचून दुकानदार ने घर के बाहर आग ताप रही मासूम बच्ची को बहाने से बुलाया। अपने घर ले जाकर उससे रेप किया। इसी बीच बच्ची का पिता घर पहुंचा। बच्ची आरोपित के घर से रोते हुए निकली। उस समय में तो बच्ची पिता को हकीकत बयां नहीं कर सकी। मां के घर आने पर बच्ची ने आपबीती सुनाई। परिवारीजन पूरी घटना सुनकर सन्न रह गए। परिवारीजनों ने आरोपित को पकड़ कर गाजीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

लवकुश नगर इलाके में एक हलवाई परिवारीजनों के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी लोगों के घरों में खाना बनाती हैं। परिवार के अन्य सदस्य पहली मंजिल में रहते हैं। मंगलवार सुबह दोनों माता-पिता काम पर चले गए थे। बेटी (3) घर के बाहर आग ताप रही थी। बाकी लोग पहली मंजिल पर थे। पिता के मुताबिक उनके घर के सामने ही आरोपित रिशु (19) की घर में परचून की दुकान है। उसने बच्ची को बहाने से अपने पास बुलाया। इसके बाद वह बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने घर के अंदर ले गया। पहले उसने बच्ची के साथ अश्लील हरकतें कीं। इसके बाद बच्ची के साथ रेप किया। इसी बीच पीड़ित बच्ची के पिता घर पहुंचे। उन्होंने देखा कि बच्ची घर पर नहीं है। उन्होंने आस-पड़ोस के लोगों से बच्ची के बारे में पूछा। लोगों ने बताया कि रिशु के साथ बच्ची को जाते हुए देखा था।

पिता अपनी बेटी को आवाज देते हुए रिशु के घर के बाहर पहुंचे। बच्ची रोते हुए घर के बाहर आई। पिता ने बच्ची के रोने का कारण पूछा। उस समय बच्ची कुछ सही से बता नहीं सकी। बच्ची ने इतना ही बताया कि रिशु ने उसे पीटा है। पिता ने रिशु के परिवारीजनों से शिकायत करने की बात कह कर बच्ची को शांत कराया। कुछ देर बाद मां घर पहुंची। बच्ची रो रही थी। मां ने बच्ची से रोने का कारण पूछा। बच्ची ने प्राइवेट पार्ट में दर्द होने की जानकारी दी। मां ने देखा तो बच्ची के ब्लीडिंग हो रही थी। उसके घाव भी था। मां ने परिवारीजनों को घटना के संबंध में जानकारी दी। बताया कि आरोपित रिशु ने बच्ची के साथ गलत हरकत की है। यह सुनकर परिवारीजन स्तब्ध रह गए। परिवारीजनों ने 112 पर को घटना की सूचना दी। इसी बीच परिवारीजनों ने आरोपित रिशु को पकड़ लिया। परिवारीजनों ने आरोपित को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गाजीपुर पुलिस के मुताबिक मामले की पड़ताल की जा रही है।

### बच्ची सहमी हुई है



मां ने बताया कि बच्ची दर्द से तड़प रही थी। वह आरोपित रिशु की हरकत से इतना डर गई थी कि कुछ भी सही से बता नहीं पा रही थी। उसका रो-रोकर बुरा हाल था। घटना के बाद से बच्ची ने कुछ भी खाया नहीं। पुलिस ने जब मेडिकल कराने की बात कही तो बच्ची डर के कारण कहीं जाने को तैयार नहीं थी। बच्ची अपनी मां से ही लिपटी हुई थी। बच्ची ने मां को यह भी बताया कि जब उसने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपित ने उसकी पिटाई भी कर दी थी।

# नौकरी का झांसा दे बेरोजगारों को ठगा, एक आरोपित अरेस्ट

## टाटा मोटर्स में नौकरी के नाम पर फंसाता था

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी करने वाले साइबर फ्रॉड गैंग के एक सदस्य को इटौंजा और साइबर क्राइम सेल ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान बुलंदशहर निवासी आयुष शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

इटौंजा के अमानीगंज निवासी निहाल चंद्र गुप्ता ने पुलिस को बताया था कि एक नंबर से कॉल आई थी। उसे टाटा मोटर्स में नौकरी लगने का झांसा दिया गया था। चयन प्रक्रिया पूरी करने व अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर पीड़ित से रुपयों की मांग की गई थी। पीड़ित को कई क्यूआर कोड भेजे गए थे। पीड़ित ने क्यूआर कोड के जरिए 3,33,903 ट्रांसफर किए थे। पीड़ित की शिकायत के बाद से इटौंजा पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से मामले की पड़ताल कर रही थी। छानबीन के दौरान पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

**जॉब पोर्टलों पर देते थे फर्जी विज्ञापन :** आरोपित ने बताया कि वह विभिन्न जॉब पोर्टलों पर टाटा मोटर्स में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने के नाम से विज्ञापन पोस्ट करता था। इच्छुक अभ्यर्थी उससे ई-मेल और वॉट्सऐप के जरिए सम्पर्क करते थे। आरोपित ने टाटा मोटर्स के नाम से फर्जी ई-मेल आईडी rajeev.tatamotors.com@gmail.com बनाई थी। इससे कि बेरोजगार उसके झांसे में फंस जाते थे। आरोपित ने फर्जी विज्ञापनों के जरिए कई लोगों को जाल में फंसाया था।

**फर्जी नाम पर सिम और किराए पर अकाउंट :** आरोपित ने फर्जी नाम पते पर सिम कार्ड लिए थे। फ्रॉड के लिए उन्हीं सिम कार्ड का प्रयोग करता था। आरोपित साइबर फ्रॉड की रकम ट्रांसफर कराने के लिए किराए पर बैंक अकाउंट भी लिए थे। आरोपित ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने व उसके गिरोह के सदस्यों ने ऑनलाइन वॉलेट भी बना रखे थे। ठगी रकम उन वॉलेट में ट्रांसफर करके क्रिप्टो में भी बदल लेता था। आरोपित ने बताया कि दो-तीन साइबर फ्रॉड की घटनाएं करने के बाद वह फर्जी नाम पते पर लिए गए सिम कार्ड को तोड़कर फेंक देता था। जिससे कि उसे ट्रेस न किया जा सके।




### फर्जी नियुक्ति पत्र भी भेजता था

आरोपित ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह व उसके गिरोह के लोग टाटा मोटर्स में नौकरी का फर्जी नियुक्ति पत्र भी पीड़ितों को भेजते थे। जिससे कि पीड़ितों का विश्वास जीता जा सके और उनसे रुपये की ठगी की जा सके। पुलिस के मुताबिक आरोपित के पास से बरामद हुए मोबाइल फोनों से कई अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपित के वॉट्सऐप की हिस्ट्री चेक करने पर पता चला कि उसने दर्जनों लोगों से नौकरी के नाम पर फ्रॉड किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित के खिलाफ कुछ धाराएं भी बढ़ाई हैं। पुलिस ने बताया कि मौजूदा समय में आरोपित गाजियाबाद स्थित वेवसिटी में ड्रीम होम्स में अपार्टमेंट में रह रहा था।

### दोस्त पर ₹70.80 लाख हड़पने का आरोप

NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में दोस्ती की आड़ में 70.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित अभय भटनागर ने बैंककर्मी सचिन मिश्रा पर व्यवसाय के नाम पर 64 लाख रुपये हड़पने और चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर से 6.80 लाख रुपये अपनी मां के खाते में ट्रांसफर कराने का आरोप लगाया है। दोनों की दोस्ती वर्ष 2019 में बैंक ट्रेनिंग के दौरान हुई थी। पीड़ित का आरोप है कि सचिन ने उसी बैंक में खाता खुलवाया और चेक चोरी कर बैंककर्मियों की मिलीभगत से रकम निकाल ली। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपित बैंककर्मी, उसकी मां और अन्य सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रियल एस्टेट कंपनी पर ₹50 लाख रुपये फ्रॉड का आरोप

बिजनौर इलाके में रिटायर्ड सैन्यकर्मी ने रियल एस्टेट कंपनी स्वमिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। सरवन नगर पूर्व सैन्यकर्मी सुभाष गुप्ता के अनुसार जनवरी 2021 में कंपनी ने उन्हें एक अच्छा मकान दिखाकर दो-तीन माह में निर्माण पूरा कर कब्जा देने का आश्वासन दिया। उसी साल फरवरी में एग्रीमेंट कर उन्होंने अलग-अलग किश्तों में रुपये दे दिए, लेकिन तय समय पर मकान नहीं बनाया गया। कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। आरोप है कि साजिश के तहत फर्जी रजिस्ट्री भी की गई। डीसीपी साउथ के निर्देश पर बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कमाई का झांसा देकर ऐंठे ₹50 लाख

NBT न्यूज, लखनऊ : कंपनी में निवेश कर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने 50 लाख रुपये ठग लिए। मेरठ निवासी बिलाल के अनुसार वॉट्सऐप मैसेज के जरिए संपर्क कर खुद को फॉर एवर लिविंग प्रोडक्शन कंपनी से जुड़ा बताया गया। 7 प्रतिशत प्रतिमाह लाभ का भरोसा दिलाकर कई किश्तों में रुपये जमा कराए गए। शुरुआत में मुनाफा देकर विश्वास जीता गया, लेकिन बाद में रकम लौटाने से इनकार कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर हुसैनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### साइबर जालसाजों ने बैंक खाते से उड़ाए 45 हजार

साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से 45 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित सैय्यद मोहम्मद निवासी सआदतगंज ने सोमवार को ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का खाता बैंक ऑफ इंडिया की हरदोई रोड स्थित यूनिटी कॉलेज शाखा में है। सैय्यद मोहम्मद के अनुसार 5 दिसंबर की रात करीब 12:30 बजे उनके खाते से अचानक 45 हजार रुपये निकल गए। अगले दिन बैंक जाकर जानकारी करने पर ट्रांजेक्शन की पुष्टि हुई। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी को ओटीपी या बैंक डिटेल साझा नहीं की थी। साइबर सेल में शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर ठगों ने 51 हजार ठगे

NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगों ने आरक्षी से 51 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित आरक्षी राजेश श्रीवास्तव के अनुसार 25 सितंबर की रात एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को रिश्तेदार बताकर अपोलो अस्पताल में इलाज के नाम पर पैसे मांगे। उन्होंने यूपीआई से से 51 हजार रुपये भेज दिए। बाद में ठगों ने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर 45 हजार रुपये और मांगने का दबाव बनाया। शक होने पर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन और स्थानीय थाने में शिकायत की।

# आधार की मजबूरी से नहीं मिली मुक्ति

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लर्निंग डीएल के ऑनलाइन आवेदन में पिता का नाम मैनुअल दर्ज करने की सुविधा के बाद भी तमाम आवेदकों की समस्या बरकरार है। सिर्फ आधार की अनिवार्यता के कारण दूसरे जिलों या राज्यों में रहने वाले मौजूदा पतों से लर्निंग डीएल के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे।

**DL के लिए दूसरे जिलों में रहने वाले नहीं कर पा रहे आवेदन**

NIC के सॉफ्टवेयर सारथी पोर्टल पर लर्निंग लाइसेंस के लिए आधार कार्ड ही एकमात्र दस्तावेज अनिवार्य है, जबकि मोटर वीइकल ऐक्ट के तहत 10 प्रमाण पत्र मान्य हैं। इनमें वोटर आईडी कार्ड, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी, पासपोर्ट, केंद्र-राज्य या स्थानीय प्रशासन की ओर जारी पे स्लिप, स्कूल प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, सिविल सर्जन से ऊपर के मेडिकल प्रैक्टिशनर की ओर जारी प्रमाण पत्र, राज्य सरकार की ओर से जारी प्रमाण पत्र को लर्निंग लाइसेंस के लिए मान्य किया गया है। 2022 में जब घर बैठे लर्निंग DL बनवाने की व्यवस्था बनाई गई तो इसमें कहा गया कि आधार कार्ड जरूरी होगा।




### सबसे ज्यादा दिक्कत नौकरी पेशा को

फेसलेस DL बनवाने में सबसे ज्यादा दिक्कत नौकरीपेशा लोगों को है। उदाहरण स्वरूप लखनऊ में नौकरी करने या पढ़ाई करने दूसरे जिले से आए लोगों का यहां लाइसेंस नहीं बनेगा। उन्हें लाइसेंस बनवाने के लिए मूल जिले का रुख करना पड़ेगा, क्योंकि फेसलेस व्यवस्था के तहत अन्य प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं होंगे। ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ कार्यालय में प्रतिदिन कम से कम 10 नौकरीपेशा और छात्र अपनी इस समस्या के साथ आ रहे हैं। वे मोटर वीइकल ऐक्ट का हवाला भी देते हैं, लेकिन फेसलेस में यह व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उनको अपने परमानेंट DL के लिए आधार कार्ड के पते वाले जिले में जाना पड़ता है।

# पारिवारिक विवाद में थाने पहुंचे युवक ने खुद को लगाई आग

NBT न्यूज, लखनऊ : मां और पिता के बीच चल रहे विवाद से परेशान एक युवक ने अलीगंज थाने में खुद को आग लगा ली। पुलिस ने आग बुझाकर उसे सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है।


एसीपी अलीगंज सैयद अली अब्बास ने बताया कि शेखपुर कॉलोनी निवासी कृष्णपाल (20) सोमवार दोपहर थाने पहुंचा। उसे खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई और उसे अस्पताल पहुंचाया। कृष्ण पाल ने बताया कि उसके पिता राजेश का मां रानी से विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में है। दोनों में आए दिन लड़ाई होती है। कृष्णपाल ने बताया कि सोमवार को मां ने उससे हाई स्कूल की मार्कशीट मांगी थी। मना करने पर उसका मां से झगड़ा हो गया। एसीपी का कहना है कि कृष्णपाल की हालत खतरे से बाहर है।

### ई-रिक्शा से टकराकर दुकान में घुसी कार

NBT न्यूज, निगोहां : निगोहां में मंगलवार शाम तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़ी बाइक से टकराते हुए एक व्यापारी की दुकान में जा घुसी। दुर्घटना में मीरकनगर निवासी ई-रिक्शा चालक रिंकू चौरसिया गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को ऐंबुलेंस से सीएचसी मोहनलालगंज भेजा। वहीं कार सवार मीरजापुर निवासी दीपक और उसके परिवार की एक महिला को हल्की चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष अनुज तिवारी ने बताया कि कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।



# फ्लैट की पांचवीं मंजिल पर लगी आग, घर का सामान जला



NBT न्यूज, पीजीआई : पीजीआई इलाके के सेक्टर 16 स्थित हिमालया एन्क्लेव अपार्टमेंट के सेक्टर डी-1 ब्लॉक में मंगलवार रात पांचवीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि फ्लैट में रखा कुछ सामान जल गया।

हिमालया एन्क्लेव के फ्लैट नंबर 503 में अभिषेक कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार रात रात करीब साढ़े आठ बजे फ्लैट के मास्टर बेडरूम में आग लगी। आग लगते ही फ्लैट में मौजूद लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए बाहर निकलकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिससे समय रहते बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जानकारी में दीये से आग लगने की बात सामने आ रही है, हालांकि कोई पुष्टि नहीं कर रहा है। दमकल विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है।

### राजाजीपुरम में रेस्टोरेंट में लगी आग

NBT न्यूज, राजाजीपुरम : राजाजीपुरम रूपम चौराहा के मंगलवार शाम एक रेस्टोरेंट में आग लग गई। मौके पर पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।



पारा निवासी विनय मिश्र का राजाजीपुरम ई-ब्लॉक रूपम चौराहा के पास अवंश रेस्टोरेंट है। मंगलवार को किचन में तड़का लगाते समय एग्जॉस्ट फैन में आग लग गई। देखते ही देखते आग किचन में फैल गई। लोगों ने पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू करने का प्रयास किया। तब तक मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंच गईं। फायरकर्मियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से लाखों का नुकसान हो गया, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई।

# कक्षा 9 के छात्र ने फांसी लगाकर जान दी


## जानकीपुरम की घटना, आत्महत्या के कारण का पता नहीं चला

NBT न्यूज, लखनऊ : जानकीपुरम सेक्टर-सी में कक्षा 9 के छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पूछताछ में परिवारिजन आत्महत्या के कारणों के बारे में नहीं बता सके।

विकासनगर स्थित जानकीपुरम सेक्टर-सी निवासी महेंद्र प्रताप सिंह सिक्योरिटी एजेंसी चलाते हैं। उनका इकलौता बेटा आर्यन जायसवाल उर्फ शानू (16) सीएमएस अलीगंज सेक्टर ओ ब्रांच में कक्षा 9 का छात्र था। मां सोभना ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात आर्यन फोन देखकर पहली मंजिल पर अपने कमरे में चला गया। उसने कहा कि उसे सुबह जल्दी जगा देना। तड़के सुबह सोभना उसे उठाने पहुंचीं तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने जाली से अंदर झांका। आर्यन के गले में पड़े फंदे को रस्सी देख वह चीखने लगीं। शोर शराबा सुनकर पहुंचे परिवारिजन जाली काटकर कमरे में दाखिल हुए और आर्यन को हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही विकासनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

**पढ़ाई में अच्छा था :** मामा दीपू जायसवाल ने बताया कि आर्यन पढ़ने में अच्छा था। प्री-एग्जाम में उसे 75% नंबर मिले थे। इसके बाद से वह हाईस्कूल में 95% नंबर लाने का लक्ष्य लेकर पढ़ाई कर रहा था। एसआई जितेंद्र सिंह का कहना है कि शुरुआती जांच में पढ़ाई को लेकर परेशान होने की बात सामने आ रही है।

### बेसुध हो गई मां और दादी



आर्यन के परिवार में पिता महेंद्र, मां सोभना, दो छोटी बहनें रोजी और जासमीन के अलावा दादी सतोष हैं। उसकी मौत ने सभी को झकझोर दिया, सोभना और सतोष का रो-रो कर बुरा हाल है। विकास नगर थाने के अतिरिक्त प्रभारी एसएसआई विजेंद्र सिंह का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल परिवारिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

# टीचर का पीछा कर हमला करने वाले बदमाशों का सुराग नहीं

NBT न्यूज, लखनऊ : स्कूल से लौट रही टीचर का एक किमी तक पीछा कर कार पर हमला करने वाले बदमाशों का विभूतिखंड पुलिस एक हफ्ते बाद मंगलवार को भी सुराग नहीं लगा सकी।

विभूतिखंड निवासी पार्षद शैलेंद्र वर्मा की पत्नी सरिता निजी स्कूल में टीचर हैं। शैलेंद्र ने बताया कि 9 दिसंबर को सरिता स्कूल से लौट रही थीं। शाम चार बजे विनयंत खंड स्थित जीएस लॉन के पास बीच सड़क पर दो बाइकों पर बैठे तीन युवकों ने हॉर्न बजाने के बाद भी बाइक किनारे नहीं की। सरिता किसी तरह वहां से निकल गईं, लेकिन तीनों बाइक सवार उनके पीछे लग गए। युवकों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया और कार का शीशा नीचे करने को कहा। सरिता ने कार नहीं रोकी तो आरोपितों ने एक किमी तक पीछा किया और कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिससे उनका साइड मिरर टूट गया। इसके बाद आरोपित वहां से भाग निकले। शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि दोनों बाइक सवारों का फुटेज मिल गया है, जिसे उन्होंने पुलिस को दे दिया है। इंस्पेक्टर अमर सिंह का कहना है कि फुटेज की मदद से हमलावरों की तलाश की जा रही है।

**CCTV फुटेज होने के बाद भी विभूतिखंड पुलिस के हाथ खाली**





# पानी के विवाद में मारपीट, लूट और फायरिंग का आरोप

NBT न्यूज, बिजनौर : बिजनौर के बलसिंह खेड़ा निवासी राम कुंवर ने गांव के दिलीप यादव और उसके साथियों पर बेटे और बहू के साथ मारपीट, लूट व फायरिंग का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामला खेत में पानी लगाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद से जुड़ा है और तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

राम कुंवर के अनुसार उनका बेटा विनय अपनी पत्नी के साथ सोमवार रात करीब 12 बजे संजीवनी हॉस्पिटल से बच्चे की दवा लेकर घर लौट रहा था। नहर से गांव की ओर मुड़ते ही स्कॉर्पियो और अल्टो सवार दिलीप यादव अपने 8–10 साथियों के साथ वहां पहुंच गया। आरोप है कि तमंचा दिखाकर विनय को रोका गया, उसकी पिटाई की गई और सोने की चेन लूट ली गई। विनय की पत्नी के साथ भी अभद्रता की गई। आरोप है कि बाद में आरोपी परिजन व साथी पीड़ित के घर पहुंचे, पत्थरबाजी की और तमंचे से फायरिंग की। पीड़ित ने डायल-112 पर सूचना दी है।

# तीन महीने की तैयारी में बन गए क्लैट के सिटी टॉपर

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ

देश के टॉप लॉ यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए होने वाले कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) का रिजल्ट मंगलवार देर शाम जारी कर दिया गया। इसमें ओजस दीक्षित ने ऑल इंडिया 23वीं रैंक के साथ शहर में टॉप किया है। ओजस जयपुरिया में 12वीं के छात्र हैं और तीन महीने पहले ही क्लैट की तैयारी शुरू की और पहले ही प्रयास शहर में टॉप किया है। इसके अलावा इशान त्रिपाठी ने 77 वीं रैंक और वंदिता उपाध्याय ने 88वीं रैंक हासिल कर टॉप 100 में जगह बनाई है। क्लैट एक्सपर्ट नितिन राकेश ने बताया कि इस बार छात्रों की संख्या हर बार से ज्यादा थी। महज लखनऊ से जहां पिछली बार 2,300 छात्रों ने परीक्षा दी थी तो इस बार 3 हजार से अधिक इसमें शामिल हुए हैं। इसकी वजह से इस बार कटऑफ हाई गई है। पिछले साल 108 अंक पर नैशनल टॉपर था जबकि इस बार 108 अंक सिटी टॉपर के आए हैं। इसके चलते दाखिलों में इस बार मारामारी ज्यादा होने की उम्मीद है।

**कंसोर्टियम ऑफ नैशनल लॉ यूनिवर्सिटीज की ओर से जारी किया गया रिजल्ट**

### मॉक टेस्ट से मिली मदद



23वीं रैंक हासिल करने वाले ओजस ने बताया कि मैंने सितंबर से ही तैयारी शुरू की और दिसंबर में परीक्षा दी। चूंकि जीके व मैथ्स स्ट्रॉन्ग थी इसलिए मदद मिली। मॉक टेस्ट से काफी फायदा हुआ। मैंने सबसे ज्यादा मॉक टेस्ट सॉल्व किए।

### पहला वकील बनूंगा परिवार का



वेलीबाग के इशान त्रिपाठी की ऑल इंडिया 77 रैंक आई है। इशान ने बताया कि मेरे पिता एयरफोर्स में हैं, मैं परिवार का पहला वकील बनूंगा। मेरे पिता ने एयरफोर्स में आने के बाद एलएलएम किया था और उन्हीं से प्रेरणा लेकर मैंने लॉ की तैयारी की।

### पैरेंट्स डॉक्टर बेटी ने चुना लॉ



वंदिता उपाध्याय की ऑल इंडिया 88वीं रैंक आई है। वंदिता ने बताया कि मेरे पिता डीएन उपाध्याय केजीएमयू में डॉक्टर हैं। मां भी डॉक्टर हैं लेकिन उन्होंने कभी प्रेशर नहीं बनाया। मेरा लॉ में रुझान था तो उन्होंने मुझे प्रेरित किया। अब मैं ज्यूडिशरी में जाना चाहती हूं।

## अयुषी निगम बनी मेरिटोरियस काउंसिल की अध्यक्ष

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से अखिरकार मेरिटोरियस स्टूडेंट काउंसिल का गठन कर किया गया। मंगलवार को विवि की वीसी प्रो. मनुका खन्ना की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें एमए की छात्रा आयुषी निगम को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं श्रेया वर्मा व अश्वी शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी में 15 अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है। खास बात ये है कि यह चुनाव प्रोफेसरों की ओर से बनाई गई एक कमिटी ने किया है। इसमें मेरिटोरियस स्टूडेंट के कमिटी की ओर से इंटरव्यू लिए गए और इसके आधार पर छात्रों का चयन किया गया। विवि में छात्रसंघ नहीं है। ऐसे में विवि की ओर से मेरिटोरियस स्टूडेंट काउंसिल बनाई गई है, लेकिन इसमें भी चुनाव कराने की जगह विवि की ओर से इंटरव्यू लेकर कमिटी का गठन किया जाता है।

## हिमाचल विवि का ई-कंटेंट पढ़ सकेंगे BBAU के छात्र

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय अब शोध और रिसर्च पर मिलकर काम करेंगे। खासकर इंडियन नॉलेज सिस्टम पर दोनों विवि मिलकर शोध को बढ़ावा देंगे। साथ ही दोनों पठन सामग्री से लेकर संसाधनों का आदान प्रदान भी करेंगे। इसके लिए मंगलवार को दोनों विवि के बीच एमओयू साइन किया गया। मौके पर हिमाचल विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल समेत बीबीएयू के अन्य शिक्षक व अधिकारी मौजूद रहे।

बीबीएयू व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि के बीच हुआ MoU

बीबीएयू वीसी प्रो. राज कुमार मित्तल ने बताया कि इस एमओयू के तहत भारतीय ज्ञान प्रणाली पर हम मिलकर काम करेंगे। भारतीय दर्शन, संस्कृति, भाषाओं, कला, शासन, स्थिरता, स्वदेशी विज्ञान और सामाजिक प्रणालियों से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग को सुदृढ़ किया जाएगा। ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स के संयुक्त उपयोग को स्थापित किया जाएगा। इससे हिमाचल विवि का ई-कंटेंट बीबीएयू के छात्र पढ़ सकेंगे और बीबीएयू के हिमाचल विवि का। इससे दोनों ही विवि को लाभ हो सकेगा।

# कोर्स अधूरा, कैसे होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

## पुनर्वास विवि का मामला, शासन के अकैडमिक कैलेंडर के मुताबिक दिसंबर तक हो जाने चाहिए एग्जाम

■NBT न्यूज, लखनऊ




AI Image

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और लखनऊ विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाएं समापन की ओर हैं, जबकि डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अब तक सेमेस्टर परीक्षा का कार्यक्रम तय ही नहीं हो सका है। राज्य सरकार के अकैडमिक कैलेंडर में सभी शिक्षण संस्थानों को दिसंबर तक सेमेस्टर परीक्षाएं करवा लेने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन आधा दिसंबर बीतने पर भी पुनर्वास विवि में परीक्षा का दौर शुरू नहीं हुआ है।

परीक्षाएं करवाने के लिए कम से कम 90 दिन छात्रों की कक्षाएं चलनी चाहिए

यूजीसी के नियमों के मुताबिक सेमेस्टर परीक्षाएं करवाने के लिए शिक्षण संस्थानों में कम से कम 90 दिन छात्रों की कक्षाएं चलनी चाहिए। इसके बाद ही उनकी सेमेस्टर परीक्षाएं करवाई जाएं। पुनर्वास विवि में सितंबर तक प्रवेश प्रक्रिया चलने के कारण यहां छात्रों की कक्षाएं भी देरी से शुरू हुईं। ऐसे में उनका कोर्स भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है। वहीं, विवि के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय का कहना है कि दिव्यांग छात्रों को हॉस्टल देने में विलंब होने से परीक्षाओं में देरी हो रही है। 24 अक्टूबर को अकैडमिक काउंसिल की बैठक में अकैडमिक कैलेंडर में परिवर्तन कर सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी के पहले सप्ताह में करवाने का निर्णय लिया गया है। कोशिश है कि सब समय पर पूरा कर लिया जाए।

**दूसरे विवि काफी आगे:** भाषा विवि के परीक्षा नियंत्रक विकास कुमार ने बताया कि विवि में परीक्षाओं के साथ मूल्यांकन कार्य चल रहा है। 20 दिसंबर को परीक्षाएं खत्म हो जाएंगी और जनवरी के पहले सप्ताह में परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विवि में 25 नवंबर से पहले सेमेस्टर को छोड़कर बाकी सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। आधी से ज्यादा परीक्षा हो चुकी है। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी के पहले सप्ताह में प्रस्तावित हैं।

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात — क्यों अधूरा है कोर्स?

पुनर्वास विश्वविद्यालय में सीयूईटी के माध्यम से यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के साल की शुरुआत में आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई थी। विवि को उम्मीद थी कि सीयूईटी के जरिए सभी सीटें भर जाएंगी, लेकिन स्टूडेंट्स ने विवि में दाखिले के लिए रुचि नहीं दिखाई। सीटें न भरने पर विवि ने सीयूईटी की मेरिट से आगे स्तर से दाखिले शुरू किए। इस कारण सितंबर के अंत तक दाखिले होते रहे और पढ़ाई देर से शुरू हुई और अब परीक्षा में भी व्यवधान हो रहा है।

## फीस जमा, पोर्टल पर अनपेड



■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU) में परीक्षा फॉर्म भरने में छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों की ओर से परीक्षा शुल्क विवि की वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा कर दिया गया, लेकिन खाते से छात्रों का पैसे कटने के बाद वेबसाइट पर अनपेड दिखा रहा है। ऐसे में अब छात्र परेशान हैं। इसको लेकर काफी संख्या में छात्रों ने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया है। शुल्क अनपेड दिखने से कई छात्र परीक्षा से बाहर किए जाने आशंका से परेशान हैं। विवि की ओर से तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए किसी भी छात्र से दोबारा शुल्क न जमा करने को कहा गया है।

एकेटीयू में परीक्षा फॉर्म भरने के लिए विवि के ईआरपी पोर्टल पर फॉर्म भरकर पैसा जमा कराया जाता है। यह शुल्क छात्रों की ओर से जमा किया जाता है जिसके बाद कॉलेज की ओर से परीक्षा फॉर्म विवि को भेजा जाता है। बड़ी संख्या में इस बार ऐसे छात्र हैं जिनका शुल्क कट गया है लेकिन वेबसाइट पर अपडेट नहीं हुआ है। छात्र अभिषेक सिंह रजावत ने ने बताया कि परीक्षा शुल्क पांच दिन पहले जमा किया था लेकिन पांच दिन बाद भी वेबसाइट पर शुल्क अपडेट नहीं हुआ है। जबकि 23 दिसंबर से परीक्षा प्रस्तावित है ऐसे में कुछ पता नहीं है हमारा फॉर्म भर गया या नहीं। इसी तरह बीटेक के प्रियांशु चौरसिया ने भी शुल्क जमा कर दिया लेकिन डेटा अपडेट नहीं हुआ है।

**कॉलेजों को भेज दिया गया डेटा:** विवि के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि बैंक के गेटवे में दिक्कत आने के चलते यह परेशानी सामने आई थी। इसके बाद हमने जितने छात्रों ने शुल्क जमा कर दिया उसकी लिस्ट कॉलेजों को अलग से भेज दी है। साथ ही हर दिन ये लिस्ट भेजी जा रही है। जितने भी छात्रों ने शुल्क जमा कर दिया वह दोबारा शुल्क न जमा करें। वेबसाइट पर चाहे डेटा अनपेड हो छात्र कॉलेज में संपर्क कर अपना फॉर्म आगे बढ़वा सकते हैं।

## फर्जी वोटर के साथ टैक्स की मनमानी रोकेंगे

■NBT न्यूज, लखनऊ:



शहर की विभिन्न आवासीय सोसाइटियों में फर्जी तरीके से बन रहे वोटरों को SIR के माध्यम से रोकने और कूड़ा निस्तारण, सफाई सहित मूलभूत सुविधाओं के नाम पर टैक्स की मनमानी को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। मंगलवार को सुबह ऐकेंट एन्क्लेव में आयोजित वृंदावन फेडरेशन की बैठक में इन मुद्दों पर आवासीय समितियों के पदाधिकारियों में चर्चा की और समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के लिए मिलकर ठोस रणनीति के तहत काम करने पर सहमति जताई। बैठक में अवध विहार स्थित सरयू एन्क्लेव की अध्यक्ष मीना सिंह ने कहा कि कई निजी सोसायटियों में बिल्डर की मनमानी के चलते नगर निगम में टैक्स देने के बाद भी अलग से कूड़ा उठाने और साफ-सफाई के नाम शुल्क वसूला जा रहा है। महीनों से सोसायटी में फॉगिंग नहीं हुई, यही हाल दूसरी सोसायटियों का है। हिमालय एन्क्लेव के अध्यक्ष राममनोहर अग्रवाल ने बताया कि कई आवासीय समितियों में जिन फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं है, वहां फर्जी एग्रीमेंट बनवाकर ऑनलाइन वोटर बन रहे हैं, जिन्हें एसआईआर में बीएलओ के सहयोग से रोका जाएगा, इसका खुलासा सरयू एन्क्लेव में हो चुका है। 75 से ज्यादा लोगों के फर्जी वोटर के नाम कटवाए गए हैं। इस दौरान अरावली एन्क्लेव से सावरिया सिंह, एनएन त्रिपाठी, हलवासिया अपार्टमेंट के अध्यक्ष शेखर राय, आलोक सिंह, एनसी पाठक, विवेक पांडेय मौजूद रहे।

## 'बायोफायर मशीन कुछ ही समय में करेगी संक्रमण की पहचान'



माइक्रोबायोलजी विभाग के स्थापना दिवस पर VC डॉ. सोनिया नित्यानंद मौजूद रहीं।

■NBT न्यूज, लखनऊ: केजीएमयू माइक्रोबायोलजी विभाग में लगभग सवा करोड़ रुपये की लागत से बायोफायर मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन कुछ ही समय में संक्रमण की पुख्ता पहचान करके बताएगी। मरीजों को तमाम तरह के संक्रमण होते हैं। खासतौर से आईसीयू वेंटिलेटर के मरीज जल्द संक्रमण की जद में आ जाते हैं, उनके लिए बायोफायर मशीन बेहद कारगर होगी। यह जानकारी विभाग की हेड डॉ. विमला वेंकटेश ने विभाग के 39 वें स्थापना दिवस समारोह पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में दी। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि विभाग ने साल भर में लगभग साढ़े पांच लाख जांचें की हैं। आधुनिक जांचों को भी जोड़ा जा रहा है। यह विभाग संक्रामक रोग नियंत्रण, एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस, शिक्षण, जांच और शोध के लिहाज से अहम भूमिका निभा रहा है। विभाग के डॉ. शीतल वर्मा ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर और अन्य संवेदनशील जगहों में बैक्टीरिया व वायरस का पता लगाने के लिए आधुनिक एयर सैंपलर मशीन खरीदी गई है। 15 से 20 मिनट में यह मशीन हवा से सैंपल इकट्ठा कर लेती है। इससे और सटीक जांच मुमकिन है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की डॉ. कामिनी वालिया ने कहा कि एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस ने नई चुनौती खड़ी कर दी है। ऐसे में एंटीबायोटिक दवाओं का सोच समझकर इस्तेमाल करें। कार्यक्रम में डॉ. केके सिंह, डॉ. आरके कल्याण, डॉ. पारुल जैन, प्रतिकुलपति डॉ. अपजित कौर, डीन अकैडमिक्स डॉ. वीरेंद्र आतम, डॉ. सुरुचि शुक्ला आदि मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. एसके अग्रवाल (पूर्व कुलपति केजीएमयू), डॉ. मस्तान सिंह (पूर्व डीन), डॉ. अमिता जैन (पूर्व डीन), कार्यकारी निदेशक एम्स रायबरेली, डॉ. संजय सिंघल (विभाग के पूर्व हेड) को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया।

## शिक्षक सीनियॉरिटी पर रखे जाएंगे नीतिगत कमिटी में

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में नीतिगत निर्णय लेने वाली कमिटी में अब कॉलेजों के शिक्षकों को सीनियॉरिटी के आधार पर रखा जाएगा। इसके लिए अब एलयू सभी डिग्री कॉलेजों में तैनात शिक्षकों की सीनियॉरिटी लिस्ट बना रहा है। इसी लिस्ट के आधार पर अब कार्यपरिषद, अकैडमिक काउंसिल व बोर्ड ऑफ स्टडी में कॉलेजों के शिक्षकों को रखा जाएगा। इस संबंध विवि की रजिस्ट्रार भावना मिश्रा की ओर से उच्च शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा गया है। इसमें में डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों की वरीयता सूची विवि को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

LU रजिस्ट्रार की ओर से से मांगी गई सीनियॉरिटी लिस्ट

एलयू टीचर्स असोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय की ओर से विवि प्रशासन को पत्र लिखा गया था। इसमें डॉ. पांडेय ने विवि की विभिन्न कमिटियों में वरीयता सूची के आधार पर शिक्षकों का चयन करने की मांग की थी। वर्तमान में अभी विवि प्रशासन अपनी मर्जी से किसी भी शिक्षकों को कमिटी में शामिल कर लेता है। लंबे समय से असोसिएशन की ओर से यह मांग की जा रही थी। इस पर अब विवि प्रशासन की ओर से कार्रवाई शुरू की गई है। चूंकि डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों का ब्योरा उच्च शिक्षा अधिकारी के पास होता है। ऐसे में विवि की ओर से उच्च शिक्षा अधिकारी से सभी डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों की वरीयता सूची मांगी गई है। इसके बाद एलयू के सभी सरकारी कॉलेजों में सबसे सीनियर शिक्षक होंगे वही कमिटी में शामिल होंगे।

**निर्णयों में आएगी पारदर्शिता:** विवि की अकैडमिक काउंसिल व कार्यपरिषद में दो-दो सदस्य कॉलेजों से रखे जाते हैं। अब पिक एंड चूज के आधार पर वीसी इनका चयन करते हैं। इसमें जो भी विवि प्रशासन के करीबी होते हैं उन्हें रखा जाता है। व्यवस्था लागू होने के बाद जो सीनियर होंगे उन्हें ही इसमें शामिल किया जाएगा।

## NCC कैडेट्स ने मनाया विजय दिवस

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक विजय दिवस के मौके पर मंगलवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग ने सैनिकों के पराक्रम को याद किया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय और एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान कैडेट्स ने 1971 युद्ध के सैनिकों के बलिदान को याद किया।

## महापंचायत में जुटे किसान, MSP की मांग

■NBT न्यूज, पीजीआई: वृंदावन योजना के सेक्टर 16 में मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले आयोजित किसान महापंचायत में सैकड़ों महिला-पुरुष किसान जुटे। किसानों ने सर्किल रेट, बिजली और एमएसपी के मुद्दे के समाधान की मांग की। महापंचायत में वक्ताओं ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप लागू करने की मांग की।


## महानगर गैस लिमिटेड

सीआईएन: एल40200एमएच1995पीएलसी088133
1801-02, 18वीं मंजिल, ए विंग, पार्श्वी ट्रेडसेंटर, सी-38 और सी-39, ब्लॉक-जी, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, एमसीए के सामने, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051, महाराष्ट्र

MAHANAGAR GAS

**पैनल में शामिल होने की सूचना**

महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और रायगढ़ जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के वितरण के व्यवसाय में लगी हुई है।

एमजीएल की मौजूदा और नए क्षेत्रों में रसोई के अंदर पीएनजी कनेक्शन प्रदान करके अधिकतम संख्या में घरों तक पहुंचने की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, एमजीएल निम्नलिखित कार्यों के लिए एचएसई में सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाले सुदृढ़, सक्षम और योग्य ठेकेदारों को पैनल में शामिल करने का इरादा रखता है:

| क्र. सं. | श्रेणी |
| --- | --- |
| 1 | मध्यम/निम्न दबाव नेटवर्क के लिए पॉलीथीन (पीई) पाइपलाइन बिछाना |
| 2 | पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन के लिए आवश्यक GI पाइपलाइन (जमीन के ऊपर) का निर्माण और संबंधित गतिविधियाँ |
| 3 | गैसीफाइड भवन में ऑनलाइन पीएनजी कनेक्शन और लास्ट माइल कनेक्टिविटी |
| 4 | ओपन कट और एचडीडी के माध्यम से स्टील पाइपलाइन बिछाना |

जिन ठेकेदारों के पास प्रासंगिक अनुभव है और जो एमजीएल के साथ पैनल में शामिल होना चाहते हैं, वे निम्नलिखित पते पर अपने प्रासंगिक क्रेडेंशियल्स के साथ वॉक-इन कर सकते हैं:

| दिनांक | शहर | स्थान | समय |
| --- | --- | --- | --- |
| 22.12.2025 | नई दिल्ली | होटल ताज पैलेस, सरदार पटेल मार्ग, डिप्लोमैटिक एन्क्लेव, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली, दिल्ली 110021 मोबाइल: 9920383577 / 9324941163 | सुबह 11:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक |

किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया ई-मेल करें: bbhandari@mahanagargas.com; asingh@mahanagargas.com

नोट: जो ठेकेदार पहले से ही एमजीएल से जुड़े हुए/पैनल में शामिल हैं, उन्हें आवेदन करने या वॉक-इन में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है।

हस्ताक्षर/-
डी.एल. [illegible]
वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सी एंड पी)



## राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड

पो. बॉ. सं. 40, आणंद – 388001, गुजरात दूरभाष: 02692-260 148/149/160, फैक्स: 02692-260158
वेबसाइट: http://www.nddb.coop, ईमेल: purchase@nddb.coop
बोली के लिए आमंत्रण (IFB)/ स्थानीय प्रतिस्पर्धी बोली (LCB)

निम्नलिखित सूचीबद्ध कार्यों के लिए सेवा प्रदाताओं / एजेंसियों की ओर से पात्र बोलीदाताओं से बोलियां आमंत्रित हैं:

| क्रम सं. | कार्यों का विवरण/बोली संदर्भ | अनुमानित लागत (₹) लाख/ अवधि | [illegible] | बोली जमा करने/ खोलने की तिथि और समय |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| क | [illegible] |  |  |  |
| i | दावणगेरे, कर्नाटक में 5 LLPD LMP डेरी प्लांट NDDB/HO/Purchase/85/25-26/ET/85 [Civil-DAVANAGERE-2] | 7000 लाख/ 12 माह | 20.12.25 12.01.26 | 12.01.26 15:00 बजे 12.01.26 15:30 बजे |
| ii | कुप्पम, आंध्र प्रदेश में डेरी प्लांट और CFP के लिए बाउंड्री वॉल एवं अन्य सिविल कार्य NDDB/HO/Purchase/86/25-26/ET/86 [Civil-KUPPAM] | 297 लाख/ 08 माह | 19.12.25 09.01.26 | 09.01.26 15:00 बजे 09.01.26 15:30 बजे |
| iii | NDDB, मुंबई में [illegible] TPO [illegible] NDDB/HO/Purchase/87/25-26/ET/87 [Waterproof-MUMBAI] | 100 लाख/ 04 माह | 18.12.25 08.01.26 | 08.01.26 15:00 बजे 08.01.26 15:30 बजे |
| ख | [illegible] |  |  |  |
| i | दावणगेरे, कर्नाटक में 5 LLPD LMP डेरी प्लांट NDDB/HO/Purchase/88/25-26/ET/88 [LMP-DAVANAGERE] | 7500 लाख/ 12 माह | 20.12.25 12.01.26 | 12.01.26 15:00 बजे 12.01.26 15:30 बजे |
| ii | FRP, अमृतसर में [illegible] NDDB/HO/Purchase/89/25-26/ET/89 [Refri-AMRITSAR] | 1395 लाख/ 10 माह | 18.12.25 08.01.26 | 08.01.26 15:00 बजे 08.01.26 15:30 बजे |
| iii | FES, आणंद में HVAC कार्य NDDB/HO/Purchase/90/25-26/ET/90 [HVAC-ANAND] | 66 लाख/ 04 माह | 18.12.25 08.01.26 | 08.01.26 15:00 बजे 08.01.26 15:30 बजे |
| ग | NDDB आणंद में सुरक्षा सेवाएं प्रदान करना NDDB/HO/Purchase/91/25-26/ET/91 [Security-ANAND] | 212 लाख/ 12 माह | 17.12.25 07.01.26 | 07.01.26 15:00 बजे 07.01.26 15:30 बजे |
| घ | NDDB कोलकाता एवं RDTC सिलीगुड़ी में फैसिलिटी प्रबंधन सेवाएं NDDB/HO/Purchase/92/25-26/ET/92 [FMS-KOL-SILIGURI] | 81 लाख/ 12 माह | 17.12.25 07.01.26 | 07.01.26 15:00 बजे 07.01.26 15:30 बजे |

IFB के संबंधित अधिक जानकारी के लिए और बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए कृपया इन वेबसाइटों www.nddb.coop और www.mstcecommerce.com/eprocn को देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया ग्रुप प्रमुख (क्रय), एनडीडीबी, आणंद-388 001 से संपर्क करें।
विशेष सूचना: किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन इत्यादि को केवल इन वेबसाइटों पर प्रकाशित किया जाएगा।


भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में शताब्दी समारोह के प्री-फेस्टिवल कार्यक्रमों का शुभारंभ

## ओपन माइक में दिखे शास्त्रीय गीतों तक के रंग

■NBT न्यूज, लखनऊ



हैंडमेड आर्ट, ज्वेलरी, पेंटिंग्स के स्टॉल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे।

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के तहत मंगलवार को दो दिवसीय प्री-फेस्टिवल इवेंट्स का शुभारंभ हुआ। पहले दिन विद्यार्थियों के लिए ओपन माइक का आयोजन किया गया, जिसमें गायन विभाग के छात्रों ने शास्त्रीय, अर्धशास्त्रीय, भजन और लोकगीतों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं।

बीपीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र शिवांश मिश्र ने कृष्ण विरह पर आधारित भजन 'तुम्हारी याद आती है' प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। बीपीए गायन छठे सेमेस्टर के निशांत पांडेय ने दादरा 'तोहे लैके सांवरिया निकल चलिबे' तथा 'बिसराइयो न बालम हमार सुधिया' की मनोहारी प्रस्तुति दी। वहीं बीपीए प्रथम सेमेस्टर के विश्वम श्रीवास्तव ने राग दरबारी कान्हड़ा में तीन ताल में छोटा ख्याल 'घर जान दे छोड़ मोरी बइयां' प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। पुष्कर ने शारदा सिन्हा का प्रसिद्ध लोकगीत 'कोयल बिन बगिया न सोहे राजा' गाकर लोक संस्कृति की झलक दिखाई।

निर्णायक मंडल में विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक एवं गायक देवेंद्र कुमार पाठक शामिल रहे। कार्यक्रम का संयोजन तबला विभाग के एचओडी मनोज मिश्र ने किया। कुल 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संगत में तबले पर अनंत प्रजापति और हारमोनियम पर प्रशांत त्रिपाठी ने साथ दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विद्यार्थियों ने कला और खानपान के स्टॉल भी लगाए। हैंडमेड आर्ट, ज्वेलरी, पेंटिंग्स और पारंपरिक स्नैक्स के स्टॉल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे।

## फटाफट खबरें

### शिव विवाह प्रसंग सुन भक्त हुए भाव विभोर



■NBT न्यूज, लखनऊ: गोमतीनगर, विशेषखंड में चल रही राम कथा महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को भगवान शिव के विवाह का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। प्रवाचक लक्ष्मी प्रिया ने जीवन के आदर्श, मर्यादा और आध्यात्मिक मूल्यों को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया। राम कथा में स्थानीय पार्षद शैलेंद्र वर्मा, संजय मिश्र, रगनाथ द्विवेदी, विनोद गर्ग, दयाशंकर वर्मा, अतुल श्रीवास्तव, सुषमा वर्मा, आरएस पाण्डेय, ओमकार पांडेय, मुकेश राज, अलोक सिंह मौजूद रहे।

### DG को बताईं ARP की समस्याएं

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एआरपी असोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही के नेतृत्व में मंगलवार को बेसिक शिक्षा महानिदेशक से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने अकैडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) की समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अलग-अलग जिलों में एआरपी को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में काम करने के लिए तय 1,250 रुपये की धनराशि कई जिलों में अभी तक नहीं दी गई है। कई जिलों में एआरपी को बीएलओ व अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जो शासनादेश के विरुद्ध है। इस दौरान सर्वेश शुक्ला, प्रवीण चौधरी, शरद राय मौजूद रहे।

### यीशु की महिमा का किया गुणगान

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैंपस में कैम्ब्रिज सेक्शन की ओर से मंगलवार को क्रिसमसटाइड विंटरफेस्ट का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधि विशेषज्ञ अमृता पांडेय और विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार राय ने किया। कार्यक्रम में क्रिसमस कैरोल्स और संगीत बैंड फैंटम हार्मोनिक्स ने अपनी प्रस्तुति से प्रभु यीशु की महिमा का गुणगान किया। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रधानाचार्या निशा पांडेय मौजूद रहीं।

### बाल निकुंज में एनुअल स्पोर्ट्स फेस्ट शुरू

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बाल निकुंज इंटर कॉलेज, मोहिबुल्लापुर में मंगलवार को अंतर्शाखीय शिव सहाय वार्षिक खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता की शुरुआत बिस्किट रेस से हुई, जिसे कॉलेज के प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल ने हरी झंडी दिखाई। रेस में कुंज पांडे ने स्वर्ण, उदित गुप्ता ने रजत और अद्विक वर्मा ने कांस्य पदक जीता। बलून रेस, टोमैटो रेस, पोटैटो रेस, ऑरेंज रेस, हैंड्स रेस, फ्रॉग रेस आदि में लगभग 300 प्रतिभागियों ने शिरकत की। मोहिबुल्लापुर शाखा 20 स्वर्ण, 21 रजत और 23 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में सबसे आगे रहा।

### महिलाओं को बताए सुकन्या योजना के लाभ



■NBT, न्यूज लखनऊ: प्रधान डाकघर चौक में सीनियर पोस्ट मास्टर मनोज अरोड़ा ने क्षेत्रीय महिलाओं को केंद्र सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) लड़कियों के लिए तैयार की गई है, जो उन्हें उनकी उच्च शिक्षा और शादी के लिए एक मजबूत आर्थिक आधार प्रदान करती है। इस योजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें आप छोटी-छोटी मासिक बचत करके भी एक बड़ा फंड तैयार कर सकते हैं। बताया कि प्रति माह मात्र 375 रुपये का निवेश करते हैं, तो आप अपनी बेटी के लिए लाखों रुपये का फंड जमा कर सकते हैं।

### क्रिएटर्स कनेक्ट में मिला रचनात्मक को बढ़ावा

■NBT न्यूज, लखनऊ: एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में डिजिटल संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए 'क्रिएटर्स कनेक्ट 2025' का आयोजन किया गया। डिजिटल इन्फ्लुएंसर मिथिका द्विवेदी, मिस इंटरनैशनल डीवा इंडिया अपूर्वा चौहान ने डिजिटल करियर, कंटेंट क्रिएशन जैसे मुद्दों पर बात की। कार्यक्रम में पीयूष सिंह चौहान, सुष्मिता सिंह चौहान मौजूद रहीं।

### UP को-ऑर्डिनेशन कमिटी के अध्यक्ष बने मुकेश



■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: ए ऐंड ए बिल्ड प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश सिंह को एक बार फिर से इंडो अमेरिकन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) का यूपी को-ऑर्डिनेशन कमिटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुकेश सिंह ने फिर से जिम्मेदारी मिलने के बाद आईएसीसी नेतृत्व और सेक्रेटेरिएट लीडर का आभार व्यक्त किया है। मुकेश से कहा गया है कि वह एक को-चेयर और 3 से 5 कमिटी मेंबर्स का चयन करें।

### बाल मेले में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: न्यू पब्लिक कॉलेज, डिप्टीगंज, मौलमवा में आर्ट-क्राफ्ट, विज्ञान प्रदर्शनी व बाल मेला लगाया। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं की ओर से अलग-अलग मॉडलों के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक सोच व रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में गोविंद अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, हंसा पाण्डेय, सारिका श्रीवास्तव और ईशा शर्मा मौजूद रहीं।

### चंदन हॉस्पिटल में NICU की शुरुआत

■NBT न्यूज, लखनऊ: चंदन हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक एनआईसीयू का शुभारंभ किया गया। अस्पताल ने 'ग्रैजुएशन डे' मनाते हुए उन सभी नवजात शिशुओं का सम्मान किया, जो, कामयाब उपचार के बाद अब 'चंदन हॉस्पिटल एनआईसीयू ग्रैजुएट्स' बन गए हैं। अस्पताल के नियोनेटॉलजी के चेयरपर्सन और एनआईसीयू का नेतृत्व कर रहे डॉ. आशुतोष कपूर के मुताबिक चंदन हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित टीम समय से पहले जन्मे बच्चों, कम वजन वाले शिशुओं और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित नवजातों के लिए जी जान से लगी हुई है।

### 'वनों की कटाई से प्रभावित हो रहा हिमालय'

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में मंगलवार को जन क्रियाशीलता समिति (SHERPA) की ओर से व्याख्यान आयोजित किया गया। एलयू के पूर्व कुलपति प्रो जी. पटनायक ने कहा कि हिमालय केवल एक भूगर्भीय इकाई नहीं है, बल्कि लोगों के लिए इसमें एक रहस्यमय आकर्षण भी है। इसके माध्यम से बहने वाली विभिन्न नदियां जीवन का स्रोत हैं। लेकिन व्यापक वनों की कटाई और अन्य मानव हस्तक्षेपों के कारण ये प्रभावित हो रही हैं। कार्यक्रम में कुमकुम धर प्रो. सुधा वासन, प्रो. प्रतिभा राजू साहू, प्रो. प्रमोद कुमार गुप्ता व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### मंत्री ने किया अभिभावकों से संवाद

■NBT न्यूज, लखनऊ: आलमनगर ब्लॉक के बघुड मोहल आंगनबाड़ी केंद्र पर मंगलवार को अभिभावक आंगनबाड़ी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला अधिकारियों के साथ पहुंचीं और बच्चों व अभिभावकों संग संवाद किया। कार्यक्रम में अन्नप्राशन, गोद भराई और बच्चों से संबंधित कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राज्य मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र समुदाय में महिलाओं एवं बच्चों को पोषण, वृद्धि निगरानी और गतिविधि आधारित शाला पूर्व शिक्षा जैसी सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: cci Time: 12-17-2025 00:26 Color:



## हाई कोर्ट बेंच की मांग, आज मेरठ बंद


■ NBT न्यूज, मेरठ : पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर 17 दिसंबर को मेरठ बंद का ऐलान किया गया है। 22 जिलों के अधिवक्ताओं और 1000 से अधिक संगठनों ने बंद को समर्थन दिया है। मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शर्मा के अनुसार बंदी अपने आप में ऐतिहासिक होगी। हालांकि इस दौरान अस्पताल खुले रहेंगे और यातायात भी रोका नहीं जाएगा। इस दौरान 35 चिह्नित स्थलों पर धरना प्रदर्शन होगा। दावा है कि लोकसभा सांसद अरुण गोविल ने गृहमंत्री अमित शाह से अधिवक्ताओं की मुलाकात के लिए समय मांगा है।

# बैच के आधार पर नहीं हो सकता वेतन में अंतर: HC

### 2018 की उप्र सिपाही भर्ती के मामले में कोर्ट ने कहा-अंतर करना समानता के अधिकार का उल्लंघन

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2018 की उप्र पुलिस सिपाही भर्ती से जुड़े मामले में कहा है कि केवल प्रशिक्षण की तारीखों या बैच के आधार पर चयनितों के वेतन में अंतर नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने राज्य सरकार की उस नीति को असंवैधानिक और मनमाना करार दिया, जिसके तहत एक ही चयन प्रक्रिया से नियुक्त सिपाहियों को अलग-अलग प्रशिक्षण बैचों के आधार पर वेतन संरक्षण (पे प्रोटेक्शन) के लाभ से वंचित किया गया था। कोर्ट ने कहा कि जब सभी अभ्यर्थी एक ही विज्ञापन, चयन प्रक्रिया और अंतिम चयन सूची से नियुक्त किए गए हैं तो उन्हें समान सेवा लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट के निर्णय से 2018 भर्ती के हजारों सिपाहियों को समान वेतन और सेवा अधिकार सुनिश्चित होने का रास्ता साफ हो गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह एवं न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने राज्य सरकार की विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है। इसके साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिया कि 12 सप्ताह में विधिवत सहित 2018 भर्ती के तहत नियुक्त सभी अभ्यर्थियों को पहले बैच के समान 'पे प्रोटेक्शन' का लाभ दिया जाए और उससे उत्पन्न सभी परिणामी सेवा लाभ प्रदान करे।

## ...तो लिव इन पार्टनर से भरण पोषण की मांग गलत: HC



■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि अगर किसी महिला की पहली शादी समाप्त नहीं हुई है, तो वह अपने लिव इन पार्टनर से सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण का दावा नहीं कर सकती। कोर्ट ने कहा कि शादी जैसा लंबा रिश्ता भी उसे 'पत्नी' का कानूनी दर्जा नहीं देता, अगर उसने अपने पहले पति से तलाक नहीं लिया है। न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह ने कहा कि अगर शादीशुदा महिला पहली शादी खत्म किए बिना दूसरे आदमी के साथ रहती है और वह दूसरे आदमी से मेंटेनेंस पाने की हकदार नहीं है। ऐसे करने से सीआरपीसी की धारा 125 का मकसद और पवित्रता खत्म हो जाएगी और शादी की संस्था अपनी कानूनी और सामाजिक अखंडता खो देगी। कोर्ट ने एक महिला द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें उसकी भरण पोषण याचिका खारिज कर दी थी।

## सास-ससुर की गिरफ्तारी पर रोक

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : विदेश में रहने वाली बहू ने भारत आकर सास-ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवा दिया। इससे परेशान दंपती ने कोर्ट में गुहार लगाई थी। ए हाई कोर्ट ने दंपती की गिरफ्तारी पर रोक लगाने के साथ ही बहू को नोटिस जारी किया है। अलीगंज निवासी पूनम गोस्वामी और केशव देव गोस्वामी के अधिवक्ता [illegible] प्रसाद की कोर्ट को बताया कि बेटे मोहित की शादी साल 2021 में प्रिया गोस्वामी से की थी। इसके बाद बेटा और बहू अमेरिका चले गए। कुछ समय बाद दोनों [illegible] लौटे। [illegible] बहू ने फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी। इसके बाद भारत आकर पति व सास, ससुर के साथ ही एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

बहू ने विदेश से आकर दर्ज करवाया था मारपीट और दहेज उत्पीड़न का केस

## 'कोर्ट कानून का उल्लंघन करने वालों के लिए नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि अदालतें कानून का पालन करने वाले नागरिकों के लिए है, न कि उन बेईमानों के लिए, जिनका कानून में कोई विश्वास नहीं है और जो बिना किसी डर के कानून का उल्लंघन करते हैं। कोर्ट के अनुसार अतिक्रमण ध्वस्त करने का वचन देने वाला बाद में मुकर नहीं सकता है। यह टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव तथा न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान की खंडपीठ ने प्रयागराज के पूर्व महलमुरा बादल चटर्जी की याचिका की सुनवाई करते हुए उनके निवास के समीप हुए अतिक्रमण के ध्वस्तीकरण की अनुमति दे दी है।

## तीन दिन में हर्जाना जमा करें डीएम:HC

लखनऊ: छह साल से बार-बार आदेश देने के बावजूद जवाबी हलफनामा दाखिल न करने पर हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने जिलाधिकारी बलरामपुर पर 11 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। मामले की सुनवाई हर आदेश के खिलाफ याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने डीएम को तीन दिन में हर्जाने जमा करने को कहा। अगली सुनवाई जनवरी के दूसरे सप्ताह में होगी।

## फटाफट खबरें

### कारोबारी से ऐंठे थे 5 लाख, SI गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, वाराणसी: भदोही जिले के गोपीगंज कोतवाली के उपनिरीक्षक सुरेश प्रसाद सक्सेना और होमगार्ड जवान सत्य प्रकाश को वाराणसी के सराफा कारोबारी से पांच लाख रुपये ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि वाराणसी के दौलतपुर निवासी कारोबारी आशीष रघुवंशी ने दोनों पर केस दर्ज करवाया था।

### लखनऊ में TTE को मारी थी गोली, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, वाराणसी: सारनाथ पुलिस ने मंगलवार सुबह एक लाख के इनामी अजय उर्फ विजय सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अजय ने दो मई 2022 को लखनऊ में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में प्रॉपर्टी डीलर और टीटीई विजय शंकर सिंह को गोली मार दी थी। इसके पहले 13 सितंबर 2007 को वाराणसी में डॉ. डीपी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वर्ष 2012 में गाजीपुर के सैदपुर में सराफा कारोबारी भाइयों को गोली मारकर लाखों की लूट की थी।

### ठोकर से उखड़ी 1.53 करोड़ रुपये की सड़क

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर : कादीपुर से भाजपा विधायक राजेश गौतम ने मंगलवार को फूलपुर रजवाहा के पास 153.84 लाख से बन रही सड़क का जायजा लिया। गुणवत्ता चेक करने के लिए विधायक ने जैसे ही ठोकर मारी नवनिर्मित सड़क उखड़ गई। विधायक ने अधिशासी अभियंता और जेई को फटकार लगाने के साथ ही डीएम कुमार हर्ष से शिकायत की है।

### मूर्तियां फेंकने के मामले में 6 पुलिसकर्मी नपे

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर: फर्रुखाबाद के मेरापुर थाना क्षेत्र में संकिसा बौद्ध तीर्थ में पेड़ के नीचे रखी मूर्तियों को फेंकने के मामले में 6 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें ड्यूटी पर तैनात 2 दरोगा, एक दीवान और तीन सिपाही शामिल हैं। बीते रविवार को देव मूर्तियों को कुछ लोगों ने यात्रा के दौरान फेंक दिया था। इस मामले में मेरापुर थाने में केस दर्ज करवाया गया था। घटना का विडियो वायरल होने के बाद दरोगा महेंद्र प्रताप सिंह, धनीराम, प्रेमप्रकाश और कॉन्स्टेबल अमित कुमार, सतेंद्र सिंह और लवली उपाध्याय को निलंबित किया गया है।

### KGMU में भर्ती गोंडा के BLO ने तोड़ा दम

■ भाषा, गोंडा: कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 336 पर तैनात बीएलओ की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। रुपईडीह के बनगाई निवासी नानबच्चा (57) शिक्षामित्र थे। परिवारीजनों के अनुसार एसआईआर को लेकर बीईओ के दबाव के कारण नौ दिन पहले ब्रेन हैमरेज होने पर केजीएमयू में भर्ती करवाया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### संघ की शाखा में शामिल हुए होसबाले



■ NBT न्यूज, गोरखपुर : सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मंगलवार सुबह बालापार स्थित महायोगी गोरखनाथ विवि में आयोजित संघ की शाखा में शामिल हुए। इसके साथ ही विजय दिवस को लेकर संघ द्वारा आयोजित प्रहर महायज्ञ में भी शामिल हुए। इसके बाद साकेत नगर में गोरक्ष प्रांत के संघचालक डॉ. महेन्द्र अग्रवाल के भाई को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। वहीं, होसबाले ने मगहर स्थित कबीर मठ पहुंच संत कबीर के समाधि पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। इस मौके पर क्षेत्र प्रचारक अनिल जी, सह प्रांत प्रचारक सुरजीत जी मौजूद रहे।

### पीसीएफ बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, गोरखपुर : गोरखपुर विजिलेंस टीम ने मऊ के जिला प्रबंधक पीसीएफ के लिपिक राम मिलन यादव को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। साधन सहकारी समिति भीटी मऊ के प्रभारी शौकत अली ने धान क्रय करने के लिए किसान मशीन व बोरे उपलब्ध करवाने के लिए रिश्वत मांगने की शिकायत की थी।

### अनदेखी से ST/SC आयोग के सदस्य नाराज

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर: उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के सदस्य को पहले से तय कार्यक्रम के बावजूद नगर निगम में कथित तौर पर प्रोटोकॉल नहीं मिला। सदस्य रमेश चंद्र कुंडे का आरोप है कि नगर निगम पहुंचने पर कोई अधिकारी रिसीव करने नहीं आया। कुछ देर रुकने के बाद लौट रहे सदस्य को संयुक्त नगर आयुक्त ने अंदर चलने को कहा, लेकिन वे नहीं गए। कुंडे का आरोप है कि नगर निगम में सफाईकर्मियों का शोषण किया जा रहा है। वहीं, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने बताया कि संयुक्त नगर आयुक्त संतोष यादव को बैठक में हिस्सा लेने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आयोग के सदस्य से संपर्क तक नहीं किया। इसी लेकर नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### बेटा निकला मां-बाप का हत्यारा, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, वाराणसी: जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव में इकलौते बेटे ने ही बुजुर्ग माता-पिता की सिलबट्टे से वार कर हत्या के बाद शव बोरे में भरकर गोमती नदी में फेंक दिए थे। एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि वंदना देवी ने 13 दिसंबर को मां बबिता और पिता श्याम बहादुर की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। जांच में जुटी पुलिस ने सोमवार देर रात अम्बेश को धर दबोचा। पूछताछ में उसने 8 दिसंबर को रुपये के विवाद में माता-पिता की हत्या कर शव फेंकने की बात कबूली।

## गोरखपुर मंडल के चार जिलों में एक साथ छापा

# पांच कारोबारियों के ठिकानों पर IT की रेड

### देर रात तक जांच में जुटे रहे 220 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी



■ NBT न्यूज, गोरखपुर

इनकम टैक्स की टीमों ने मंगलवार को गोरखपुर मंडल के सभी चार जिलों में 5 बड़े कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापा मारा। टैक्स चोरी व दूसरी वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए देर रात तक जांच जारी रही। दस्तावेज के मिलान के बाद ही टैक्स चोरी की सटीक जानकारी मिलने बात कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ कारोबारियों के आवास से नकदी व जेवरात भी कब्जे में लेने के साथ ही सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। इसके साथ ही रिटर्न के हिसाब से कैश व जेवरात का मिलान हो रहा है।

गोरखपुर में एक आटोमोबाइल व शराब कारोबारी, उनके पार्टनर, टैंकर कारोबारी भाइयों, साल्वेंट फैक्ट्री चलाने वाले कारोबारी के घरों और प्रतिष्ठानों पर आईटी की टीम ने छापे मारे। आटोमोबाइल कारोबारी की देवरिया में शराब फैक्ट्री भी है। टीम वहां भी जांच कर रही है। इसके साथ ही कुशीनगर के एक रियल इस्टेट कारोबारी और महराजगंज में भी आटोमोबाइल कारोबारी के यहां रेड चल रही है। इसी कारोबारी पर पिछले दिनों अवैध धर्मांतरण का आरोप लगा था। गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर में एक साथ छापेमारी में 200 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम शामिल रही। इतने बड़े पैमाने पर छापे की जानकारी होते ही गोरखपुर मंडल के कारोबारियों में हड़कंप मच गया। माना जा रहा है कि कुछ और कारोबारी भी जांच की जद में आ सकते हैं।

IT अधिकारियों की टीम ने सभी कारोबारियों के आवास व प्रतिष्ठानों पर जांच शुरू करने के दौरान सभी के मोबाइल फोन बंद करवाने के साथ ही बाहर निकलने पर रोक लगा दी। सूत्र बताते हैं कि दोपहर तक IT टीम घर के सदस्यों, कर्मचारियों आदि का ब्योरा दर्ज करने के साथ ही दस्तावेज जुटाने में जुटी रही। बैंक खातों पर खास नजर रखी जा रही है। रेड के बारे में पूरी जानकारी बुधवार को मिलने की संभावना है।

### टीम को भी नहीं पता था, कहां करनी है रेड

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार इनकम टैक्स ने टैक्स चोरी, वित्तीय अनियमितताओं के मद्देनजर कई महीने पहले ही गोरखपुर के चार बड़े कारोबारियों को टार्गेट किया। प्रतिष्ठानों, आवास आदि की जानकारी एकत्र करने के बाद छापा मारा गया। इसमें प्रयागराज, वाराणसी, मुरादाबाद, लखनऊ, बरेली आदि जनपदों से टीमें शामिल रहीं। टीमों का नेतृत्व जॉइंट डायरेक्टर इन्वेस्टीगेशन प्रांजल सिंह व डिप्टी डायरेक्टर उत्सव पाण्डेय कर रहे हैं। टीमों ने रेड के लिए सरकारी वाहनों के बजाए किराए के वाहनों का इस्तेमाल किया, ताकि किसी को भनक न लग सके। टीमों को यह भी नहीं बताया गया था कि कहां रेड करनी है। सुबह 4 बजे टीमों को एक साथ रवाना किया गया था।

## कोहरे की कलाकारी



प्रयागराज में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया। गंगा पर बने पुल का यह शॉट ड्रोन कैमरे से क्लिक किया गया। हालांकि कोहरे के कारण सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और नौकरी के लिए निकलने वाले बड़ों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। PTI

# खुद की चिंता छोड़ बच्चों को बचाया

### यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में अपनों की तलाश में भटकते रहे परिवारीजन, कई लोगों का नहीं लगा सुराग



■ भाषा, मथुरा: जलती बस में फंसी पार्वती के सामने मौत खड़ी थी। इसके बावजूद यह मां की ममता ही थी कि खुद की परवाह किए बिना टूटी खिड़की से दोनों बच्चों को बाहर लटकाकर जान बचाई। इस दौरान कांच का टुकड़ा गर्दन में घुसने से लहूलुहान होकर गिर पड़ीं। देवर गुलजारी अब भी अस्पताल में उनकी तलाश कर रहे हैं। हालांकि देर शाम तक उनका कोई कुछ पता नहीं चल सका। यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में कई बसों और वाहनों में आग लगने से 13 लोगों की मौत की के साथ ही 35 से अधिक घायल हो गए। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जान गंवाने वाले कई लोगों की शिनाख्त तक नहीं हो सकी। क्षत-विक्षत शव पॉलीबैग में लाए गए और शिनाख्त के लिए अब डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा।

मथुरा के मुर्दाघर के बाहर खड़े गुलजारी के अनुसार दोनों बच्चों प्राची और सनी ने बताया कि उन्हें बाहर निकालने के दौरान मां बस के अंदर ही बेहोश होकर गिर गई थीं। इसके बाद तलाश के बावजूद अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस से पूछने पर बताया गया कि 13 लोगों की झुलसने से मौत हुई है। शव इतने झुलस चुके हैं कि शिनाख्त संभव नहीं है। पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के अनुसार डीएनए जांच से शिनाख्त का प्रयास किया जाएगा। अब तक हादसे में जान गंवाने वाले तीन लोगों की पहचान करते हुए परिवारीजनों से संपर्क किया जा रहा है।

**जाम में फंसकर परेशान हुए लोग:** दुर्घटना के बाद आगरा-नोएडा जाने वाली लेन पूरी तरह बंद कर दी गई, जिससे मंगलवार सुबह यमुना एक्सप्रेसवे पर करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में हजारों वाहन फंस गए और यात्रियों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी।

## अयोध्या/बाराबंकी

### अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोज़र

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : डीएम शशांक त्रिपाठी के कड़े रुख पर विनियमित क्षेत्र प्राधिकारी प्रशासन ने नगर से सटे बड़ेल व सफेदाबाद में बसाई जा रही अवैध बस्ती के निर्माण को ध्वस्त करवा दिया। सडीएम सदर आनंद तिवारी ने बताया कि विनियमित क्षेत्र प्राधिकारी ने कुछ माह पहले नगर के आसपास इलाके में अवैध रूप से बस्ती बसाने के लिए प्लॉट बेचने वाले लोगों को नोटिस देकर जवाब मांग गया था और मानचित्र पेश करने के आदेश दिए थे।

जवाब न मिलने पर कोर्ट में वाद दायर कर लीगल सुनवाई शुरू की गई। प्लानिंग एरिया का मानचित्र स्वीकृत न करवाने और ले आउट पेश न करने पर अवैध प्लॉटिंग व निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए। टीम ने सबसे पहले सफेदाबाद के पास बिल्डर्स के संचालक सतपाल सिंह के करीब पौने दो हेक्टेअर में किए गए निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया। बड़ेल में पांच गाटा संख्या की करीब सवा हेक्टेअर जमीन पर बिना ले आउट पास करवाए शिवम बिल्डर्स ऐंड डेवेलपर्स प्रा.लि. के प्रोपराइटर रितुराज सिंह की ओर से हुए निर्माण को ध्वस्त करवा दिया गया।

# प्रेमी से मिलने आई गोरखपुर की युवती की गला रेतकर हत्या

### बाराबंकी का मामला, युवक ने अपने ही माता-पिता व बहनों पर लगाया आरोप, पूछताछ के साथ जांच में जुटी पुलिस



संदीप के साथ ममता की फाइल फोटो।

ममता के माता-पिता व पति को सूचना देकर बुलाया गया है। उनकी तहरीर पर ही केस दर्ज होगा। संदीप की भूमिका भी खंगाली जा रही है। -अर्पित विजयवर्गीय, एसपी, बाराबंकी

■ NBT न्यूज, मसौली

बाराबंकी के मसौली थाना के शहाबपुर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां प्रेमी से मिलने आई एक युवती की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। संदीप यादव (31) पेशे से रिलायंस के बायो सीएनजी के इंजीनियर हैं। उन्होंने मंगलवार सुबह छह बजे यूपी 112 पर कॉल कर सूचना दी कि उसकी गोरखपुर में रहने वाली उसकी प्रेमिका ममता यादव (28) उससे मिलने आई थी। संदीप ने बताया कि माता-पिता व बहनों ने ममता की हत्या कर दी है। आनन-फानन एसपी अर्पित विजयवर्गीय, एएसपी नॉर्थ, सीओ रामनगर गरिमा पंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

संदीप ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले वह शादी के लिए रिश्ता तलाश रहा था। तभी उसकी मुलाकात ममता यादव से हुई। हालांकि दोनों के परिवार वाले रिश्ते के लिए नहीं माने और अलग-अलग जगह शादी कर दी गई। 26 अप्रैल 2025 को ममता का विवाह लखनऊ के अमीनाबाद के हंसखेड़ा के युवक से हो गया। जबकि उसका विवाह 11 मई को ही बाराबंकी के ही धौकलपुर में हो गया। संदीप का अभी गौना नहीं आया था। संदीप के मुताबिक, सोमवार रात करीब 12 बजे ममता उसके घर आ गई। उसको देखकर परिवार के लोगों ने विरोध किया और घर से जाने को कहा। विवाद शांत करवाकर संदीप व ममता अलग कमरे में सोए थे। मंगलवार सुबह वह फ्रेश होने के लिए गया। वापस आया तो कमरे को बाहर से बंद पाया। ताला तोड़कर अंदर गया तो ममता का खून से लथपथ शव पाया। उसके शरीर पर 20 से ज्यादा घाव थे। गला कटा था। घर में पिता कमलेश, माता संतोष कुमारी, बहन सुधा, निधि, मीरा और कंचन मौजूद नहीं थीं। उसने परिवार वालों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस संदीप से पूछताछ कर रही है।

**ससुराल से भाग गई थी ममता:** इंस्पेक्टर अमित सिंह ने बताया कि ममता का विवाह लखनऊ के अमीनाबाद में हुआ था। 30 नवंबर को ममता ससुराल से भाग गई थी। ससुराल पक्ष ने 10 दिसंबर को गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने ममता को बरामद कर ससुराल को सौंप दिया। इसके बाद पति ने ममता को उनके माता-पिता को सौंप दिया। इधर, सोमवार को ममता अपने घर से कहीं चली गई।

## फटाफट खबरें

### श्याम महोत्सव में धूमधाम से निकला जुलूस

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : नगर में मंगलवार को श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सुबह नगर के श्री नागेश्वर नाथ मंदिर से निशान पूजन करने के बाद भक्तों ने जय श्री श्याम मंत्रोच्चार करते हुए पताका ध्वज निशान लहराते जुलूस निकाला। अशोक अग्रवाल जैन रामगोपाल, आनंद जैन, महावीर प्रसाद जैन धनावत, प्रदीप कुमार जैन, पंकज जैन ने शोभा यात्रा का स्वागत पूजन आरती प्रसाद वितरण किया। इससे नगर श्री श्याम मय हो गया। प्रमोद जैन धनावत, संजय जैन, राजकुमार जैन, पवन जैन सुरेंद्र जैन, श्रवण जैन, सज्जन जैन, दीपक जैन, पंकज पोद्दार, निशांत शर्मा ने बाबा का स्वागत किया।

### संगीता बनी ग्राम्य विकास मिनीस्टीरियल अध्यक्ष

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: विकास भवन में मंगलवार को ग्राम्य विकास मिनीस्टीरियल असोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव की मौजूदगी में संगीता वर्मा को अध्यक्ष, कुरैश अहमद को मंत्री, मंशाराम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रजीत सिंह को उपाध्यक्ष, कलक लता वर्मा को कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार दुबे को संप्रेक्षक के अलावा ताहा हसीब सिद्दीकी को संगठन मंत्री व आतिफ हसनैन को संयुक्त मंत्री चुना गया। इस मौके पर कर्मचारी नेता पटेश श्रीवास्तव, मुस्तफा खां, हसीब अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मसौली के स्कूलों में परखा शैक्षणिक मूल्यांकन

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : राज्य परियोजना व डिलाइट फाउंडेशन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मसौली ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों की शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों को परखा। राज्य परियोजना के अधिकारी अंकित श्रीवास्तव, अश्वनी, डिलाइट की मुख्य अधिकारी सरस्वती कस्तूरीरमन, उपप्रबंधक ज्योति श्रेष्ठ, सलाहकार डॉ. शुभांशु, कोफाउंडर मंत्रा सतीश व व्योम ने प्राथमिक विद्यालय बुरेला का शैक्षिक वातावरण को देखकर प्रसन्नता जताई। टीम ने ब्लॉक संसाधन केंद्र मसौली पर पहुंचकर बीईओ जैनेंद्र कुमार से ब्लॉक में शैक्षणिक व प्रशासनिक प्रबंधों को जाना। डायट मेंटर महेंद्र यादव, एसआरजी अवधेश पांडेय, एआरपी आदित्य वर्मा, राजेश यादव, उमेश वर्मा, आशीष शुक्ल और राहत फातिमा से फीड बैक लिया।

# प्रशांत के गांव में मना जश्न

### आईपीएल: CSK ने 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा



पिता रामेंद्र तिवारी और मां अंजना।

■ NBT न्यूज, अमेठी : जिले के संग्रामपुर स्थित गूंजीपुर गांव के रहने वाले प्रशांत वीर तिवारी मंगलवार को IPL नीलामी में सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। चेन्नै सुपर किंग्स (CSK) ने उन्हें 14.20 करोड़ में खरीदा। यह खबर आते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

प्रशांत के पिता रामेंद्र तिवारी सहजीपुर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र रह चुके हैं और अब खेती करते हैं। मां अंजना तिवारी एक गृहणी हैं। बेटे की उपलब्धि पर अंजना ने कहा कि मैं चाहती हूं कि मेरा बेटा भारतीय टीम में खेले और देश का नाम रोशन करे। प्रशांत की शिक्षा गांव से हुई और जिले के भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में क्रिकेट कोच गालिब अंसारी की देखरेख में उन्होंने क्रिकेट की तैयारी शुरू की। फिर स्पोर्ट्स हॉस्टल मैनपुरी में चयन हो गया। वहीं से कक्षा 10वीं के बाद सहारनपुर से इंटर किया। प्रशांत स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया की अंडर -19 टीम में प्रतिभाग कर चुके हैं। यह पिछले तीन वर्षों से यूपी टी-20 लीग में नोएडा किंग्स टीम से खेल रहे हैं।

## जेल भेजा गया अर्चना फार्मा का संचालक

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : कोतवाली नगर पुलिस ने अवैध रूप से कफ सिरप के धंधे के आरोपित लखनऊ के वजीर हसन निवासी अरविंद कुमार सिंह को मंगलवार को जेल भेज दिया। अरविंद सिंह बाराबंकी नगर के वासुदेव प्लाजा मुंशीगंज की अर्चना फार्मा के संचालक हैं। इनके खिलाफ सोमवार की शाम को औषधि निरीक्षक रजियाबानो ने मुकदमा दर्ज करवाया था। 19 माह पहले फूड सिक्योरिटी ऐंड ड्रग अथॉरिटी (FSDA) की औषधि निरीक्षकों की टीम ने कफ सिरप की अवैध खेप पकड़ी थी। उस समय कोतवाली नगर में 6,000 कफ सिरप की बोतलें मिलने के मामले में केस दर्ज करवाया गया था। पुलिस पर आरोप लगा था कि मामले में केवल वाहन चालक को ही जेल भेजा गया। जबकि उस समय औषधि निरीक्षकों की टीम ने मौके से पिकअप वाहन, एक स्कूटी व पांच मोबाइल नंबरों का सुराग दिया था। एसपी अर्पित ने लगातार सामने आ रहे मामलों को देखते हुए वारदात की पुनः विवेचना के आदेश दिए हैं।

कफ सिरप के अवैध कारोबार का मामला

## अंतिम विदाई

### अयोध्या के हिंदू धाम आश्रम पहुंचकर सीएम ने डॉ. वेदांती को श्रद्धांजलि

# 'रामकाज को समर्पित रहा वेदांती महाराज का पूरा जीवन'



■ NBT न्यूज, अयोध्या: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या स्थित हिंदू धाम आश्रम पहुंच बीजेपी के पूर्व सांसद और ब्रह्मलीन महंत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान सीएम ने आंदोलन से लेकर मंदिर निर्माण तक की सहभागिता स्मरण करते हुए कहा कि वेदांती महाराज 1983 में श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति अभियान से जुड़े तो सारा जीवन प्रभु राम की सेवा में लगा दिया। यहां तक की रामकथा का वाचन करते हुए ही देह त्यागी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 नवंबर को भव्य मंदिर पर धर्मध्वज के आरोहण समारोह में भी डॉ. वेदांती मौजूद रहे थे। इसके साथ ही बताया कि गोरक्षपीठ से वेदांती महाराज का अत्यंत निकट और आत्मीय संबंध रहा। वर्ष 1983 में श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन होने पर पूज्य गुरुदेव गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी महाराज अध्यक्ष बने और तब से डॉ. वेदांती जी महाराज वरिष्ठ सदस्य के रूप में निरंतर आंदोलन से जुड़े रहे। इससे पहले सीएम ने रामलला के दर्शन भी किए।

### अंतिम यात्रा में जनसैलाब



मंदिर आंदोलन के अग्रणी संत डॉ. राम विलास वेदांती के पार्थिव शरीर को मंगलवार को परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ सरयू में जल समाधि दी गई। इससे पहले निकली अंतिम यात्रा हिंदू धाम से हनुमानगढ़ी, राम जन्म भूमि मंदिर होते हुए सरयू तट पर पहुंची। इस दौरान पूरे रूट पर दोनों तरफ हजारों की संख्या में खड़े लोगों ने नम आंखों से संत को अंतिम विदाई दी। मंदिर आंदोलन में प्रमुख रूप से सहभागी रहे बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष विनय कटियार ने हिंदू धाम पहुंच श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके साथ ही पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, विहिप के शरदराय, शरद शर्मा, महंत कमल नयन दास, महंत राजू दास भी अंतिम विदाई देने पहुंचे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: cci Time: 12-17-2025 00:00 Color:

# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । बुधवार, 17 दिसंबर 2025

रोजगार सृजन राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी है, क्योंकि बिना काम के अर्थव्यवस्था केवल आंकड़ों में जीवित रहती है – *जॉन मेनार्ड कीन्स*

## राज्यों पर भार

**केंद्र सरकार** मनरेगा की जगह विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) लेकर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से सरकार ने 2005 में नरेगा की शुरुआत की थी। बाद में योजना के साथ महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया। अब पूरी स्कीम नए नाम-रूप के साथ आ रही है, तो कांग्रेस का सवाल है कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा? लेकिन इसे लेकर एक चिंता इससे भी बड़ी है।

AI Image



योजना का नाम भी बदलेगा

**जिम्मेदारी डाली ।** अभी तक मनरेगा में मजदूरी का पूरा खर्च केंद्र उठाता आया है। वहीं, प्रोजेक्ट्स में जो मटीरियल लगता है, उसका भी 75% खर्च केंद्र वहन करता है। नए बिल में इस खर्च की बड़ी जिम्मेदारी राज्यों पर डाली गई है। केंद्रशासित प्रदेशों, पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों को छोड़ दें, तो बाकी राज्यों को 40% खर्च उठाना पड़ेगा। सरकार का अनुमान है कि नई योजना लागू होने के बाद पहले साल का खर्च लगभग 1.51 लाख करोड़ होगा। इसमें से केंद्र लगभग 96 हजार करोड़ देगा, जबकि बाकी भार राज्यों पर आएगा।

**बजट की मुश्किल ।** राज्यों के लिए इस अतिरिक्त बोझ को उठाना मुश्किल हो सकता है। आंध्र प्रदेश, हरियाणा, केरल, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, बिहार और बंगाल जैसे राज्य पहले ही बजटीय घाटे का सामना कर रहे हैं। नई योजना के लिए अतिरिक्त बजट का इंतजाम करना मुश्किल हो सकता है। आंध्र ने तो अभी से योजना के वित्तीय बंटवारे को लेकर चिंता जाहिर कर दी है, जबकि वहां BJP के सहयोगी TDP की सरकार है। डर यह है कि बजट से जुड़ी परेशानी के कारण योजना का उद्देश्य खतरे में न पड़ जाए।

**काम की कमी ।** मनरेगा के तहत 100 दिनों के काम की गारंटी है, जबकि नया बिल 125 दिन काम की गारंटी देता है। हालांकि इन बढ़े दिनों का तब तक कोई मतलब नहीं है, जब तक कि वास्तव में इतना काम न मिले। अभी की हकीकत यही है कि 2024-25 में केवल 40.7 लाख परिवारों को ही सौ दिन रोजगार मिल सका था। इस दौरान मनरेगा के तहत काम मिलने का औसत केवल 50.24 दिन रहा। यानी काम के दिन बढ़ाने से भी ज्यादा जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि वास्तव में काम मिले।

**टकराव की आशंका ।** नई योजना में केंद्र ने राज्यों पर ज्यादा जिम्मेदारी तो डाली है, पर अधिक अधिकार अपने पास रखे हैं। किस प्रदेश को कितना काम देना है, यह केंद्र तय करेगा। इससे आगे जाकर विपक्ष शासित राज्यों के साथ टकराव हो सकता है।

### नाभि में तीर

## जाल हुस्न का!



हरि मृदुल

**कुमार साहब** जब तक नौकरी में रहे, मिसेज कुमार की सामाजिक गतिविधियां निर्बाध गति से जारी रहीं। कभी किसी के मुंडन में दिख जाती थीं, तो कभी किसी के नामकरण में। शादी-ब्याह हो या बर्थडे, किटी पार्टी हो या माता की चौकी, किसी मोर्चे में शामिल होना हो या धरना देना, हर जगह उनकी उपस्थिति प्रमुखता से रहती थी। पोते-पोती वाली हो चुकीं, फिर भी उनके पांव घर पर टिकते ही नहीं थे। पता नहीं कैसे यह सब मैनेज कर लेती थीं। कुमार साहब को रिटायर होने में छह महीने बचे थे, तभी से कहना शुरू कर दिया था कि अब आगे वह सभी जगह जोड़ी में ही दिखेंगी। लाइफ को दोगुना एंजॉय करेंगी!



छह महीने बाद जब कुमार साहब रिटायर हुए, तो कुछ दिन वह वाकई जोड़ी में दिखीं। आगे-आगे वह होतीं, पीछे-पीछे साहब। लेकिन यह सिलसिला कुछ ही दिन चला। बाद में साहब ने हाथ खड़े कर दिए। पूरी तरह आराम करना है। किसी भी किस्म की आपाधापी में नहीं रहना है। इस असहयोग का मिसेज कुमार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। उल्टे वह ज्यादा बेफिक्र हो गईं। घर की जो थोड़ी-बहुत चिंताएं थीं, साहब के सिर पर डाल दीं। लेकिन यह बेफिक्री ज्यादा दिन टिक नहीं सकी। मिसेज कुमार अब साहब को एक पल भी अकेला नहीं छोड़ना चाहतीं।

क्या कुमार साहब गंभीर रूप से बीमार पड़ चुके हैं? क्या मिसेज कुमार का समय उनकी सेवा में बीत रहा है? ना भाई ना। माजरा कुछ और ही है। दरअसल, पिछले दिनों कुमार साहब को एक सुंदरी ने हनीट्रैप कर अपने जाल में फंसा लिया और एक ही झटके में 25 लाख की चपत लगा दी। कहीं से एक फेसबुक रिक्वेस्ट मिली थी। उसे एक्सेप्ट किया, तो मेसेंजर पर बात होने लगी। इस तरह हुस्न का जाल बिछा और एक OTP से काम-तमाम हो गया। अब मिसेज कुमार ने कसम खा ली है कि साहब को कभी भी घर में अकेला नहीं छोड़ेंगी। उम्र के साथ आशिकमिजाजी भी बढ़ गई है। हुस्न के जाल में फिर फंस सकते हैं!


### एकदा

संकलन : रेनू सैनी

## 5 श्रोता भी कम नहीं

**पंडित विष्णु** दिगंबर पलुस्कर अपार प्रतिभा, कठोर साधना और संगीत के प्रति आजीवन समर्पण के प्रतीक थे। उनका विश्वास था कि संगीत केवल दरबारों या सीमित वर्गों की संपत्ति नहीं, बल्कि जनसाधारण की आत्मिक धरोहर है। इसी सोच के साथ वह जीवन भर संगीत को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने में जुटे रहे। एक बार धनार्जन के उद्देश्य से उनका एक संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्भाग्यवश प्रचार-प्रसार के अभाव में कार्यक्रम के दिन सभागार लगभग खाली रहा। केवल 5 श्रोता टिकट लेकर उपस्थित थे। इससे आयोजक निराश हो गए और उन्होंने पंडित पलुस्कर से कार्यक्रम रद्द करने का अनुरोध किया। उन्होंने शांत स्वर में कहा, 'जो 5 श्रोता अपना समय निकालकर संगीत सुनने आए हैं, वे मेरे लिए कम नहीं हैं। संगीत संख्या नहीं, साधना चाहता है।' यह कहकर उन्होंने पूरी तन्मयता और श्रद्धा के साथ गायन आरंभ किया। उनकी स्वर-लहरियां खाली सभागार भी जीवंत हो उठीं। उन श्रोताओं ने पलुस्कर के गायन की चर्चा पूरे नगर में फैला दी। उनकी साधना और समर्पण की गूंज संगीत प्रेमियों तक पहुंची। परिणामस्वरूप अगली बार जब उनका कार्यक्रम हुआ, तो सभागार खचाखच भरा था और टिकटों के लिए लंबी कतारें लगी थीं।

Subrata Dhar



---

2025 की पहली छमाही में प्रिंट मीडिया की ग्रोथ 3%, TV से जुड़े हैं 23 करोड़ घर

# प्रगतिपथ पर अख़बार और TV



आलोक मेहता

दिल्ली-मुंबई में कई प्रभावशाली लोगों को गलतफहमी है कि अब कौन TV देखता है या कौन अखबार या किताबें पढ़ता है? खासकर, बड़े सरकारी अफसर और जमीनी सच्चाई से कटे हुए कुछ कॉरपोरेट प्रबंधकों को मैंने भी यह कहते सुना-देखा है। मैं उनसे असहमत हूं।

**90 करोड़ दर्शक ।** अधिकृत आंकड़े बताते हैं कि 2025 में 23 करोड़ घर और 90 करोड़ दर्शक TV से जुड़े हुए हैं। तभी तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने भारत यात्रा के एक दिन पहले यहां एक निजी ग्रुप के हिंदी और अंग्रेजी TV चैनलों को इंटरव्यू दिया। 2002 में भी पूतिन ने दूरदर्शन और एक निजी TV चैनल को इंटरव्यू दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो पर मन की बात कार्यक्रम देश के अधिकांश न्यूज चैनल प्रसारित करते हैं।

**प्रिंट मीडिया की ग्रोथ ।** मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर की 2.5 लाख करोड़ से बढ़कर 2.7 लाख करोड़ रुपये की आय बताती है कि उद्योग का आर्थिक मॉडल बदला पर मजबूत बना हुआ है। प्रिंट मीडिया ने भी 2025 की पहली छमाही में सर्कुलेशन में 2.77% की वृद्धि दिखाई। इन सबके बीच सबसे बड़ा खतरा और अवसर दोनों डिजिटल में हैं, जहां नियम, टेक्नॉलजी और नागरिक साक्षरता से तय होगा कि अगला दशक मीडिया की सेहत और लोकतंत्र के लिए सकारात्मक बनेगा या नहीं?

**डिजिटल का असर ।** 2025 में एक ओर पारंपरिक TV की पहुंच और उस पर भरोसा बना हुआ है। वहीं डिजिटल प्लैटफॉर्म्स- OTT, सोशल मीडिया, न्यूज ऐप्स भी दर्शक और विज्ञापन खींच रहे हैं। यही द्वैत न केवल दर्शकों का व्यवहार बल्कि मीडिया हाउसों के राजस्व, विज्ञापन मॉडल और नियंत्रण के स्वरूप को भी बदल रहा है। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार, कुल TV स्क्रीन काउंट 2024 में लगभग 19 करोड़ था, जिसके 2026 तक 21.4 करोड़ पहुंचने का अनुमान है।

AI Image




**भरोसे का सवाल**

- भारत आने से पहले पूतिन ने TV के लिए दिया इंटरव्यू
- पारंपरिक समाचार माध्यमों पर बना हुआ है भरोसा
- स्थानीय खबरों के लिए लोग करते हैं अखबारों पर विश्वास

**100 करोड़ मोबाइल ।** यह दर्शक आधार TV को, विशेषकर समाचार और क्षेत्रीय सूचनाओं के लिए निर्णायक माध्यम बनाता है, भले ही युवा दर्शक अधिकतर डिजिटल प्लैटफॉर्म्स पर जा रहे हों। असल में, बड़े लोग भूल जाते हैं कि मोबाइल फोन देश के गरीब वर्ग तक भी पहुंचा है। 100 करोड़ मोबाइल सेट लोगों के पास हैं। लेकिन दिल्ली-मुंबई में सब्जी-फल बेचने वाले या रिक्शा चालक या घरों में काम करने वाली महिलाएं मोबाइल फोन का इस्तेमाल सामान्यतः घर परिवार या काम की बात करने-सुनने के लिए करती हैं।

**अखबारों की तरक्की ।** विश्वास करना मुश्किल लग सकता है कि जनवरी-जून 2025 ऑडिट-पीरियड में दैनिक अखबारों की एवरेज क्वॉलिफाइंग सेल्स 2.974 करोड़ प्रतियां रहीं, जो जुलाई-दिसंबर 2024 के 2.89 करोड़ से 2.77% अधिक थीं। यानी इसमें 8.02 लाख प्रतियों की वृद्धि हुई।

**प्रिंट पर भरोसा ।** कई क्षेत्रों में पाठक आज भी स्थानीय खबरों, सूचनाओं, रोजगार सूचनाओं और क्षेत्रीय भाषा की खबरों के लिए अखबार पर भरोसा रखते हैं। कस्बों-गांवों में ही नहीं महानगरों में भी सामान्य लोग अखबारों को विश्वसनीय मानते हैं। मगर राहुल गांधी मेनस्ट्रीम मीडिया के बजाय इंटरनेट पर ज्यादा भरोसा करते हैं।

**फेक न्यूज का खतरा ।** डिजिटल माध्यमों पर नई पीढ़ी का समाचार देखना-पढ़ना बढ़ा है, पर भरोसा घट रहा है। रॉयटर्स इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट्स के अनुसार, डिजिटल न्यूज की व्यापक पहुंच शहरी व युवा वर्ग में है। लेकिन फेक न्यूज और हेट स्पीच का खतरा साथ में बढ़ रहा है। सोशल मीडिया, मेसेजिंग ऐप्स और वायरल विडियो के माध्यम से गलत सूचनाएं तेजी से फैलती हैं। मेसेजिंग ग्रुप्स (जैसे वट्सऐप) में वायरल अफवाहें सहजता से फैलती हैं।

**नियमन जरूरी ।** 2025 तक AI सक्षम ऑडियो/विडियो एडिटिंग ने धोखे और गलत पहचान की घटनाएं बढ़ा दी हैं। उनके लिए नियमों में विशेष प्रावधान की कमी चिंता का विषय है। अब नियंत्रित कंटेंट और सत्यापन डिटेक्शन, ऑटोमेटेड सत्यापन टूल और स्टैंडर्ड मेट्रिक्स की आवश्यकता बढ़ेगी। जैसे-जैसे डिजिटल माध्यमों पर नियंत्रण बढ़ेगा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सेंसरशिप के बीच संतुलन साधना होगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

## अब शांत ज्वालामुखियों से है बड़ा ख़तरा!



मुकुल व्यास

**दुनिया में** अगला ज्वालामुखी विस्फोट ऐसे ज्वालामुखियों में हो सकता है जो शांत दिखते हैं और जिन पर नजर नहीं रखी जाती। इटली में सिसिली के माउंट एटना या अमेरिका के येलोस्टोन जैसे ज्वालामुखियों की निरंतर निगरानी की जाती है, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब शांत ज्वालामुखियों से भी सतर्क रहने की सलाह दी है। ऐसे विस्फोट दूर तक असर करने वाले हो सकते हैं।

**12 हजार सालों से सुप्त ।** एक ज्वालामुखी ने अभी ठीक ऐसा ही किया है। नवंबर में इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी करीब 12,000 सालों में पहली बार फटा। इससे राख के गुबार करीब 14 किलोमीटर ऊपर आसमान में उठे। ज्वालामुखी से निकला मलबा यमन में गिरा और राख का बादल उत्तरी भारत के ऊपर हवा में भी पहुंचा।


**जंगल हुए समतल ।** ऐसे ही 1982 में मेक्सिको का एल चिचोन ज्वालामुखी सदियों तक शांत रहने के बाद अचानक फट गया। इसके इरप्शन की श्रृंखला ने हैरान कर दिया था। चट्टान, राख और गैस के गर्म स्खलन ने जंगल के बड़े इलाकों को समतल कर दिया। नदियों पर बांध बन गए, इमारतें तबाह हो गईं और राख ग्वाटेमाला तक पहुंच गई।

**वैश्विक तापमान में गिरावट ।** इंडोनेशिया के माउंट टैम्बोरा ज्वालामुखी में 1815 में एक भयंकर विस्फोट ने अनगिनत लोगों की जान ले ली और बड़े पैमाने पर फसलों को बर्बाद कर दिया। विस्फोट के बाद आसमान में राख भर गई, सूरज की रोशनी फीकी पड़ गई और वैश्विक तापमान महीनों गिरता रहा।

**सक्रिय ज्वालामुखी ।** ज्वालामुखी विस्फोटों से मिले सबक के बावजूद आज आधे से भी कम सक्रिय ज्वालामुखियों पर नजर रखी जाती है। इंडोनेशिया, फिलीपींस और वेनवातु के 160 ज्वालामुखी धरती पर सबसे ज़्यादा आबादी वाले ज्वालामुखी क्षेत्रों में गिने जाते हैं और इन्हें सबसे कम समझा गया है। बड़े विस्फोट सिर्फ अपने आसपास की आबादियों पर ही असर नहीं डालते। वे कुछ समय के लिए ग्रह को ठंडा कर सकते हैं, मॉनसून में रुकावट डाल सकते हैं और पूरे क्षेत्रों में फसल कम कर सकते हैं।

### ज्ञान-विज्ञान


AI Image



**कोई ग्लोबल सिस्टम नहीं ।** फिर भी, वैज्ञानिकों के पास अभी भी भविष्य के इन खतरों का अंदाजा लगाने या उन्हें मैनेज करने के लिए कोई ग्लोबल सिस्टम नहीं है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आपदा आने के बाद ही जवाब देने के बजाय जल्दी एक्शन लेकर अगले छिपे हुए ज्वालामुखी को ग्लोबल संकट बनने से रोका जा सकता है।

**सबसे बड़ा खतरा ।** दुनिया को लैटिन अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और प्रशांत जैसे इलाकों में कम निगरानी वाले ज्वालामुखियों की ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। ये ऐसे स्थान हैं जहां लाखों लोग ऐसे ज्वालामुखियों के पास रहते हैं। यही सबसे बड़ा खतरा है। निगरानी, चेतावनी, समुदायों की तैयारी में थोड़ा सा निवेश भी बहुत से लोगों की जानें बचा सकता है।

---



AI Image

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

## जीवन एक वाद्य यंत्र है, इसी में आनंद के सुर

निर्मल जैन

**जीवन सतत** प्रवाह है, जिसकी धारा कभी एक-सी नहीं बहती। इसमें संगीत के सुरों की तरह उतार-चढ़ाव है, सुख-दुख हैं, कहीं गहनता है तो कहीं विरलता। सही मायने में कहा जाए तो जीवन सुख और दुख के मिश्रण से अधिक कुछ नहीं। हर सुख अपने साथ दुख की संभावना लेकर आता है, ठीक वैसे ही जैसे खेत में बीज बोने के बाद फसल के साथ-साथ खरपतवार भी उग आते हैं।

प्रशंसा से हमें सुख मिलता है, लेकिन उसी के साथ अहंकार भी जन्म ले लेता है। यही अहंकार आगे चलकर दुख का कारण बनता है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि प्रशंसा के बाद निंदा भी आती है, और जिस सुख का अनुभव प्रशंसा से होता है, उससे कहीं अधिक पीड़ा अपमान के समय महसूस होती है। सुख और दुख मन की अवस्थाएं हैं। जब हम खुश होते हैं, तो समय मानो पंख लगाकर उड़ जाता है, जबकि दुख में वही समय बहुत धीमी गति से सरकता है। अत्यधिक सुख भी दुखदायी हो सकता है, और कोई भी दुख ऐसा नहीं जो समय के साथ सुख में न बदल सके।

जीवन एक वाद्य-यंत्र की तरह है, जिसमें अनेक राग बज सकते हैं। यह हमारे ऊपर है कि हम किस क्षण कौन-सी धुन चुनते हैं। जिसका मन उसके वश में है, वही वास्तव में सुखी है, क्योंकि कोई उसे उसकी इच्छा के बिना दुखी नहीं कर सकता। इसके विपरीत, जिसका मन दूसरों की प्रतिक्रियाओं और परिस्थितियों के अधीन है, वह सहज ही दुखी हो जाता है।

प्रकृति जन्म के साथ ही हमें दो वरदान देती है- शरीर और बुद्धि। समय के साथ दोनों का विकास होता है। बुद्धि के विकास ने ही मनुष्य को सुविधाएं जुटाने में सक्षम बनाया। खोने का दुख इसलिए होता है, क्योंकि हम उन चीजों को अपना मान लेते हैं, जिनका वास्तविक मूल्य सीमित है। सुख और दुख मन की स्थितियां हैं। जब तक हम भौतिक वस्तुओं को ही जीवन का सार मानते रहेंगे, तब तक आनंद की अनुभूति नहीं हो पाएगी। जैसे ही हम इस सत्य को समझ लेते हैं, सुख-दुख पर हम नियंत्रित करना सीख जाते हैं।

---

### कांटे की बात




**महबूबा मुफ्ती,** *जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री*

### छोटी बात, बड़ा फ़र्क

## बच्चों में डायबिटीज़ से इस तरह लड़ रहा तमिलनाडु

*दुनिया में डायबिटीज के मरीज सबसे तेजी से भारत में बढ़ रहे हैं। चिंता की बात है कि बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इंटरनैशनल डायबिटीज फेडरेशन के मुताबिक, देश में टाइप-1 से 3.1 लाख बच्चे पीड़ित हैं। ऐसे में तमिलनाडु सरकार की एक पहल कारगर हो सकती है।*




AI Image

**रजिस्ट्रेशन का फायदा**

**तमिलनाडु सरकार** ने पिछले साल अगस्त में Type-1 Diabetes Registry बनाई थी। इस साल दिसंबर में रजिस्ट्रेशन पांच हजार के पार हो गया। मकसद यह जानना है कि राज्य में कितने बच्चे टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित हैं, उन्हें किस तरह का इलाज चाहिए। टाइप-1 पर फोकस इसलिए, क्योंकि इसमें रोज खुद इंसुलिन लेना पड़ता है।

**कंट्रोल में आया ब्लड शुगर**

**राज्य सरकार** ने 7 स्पेशलाइज्ड केयर सेंटर बनाए हैं और 13 की प्लानिंग चल रही है। यहां बच्चों को अच्छी क्वॉलिटी का इंसुलिन और जरूरी टेस्ट की सुविधा मिलती है। उनके माता-पिता को बीमारी के बारे में जागरूक भी किया जाता है। जिन बच्चों का इलाज इस योजना के तहत हो रहा है, उनका ब्लड शुगर पहले से बेहतर कंट्रोल में है।

**जनता जंक्शन** इरफान




---

## बड़े नामों को छोड़ 'नया नाम' क्यों चुना BJP ने

पूनम पाण्डे

पिछले एक साल से BJP के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर जो चर्चाएं चल रही थीं, उनमें कई 'बड़े नाम' उछल रहे थे। किसी को संघ की कसौटी में कसकर रेस में आगे बताया जा रहा था तो किसी को सांगठनिक क्षमता और मोदी-शाह की पसंद के तौर पर पुख्ता दावेदार माना जा रहा था। लेकिन जब नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का ऐलान हुआ तो वे सारे नाम पीछे छूट गए।

### पीढ़ीगत बदलाव का संकेत

45 वर्षीय नितिन नवीन के बारे में लोग इंटरनेट पर सर्च करने लगे। ऐसा भी नहीं कि नितिन नवीन कोई अनजान शख्सियत हों, लेकिन अब तक उनकी पहचान और उनकी क्षमता की चर्चा प्रायः बिहार में ही रही है। बिहार से बाहर सिर्फ छत्तीसगढ़ में जरूर वे पहचाना नाम रहे क्योंकि BJP के छत्तीसगढ़ प्रभारी थे और 2023 विधानसभा चुनाव में वहां बूथ स्तर तक काम करने का जिम्मा भी संभाला था।

नितिन नवीन की शीर्ष पद पर नियुक्ति के जरिए पार्टी ने एक बार फिर अपने उसी अंदाज को दिखाया है जिसके लिए 2014 के बाद की BJP जानी जाती है। चाहे राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चयन रहा हो या उपराष्ट्रपति पद के लिए, चाहे किसी राज्य के सीएम का चयन रहा हो या फिर मंत्रियों का, BJP के फैसले ने हर बार साबित किया है कि शीर्ष नेतृत्व के फैसलों की भनक पार्टी के लोगों को भी नहीं लग पाती।

नितिन नवीन BJP में युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 45 साल की उम्र में उन्हें ये जिम्मेदारी देकर BJP ने पीढ़ीगत बदलाव का संकेत भी दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उम्र को लेकर विपक्ष कई बार तंज करता रहा है। इसी साल पीएम 75 साल के हुए लेकिन एक साल पहले से ही विपक्ष ने पूछना शुरू कर दिया था कि क्या पीएम अब मार्गदर्शक मंडल में जाएंगे। हालांकि BJP की तरफ से ही नहीं RSS की तरफ से भी इसका जवाब दे दिया गया और फिर विपक्ष चुप हुआ।



मानन

विशुद्ध राजनीति कसौटी

नितिन नवीन के जरिए BJP ने संदेश दिया है कि वह नई पीढ़ी के नेतृत्व की खेप तैयार कर रही है। इससे पहले कुछ राज्यों में भी 'बड़े नाम' वाले नेताओं को सीएम ना बनाकर BJP ने अपेक्षाकृत युवा लोगों को चुना। अभी BJP अपना हर चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर लड़ती है। नितिन नवीन के जरिए संदेश साफ है कि नई पीढ़ी तैयार करने में BJP पीछे नहीं रहेगी।

### कार्यकर्ताओं को संदेश

BJP हमेशा ही दूसरी पार्टियों पर परिवारवाद का आरोप लगाती रही है। वह कहती रही है कि वहां अध्यक्ष जैसे पद पर एक खास परिवार के लोग ही बैठ सकते हैं। हालांकि नितिन नवीन खुद भी एक BJP नेता के परिवार से ही आते हैं। उनके पिता नवीन किशोर सिन्हा बिहार में BJP विधायक रहे और उनके निधन के बाद खाली हुई सीट पर ही उपचुनाव लड़कर नितिन नवीन ने चुनावी राजनीति में प्रवेश किया। लेकिन BJP इसे परिवारवाद नहीं मानती है।

पीएम मोदी संसद में कह चुके हैं कि अगर दो लोग किसी परिवार से आगे बढ़ते हैं, तो वह स्वागत योग्य है, लेकिन अगर वही परिवार पूरी पार्टी को चलाने लगता है, तो वह परिवारवाद है जो लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। नितिन नवीन के जरिए BJP ने फिर अपने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि पार्टी में अनुशासन के साथ काम करने और प्रतिबद्ध रहने का इनाम मिलता है। साथ ही 'बड़े नाम' का मिथ BJP ने फिर एक बार तोड़ा है।

### रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

### भाषा की गरिमा

**16 दिसंबर** का संपादकीय 'अमर्यादित भाषा' राजनीति में गिरती भाषाई मर्यादा की एक गंभीर समस्या को रेखांकित करता है। लोकतंत्र में विरोध और असहमति स्वाभाविक है, लेकिन वे शालीनता और पद की गरिमा के दायरे में हों, यही अपेक्षा रहती है। जब राजनीतिक दल या नेता मर्यादा लांघते हैं, तो उसका असर केवल आपसी टकराव तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज और संस्थाओं पर भी पड़ता है। संसद का बार-बार ठप होना इसी प्रवृत्ति का परिणाम है, जिससे जनता से जुड़े अहम मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। सत्ता और विपक्ष को समझना होगा कि भाषा का संयम लोकतंत्र की मजबूती है।

**प्रियंका श्रीवास्तव,** ईमेल से


nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 17-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: kranti.mishra Time: 12-17-2025 00:24 Color:



# विधानसभा का शीतकालीन सत्र चार दिन का ही होगा!

## अभी 19 से 24 दिसंबर तक के कार्यक्रमों का तैयार किया गया प्रस्ताव



NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी विधानसभा के 19 दिसंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र में सिर्फ चार दिन ही बैठक होगी। विधानसभा ने अभी 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक के कार्यक्रमों का प्रस्ताव तैयार किया है। 22 दिसंबर को सरकार सदन में इस वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार की ओर से सदन में आठ अध्यादेश पेश किए जाएंगे।

दो और दिनों के संभावित कार्यक्रम पर कार्यमंत्रणा समिति लेगी फैसला

प्रस्तावित बैठकों के मुताबिक, 19 दिसंबर को निधन के निर्देश होंगे, जिसमें पूर्व विधानसभा सदस्यों के साथ घोसी विधानसभा के वर्तमान सदस्य के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया जाएगा। शोक के बाद सदन की कार्यवाही 22 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी जाएगी। 22 दिसंबर को प्रश्नकाल के बाद यानी 12:20 बजे सरकार सदन में अपना पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके बाद विधायी कार्य होंगे। 23 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे, जबकि 24 दिसंबर को अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा के बाद सरकार उसे पास करवाएगी। हालांकि, यह संभावित कार्यक्रम है। शीतकालीन सत्र से पहले 18 दिसंबर को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में इन प्रस्तावित कार्यक्रम को मंजूरी दी जाएगी।

### ये आठ अध्यादेश होंगे पेश

- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) अध्यादेश 2025
- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश 2025
- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश 2025
- उत्तर प्रदेश पेंशन की हकदारी तथा विधिमान्यकरण अध्यादेश 2025
- उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश 2025
- उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधान का संशोधन) अध्यादेश 2025
- उत्तर प्रदेश विधि सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश 2025
- उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) अध्यादेश 2025

## विधानसभा अध्यक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी विधानसभा के 19 दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के लिए कार्य मंत्रणा समिति और सर्वदलीय बैठक 18 दिसंबर को होगी। सत्र के दौरान सुरक्षा को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना उसी दिन विधान भवन में पुलिस और गृह विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक भी करेंगे।

कार्य मंत्रणा समिति की बैठक 18 दिसंबर को गुरुवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे विधान भवन में होगी, जिसमें 19 दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के प्रस्तावित एजेंडे पर चर्चा होगी और एजेंडे को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रस्तावित एजेंडे के मुताबिक, मानसून सत्र में सिर्फ चार दिन ही बैठक होंगी। गुरुवार को ही अपराह्न 12:30 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सभी दलीय नेताओं से सुचारु रूप से सदन चलाने के लिए सहयोग मांगेंगे। सर्वदलीय बैठक में नेता सदन (सीएम) योगी आदित्यनाथ सहित सभी दलीय नेताओं को अध्यक्ष की ओर से पत्र भेजा जा रहा है।

## 'विशेषाधिकार समिति का उद्देश्य दंड देना नहीं'

समिति की उद्घाटन बैठक में बोले विधानसभा अध्यक्ष

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा की विशेषाधिकार समिति का लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह समिति विधायिका की गरिमा, अधिकारों और मर्यादाओं की रक्षा का सशक्त माध्यम है। विशेषाधिकार समिति का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि व्यवस्था की गरिमा बनाए रखना और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है।

महाना मंगलवार को विशेषाधिकार समिति की उद्घाटन बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विशेषाधिकार समिति को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी औपचारिकता और संवैधानिक मर्यादा के साथ करना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। सदस्यों से कहा कि समिति के कार्य पर किसी को कोई विरोध नहीं है, लेकिन यह जरूरी है कि सभी जनप्रतिनिधि और संबंधित पक्ष अपने अधिकारों का प्रयोग एक निर्धारित सीमा के भीतर करें। लोकतंत्र में अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारियों का भी उतना ही महत्व है। किसी भी संस्था या व्यक्ति को ऐसी भाषा या आचरण से बचना चाहिए, जिससे सदन की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगे।

## हाउस टैक्स वसूली की जानकारी देने में हीलाहवाली, नोटिस

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी के कई नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतें हाउस टैक्स तो वसूल रही हैं, लेकिन उसकी रिपोर्ट नगर विकास विभाग को देने में कतरा रही हैं। इनमें से कुछ ने तो अब तक एक भी साल का ब्योरा नहीं भेजा है, जबकि कुछ ने इस साल एक बार भी जानकारी नहीं साझा की है। वहीं, बड़ी संख्या में ऐसी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतें हैं जिन्होंने जून के बाद से जानकारी नहीं भेजी है। इस बीच अब जानकारी न देने वाले निकायों को नोटिस भेजकर जल्द टैक्स वसूली का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करने को कहा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो वन ट्रिलियन इकॉनमी को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 20 दिसंबर को बैठक होनी है। उसमें विभाग के टैक्स वसूली की रिपोर्ट भी रखी जाएगी।

वन ट्रिलियन इकॉनमी को लेकर 20 दिसंबर को सीएम की अध्यक्षता में होनी है बैठक, ब्योरा भेजने को कहा गया

नगर विकास विभाग की तरफ से प्रदेश के 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों के लिए टैक्स वसूली का लक्ष्य तय किया जाता है। इस वसूली का हर महीने ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करना होता है, ताकि इस बात की ऑनलाइन निगरानी हो सके कि कौन सा निकाय किस महीने कितना राजस्व जुटा रहा है। हालांकि, विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो 28 नगर पंचायतें ऐसी हैं जिन्होंने आज तक किसी भी साल का कोई ब्योरा नहीं भेजा। वहीं, 452 नगर पंचायतों ने इस साल जून के बाद से ब्योरा अपडेट नहीं किया है। वहीं, सिद्धार्थनगर नगर पालिका परिषद का कोई भी ब्योरा अब तक अपडेट नहीं किया गया है।

## 50 साल से कम के पुलिसकर्मी ही करेंगे माघ मेला में ड्यूटी

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अगले महीने से प्रयागराज में शुरू होने वाले माघ मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से मेले में तैनात किए जाने वाले पुलिसकर्मियों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। स्पष्ट किया गया है कि मेला ड्यूटी में 50 साल से अधिक उम्र के पुलिसकर्मियों को नहीं लगाया जाएगा। साथ ही नशेबाज पुलिसकर्मी भी मेला ड्यूटी में तैनात नहीं किए जाएंगे।

मुख्यालय की ओर से पीएसी वाहिनी और जिला पुलिस प्रमुखों से माघ मेला ड्यूटी के लिए पुलिसकर्मियों के नामों की सूची मांगी गई है। कहा गया है कि सूची में उन्हीं पुलिसकर्मियों के नाम दिए जाएं, जो पूरी तरह फिट हों। सभी पुलिस, पीएसी सहित अन्य सुरक्षा बलों की टीमों का मेडिकल फिट होना जरूरी है। मेला स्थल पर दंगा नियंत्रण उपकरण का इंतजाम किया जाए और क्यूआरटी की भी तैनाती के भी निर्देश दिए गए हैं। कहा गया है कि मेला ड्यूटी में लगाए जाने वाले वाहनों की पहले ही फिटनेस चेक करा ली जाए।

## अस्पतालों में बायोमीट्रिक अटेंडेंस जरूरी

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पतालों में अब बायोमीट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य कर दी गई है। अब इसके मुताबिक ही वेतन तय किया जाएगा। महानिदेशक डॉ. आरपी सिंह सुमन की तरफ से इसे लेकर आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के मुताबिक अस्पतालों में डॉक्टरों से लेकर कर्मचारियों तक के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस की बाध्यता को लागू कर दिया गया है। इसके लिए हर अस्पताल में पहले से ही इसकी व्यवस्था की जा चुकी है।

# ED के सामने नहीं पेश हुए जायसवाल दंपती, दोबारा जारी होगा नोटिस

NBT रिपोर्ट, लखनऊ

गुजरात की आर्पिक फार्मास्युटिकल्स और इधिका लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड के संचालक मनोहर लाल राम प्रसाद जायसवाल और उसकी पत्नी अर्चना मनोहर जायसवाल ईडी के सामने पेश नहीं हुए। ईडी ने नोटिस जारी कर मंगलवार को जायसवाल दंपती को पूछताछ के लिए तलब किया था। ईडी सूत्रों की मानें तो जल्द ही दोनों को दोबारा नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए ईडी के लखनऊ जोनल कार्यालय बुलाया जाएगा।

कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी का मामला

एफएसडीए की टीम ने आठ नवंबर को इन दोनों फर्मों के ट्रांसपोर्ट नगर (लखनऊ) स्थित गोदामों पर छापेमारी की थी, जहां से कोडीन युक्त कफ सिरप के इस बड़े अवैध कारोबार का खुलासा हुआ था। एफएसडीए ने भी छापेमारी के बाद दोनों फर्मों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। जांच में जायसवाल की ओर से न तो कफ सिरप की बिक्री से संबंधित दस्तावेज मुहैया करवाए गए और न ही संतोषजनक जवाब दिया गया था। जायसवाल दंपती के खिलाफ एफएसडीए की ओर से नारकोटिक्स ऐक्ट के तहत अलग-अलग जिलों में दर्जनभर एफआईआर दर्ज करवाई गई थीं, जिसके बाद ईडी ने पिछले हफ्ते कंपनी के गुजरात और लखनऊ के ठिकानों पर छापा मारा था। लेकिन, जायसवाल दंपती फरार हो गए थे।

NBT फॉलोअप

### FSDA के अफसर भी ED के रेडार पर

ईडी की जांच बढ़ने के साथ ही उसका दायरा भी बढ़ रहा है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध धंधे में लिप्त लोगों के साथ ही एफएसडीए के कई अधिकारी भी उनके रेडार पर हैं। इनमें सबसे ऊपर उस सहायक आयुक्त (औषधि) का नाम है, जिसने गाजियाबाद के आसिफ (मेरठ निवासी) आसिफ से शुभम जायसवाल की मुलाकात करवाई थी। साथ ही अब तक जिन फर्मों के नाम सामने आए हैं या फिर जिनके खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज की गई है, उन सभी फर्मों को लाइसेंस देने के समय वहां तैनात रहे अधिकारियों की भूमिका की भी जांच भी ईडी ने शुरू कर दी है।

जांच में खुलासा हुआ था कि आर्पिक फार्मास्युटिकल्स के जरिए उत्तराखंड से कोडीन युक्त कफ सिरप मंगवाई जाती थी, जिसके फर्जी बिल पहले सहारनपुर की एक फर्म इधिका लाइफ साइंसेज के नाम कटते थे, जहां से फर्जी बिलों पर इसकी बिक्री प्रदेश के जिलों में दिखाई जाती थी। जबकि, यह कफ सिरप सीधे वाराणसी, बिहार के रास्ते नेपाल और पश्चिम बंगाल के जरिए बांग्लादेश भेजी जाती थी, जहां इसका प्रयोग नशे के तौर पर होता था।

# 'सांसद को सीएम या डिप्टी सीएम बनाने से रोकने का कोई प्रावधान नहीं'

हाई कोर्ट ने सीएम, डिप्टी सीएम की नियुक्ति को असंवैधानिक घोषित करने की मांग खारिज की

NBT न्यूज, लखनऊ : हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में वर्ष 2017 में जनहित याचिका दाखिल कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की नियुक्ति को चुनौती दी गई थी। याचिका में तब दोनों के लोकसभा सदस्य रहते हुए, मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री पद धारण करने को असंवैधानिक घोषित किए जाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने उक्त याचिका को खारिज करते हुए कहा कि 19 मार्च 2017 को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के रूप में की गई दोनों नियुक्तियां संविधान के पूर्णतः अनुरूप थीं। यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने संजय शर्मा की याचिका पर दिया है।

याचिका में योगी आदित्यनाथ और केशव प्रसाद मौर्य के शपथ ग्रहण को शक्तियों के पृथक्करण और ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के सिद्धांत के विरुद्ध बताया था। अपने विस्तृत निर्णय में हाई कोर्ट ने सभी दलीलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि संविधान में ऐसा कोई स्पष्ट निहित प्रावधान नहीं है, जो किसी सांसद को मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री बनने से रोकता हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सांसद का पद कोई 'संवैधानिक पद' नहीं बल्कि एक निर्वाचित पद है, जबकि मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 164 के तहत की जाती है। न्यायालय ने यह भी कहा कि संविधान स्वयं यह अनुमति देता है कि कोई व्यक्ति, जो राज्य विधान मंडल का सदस्य नहीं है, वह छह माह की अवधि तक मुख्यमंत्री या मंत्री रह सकता है। इस अवधि के भीतर योगी आदित्यनाथ और केशव प्रसाद मौर्य ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा भी दे दिया था। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के मुद्दे पर कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 102(1)(a) के स्पष्टीकरण में स्पष्ट रूप से मंत्रियों को इस अयोग्यता से बाहर रखा गया है। न्यायालय ने कहा कि याचिका में कोई संवैधानिक या विधिक आधार नहीं है।

# 'जिलाधिकारियों के हस्ताक्षर से ही भेजें विधायकों के सवालों के जवाब'

संसदीय कार्य विभाग ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को लिखा पत्र

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विधानसभा और विधान परिषद में सदस्यों द्वारा सदनों में लगाए गए सवालों और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों की जानकारी तथ्यपरक, स्पष्ट और संशय रहित होनी चाहिए। सिर्फ इतना ही नहीं, सवालों के जवाब जिलाधिकारी के हस्ताक्षर से भेजा जाए। इसके लिए संसदीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव जेपी सिंह (द्वितीय) ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है।

संसदीय कार्य विभाग ने पत्र के जरिए नाराजगी जताई है कि सदन में सदस्यों द्वारा लगाए गए प्रश्नों के उत्तर कई शासनादेशों के बाद भी मानक के अनुरूप नहीं आ रहे हैं। जानकारी दी है कि यूपी विधानमंडल का 2025 का तीसरा सत्र (शीतकालीन सत्र) 19 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। निर्देश दिए हैं कि इसको लेकर पूर्व में जारी शासनादेशों का कड़ाई से पालन करवाया जाए।

साथ ही प्रमुख सचिव संसदीय कार्य ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विधानमंडल सत्र के दौरान मंडल और जिला स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन न किया जाए, जिसमें विधानसभा या विधान परिषद के सदस्य, सदस्य के रूप में नामित हों। भेजे गए पत्र में 21 सितंबर 1998 के शासनादेश का उल्लेख किया गया है।

# मेडिकल कॉलेजों में बढ़ेंगे ICU बेड, खरीदे जाएंगे उपकरण

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की तरफ से मंजूर किया गया बजट

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी के कई मेडिकल कॉलेजों में आईसीयू बेड से लेकर जांच और ऑपरेशन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण की सुविधाएं बढ़ेंगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की तरफ से इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के बजट को मंजूरी दी। इस बजट से कुशीनगर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 50 आईसीयू बेड खरीदे जाएंगे। साथ ही कॉलेज में 720 लेक्चरर टेबल, फर्नीचर के अलावा सिर और पैर की तरफ से मुड़ने वाला फाउलर बेड भी खरीदा जाएगा।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के मुताबिक कुशीनगर के अलावा अयोध्या के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में इमरजेंसी ऐंड ट्रॉमा सेंटर के लिए 50 लाख रुपये के उपकरण खरीदे जाएंगे। वहीं, मीरजापुर के मां विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 2 पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीनें लगाई जाएंगी। बाराबंकी जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड मशीन लगेगी। वहीं, अमेठी के गौरीगंज जिला चिकित्सालय में मशीन सुरक्षा से मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आधुनिक फेको मशीन लगाई जाएगी। इसके अलावा हड्डी रोग विभाग के लिए भी कई उपकरण खरीदे जाएंगे। चित्रकूट जिला संयुक्त चिकित्सालय में भी मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन करने को फेको मशीनें खरीदी जाएंगी। वाराणसी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय व एसएसपीजी चिकित्सालय में एक्सरे, लेप्रोस्कोप समेत ऑपरेशन में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके अलावा संभल जिला संयुक्त चिकित्सालय, जौनपुर जिला चिकित्सालय, सीतापुर जिला महिला चिकित्सालय को भी उपकरणों के लिए बजट दिया गया है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि उरई-जालौन के जिला महिला चिकित्सालय की सभी इकाइयों को अपग्रेड किया जाएगा। वहीं, अयोध्या जिला अस्पताल में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए 250 केवीए का जनरेटर सेट लगाया जाएगा।

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### IOB में 3% हिस्सा बेचेगी सरकार

पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने पब्लिक सेक्टर बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) में अपनी 3 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। यह बिक्री ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए की जाएगी, जिसकी शुरुआत बुधवार से हो रही है। शेयर बाजार में अभी जो भाव चल रहा है, उस हिसाब से सरकार को इससे 2,100 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को बैंक का शेयर 1.08 % गिर गया।

### HDFC बैंक को RBI की हरी झंडी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: देश के सबसे बड़े निजी बैंकों में से एक HDFC बैंक को RBI से इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 9.5 फीसदी तक करने की मंजूरी मिल गई है। इंडसइंड बैंक ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि HDFC बैंक ने इस हिस्सेदारी को खरीदने के लिए आरबीआई के पास अर्जी दी थी, जिसके आधार पर यह मंजूरी मिली है।

### 7 कंपनियों के IPO को सेबी की मंजूरी

NBT रिपोर्ट, मुंबई : मार्केट रेगुलेटर सेबी (SEBI) ने यशोदा हेल्थकेयर सर्विसेज, Fusion CX और ओरिएंट केबल्स समेत कुल 7 कंपनियों को अपना IPO लाने की मंजूरी दे दी है। चार अन्य कंपनियों में टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस, आरएसबी रिटेल इंडिया, एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज और लोहिया कॉर्प शामिल हैं।


### Apple की याचिका पर मांगा जवाब

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से प्रौद्योगिकी कंपनी ऐपल की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। कंपनी ने कई सालों के ऑडिट किए गए फाइनेंशल डिटेल उपलब्ध कराने के सीसीआई के निर्देश को चुनौती दी है।

# डॉलर के मुकाबले 91 का स्तर भी तोड़ा रुपये ने

## कारोबार के दौरान 91.14 रु./डॉलर के लेवल पर पहुंचा था

AI Image




क्लोजिंग रेट: 90.93 (प्रति डॉलर)
गिरावट : 15 पैसे

NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय रुपये ने मंगलवार को गिरावट के रेकॉर्ड तोड़ दिए। डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे टूटकर 90.93 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। उधर, राज्यसभा में सरकार ने बताया कि रुपये के गिरने की असली वजह बढ़ता हुआ व्यापार घाटा (ट्रेड डेफिसिट) और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (ट्रेड डील) को लेकर चल रही खींचतान है।

**Q कितनी गिरावट? :** दिन के कारोबार के दौरान रुपये की हालत काफी खराब थी। यह 91 का लेवल तोड़ते हुए 91.14 रुपये प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, बाजार बंद होते-होते इसमें थोड़ी रिकवरी आई और यह अपने पिछले भाव के मुकाबले 15 पैसे गिरकर 90.93 पर बंद हुआ।

**Q क्या है वजह? :** मंगलवार को राज्यसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि इस वित्तीय साल में रुपये की कमजोरी के पीछे मुख्य रूप से बढ़ता व्यापार घाटा और अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता है। इसके अलावा, विदेशी निवेश (कैपिटल अकाउंट) से भी उतनी मदद नहीं मिल पा रही है।

**Q क्या होगा असर? :** मंत्री ने बताया कि करंसी कमजोर होने से हमारा निर्यात सस्ता हो जाता है, जिससे इकॉनमी को फायदा हो सकता है। लेकिन दूसरी तरफ, बाहर से आने वाला सामान (इंपोर्ट) महंगा हो जाता है। उन्होंने कहा कि घरेलू महंगाई पर इसका कितना असर होगा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि बढ़ी हुई कीमतें ग्राहकों पर कितनी डाली जाती हैं।

**Q क्या कहते हैं आंकड़े? :** पंकज चौधरी ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि इस साल 3 दिसंबर तक रुपया 5.1 फीसदी गिर चुका है। 2017 में रुपया मजबूत (6.4% बढ़त) हुआ था, लेकिन उसके बाद से (2018 से 2024 तक) लगातार गिरावट ही देखी गई है। 2022 में तो यह 10.2 फीसदी तक गिरा था।

**Q आगे क्या होगा? :** फिनरेक्स ट्रेजरी अडवाइजर्स के अनिल कुमार भंसाली ने कहा कि अगर RBI ने दखल नहीं दिया तो 92 का भाव जल्द ही देखने को मिल सकता है। सरकार का कहना है कि RBI हालात पर नजर रखे हुए है।


## बेरोजगारी दर घटकर 7 महीने के निचले स्तर पर



पीटीआई, नई दिल्ली: रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.7 फीसदी रह गई है। यह पिछले 7 महीनों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले अक्टूबर में यह आंकड़ा 5.2 फीसदी था। सांख्यिकी मंत्रालय (MoSPI) के आंकड़ों के मुताबिक, बेरोजगारी दर अप्रैल 2025 के बाद अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। मंत्रालय ने बताया कि गांवों में बेरोजगारी दर घटकर 3.9 फीसदी के नए निचले स्तर पर आ गई है। वहीं, शहरों में भी हालात सुधरे हैं और यहां बेरोजगारी दर घटकर 6.5 फीसदी हो गई है, जो अप्रैल 2025 के स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में कुल बेरोजगारी दर 5.1 फीसदी थी। नवंबर में महिलाओं की बेरोजगारी दर अक्टूबर के 5.4 फीसदी से गिरकर 4.8 फीसदी रह गई। यह सुधार गांव और शहर दोनों जगह दिखा।

# शेयर बाज़ार गिरा, सेंसेक्स 533 अंक लुढ़का, निफ्टी 25,860 पर

AI Image




NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट देखने को मिली। विदेशी निवेशकों के लगातार पैसे निकालने, रुपये के कमजोर होने और दुनिया भर के बाजारों में छाई सुस्ती ने निवेशकों का सेंटिमेंट बिगाड़ दिया। सेंसेक्स 533.50 अंक (0.63%) टूटकर 84,679.86 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी भी 167.20 अंक (0.64%) फिसलकर 25,860.10 पर बंद हुआ। यह निफ्टी का इस हफ्ते का सबसे निचला स्तर है।

सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का हाल सबसे बुरा रहा, इसके शेयर 5.03 फीसदी टूट गए। इसके अलावा एससीएल टेक, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी भारी गिरावट रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.78 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.69 फीसदी गिर गया।

अगर अलग-अलग सेक्टर की बात करें तो सबसे ज्यादा मार रियल्टी सेक्टर पर पड़ी, जो 1.36 फीसदी टूट गया। इसके बाद बैंकिंग (1.03 फीसदी), कमोडिटीज, आईटी, फाइनेंशल सर्विसेज और मेटल सेक्टर भी गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, इस गिरावट के बीच टाइटन, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर मुनाफे के साथ हरे निशान में बंद हुए। एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने 1,468.32 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

जियोजित फाइनेंशल सर्विसेज के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, विदेशी निवेशकों (FII) की लगातार बिकवाली और वैश्विक बाजारों की सुस्ती के कारण रुपया रेकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। इसी वजह से घरेलू बाजार भी दबाव में आ गए और लाल निशान में बंद हुए।

### 1,700 टूटा सोना, चांदी भी सस्ती

पिछले चार दिनों से सोने के भाव में जो रेकॉर्ड तोड़ तेजी चल रही थी, उस पर मंगलवार को ब्रेक लग गया। राष्ट्रीय राजधानी में सोना 1,700 रुपये टूटकर 1,35,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोमवार को 99.9 फीसदी शुद्ध सोना 4,000 रुपये की छलांग लगाकर 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। पिछले चार दिनों में सोने में 6,000 रुपये की भारी-भरकम तेजी आई थी। वहीं, स्थानीय बाजार में चांदी 1,000 रुपये गिरकर 1,98,500 रुपये प्रति किलो पर आ गई। इससे पहले चांदी 1,99,500 रुपये प्रति किलो के अपने रेकॉर्ड हाई पर थी।

# AI पर नया कानून नहीं, केंद्र का इनोवेशन पर ज़ोर



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केंद्र सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के लिए अभी कोई नया कानून या सख्त नियम लाने के मूड में नहीं है। सरकार का मानना है कि जब तक बेहद जरूरी न हो, नए कानून बनाने से बचना चाहिए। इसके बजाय, सरकार मौजूदा कानूनों के जरिए ही AI से जुड़ी चुनौतियों से निपटने की तैयारी कर रही है। यह बात इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सचिव एस कृष्णन ने मंगलवार को कही।

यहां आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए कृष्णन ने कहा कि सरकार बहुत सोच-समझकर कदम उठा रही है। मकसद यह है कि नियमों के चक्कर में टेक्नोलॉजी सेक्टर में हो रहे इनोवेशन पर कोई ब्रेक न लगे। उन्होंने कहा, AI को लेकर हमारा नजरिया अब तक बहुत साफ और जमीनी हकीकत से जुड़ा रहा है। हम किसी भी हाल में इनोवेशन के रास्ते में रोड़ा नहीं बनना चाहते। उन्होंने कहा कि इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी (IP) ऐक्ट और हाल ही में आए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (DPDP) ऐक्ट के जरिए AI के इस्तेमाल से जुड़े कानूनी मुद्दों को सुलझाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वक्त आने पर देखा जाएगा कि और किसी नियम की जरूरत है या नहीं। हालांकि, उन्होंने चेतावनी देते हुए यह भी साफ किया कि अगर इस तकनीक से किसी को नुकसान पहुंचता है, तो सरकार चुप नहीं बैठेगी।

AI की वजह से नौकरियां जाने के डर पर उन्होंने माना कि कुछ पुरानी नौकरियां खत्म हो सकती हैं, लेकिन साथ ही कई नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

# भारत में AI पर गूगल करेगी लाखों डॉलर निवेश

AI Image

### किसको कितना?

- AI सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस : 80 लाख डॉलर
- Wadhwani AI : 45 लाख डॉलर
- IIT बॉम्बे (भाषा हब) : 20 लाख डॉलर
- हेल्थ फाउंडेशन मॉडल के लिए: 4 लाख डॉलर
- स्टार्ट-अप्स और रिसर्च (प्रत्येक): 50,000 डॉलर



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत को ग्लोबल AI लीडरशिप की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए गूगल ने स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए निवेश और साझेदारियों की घोषणा की है। ये घोषणाएं मंगलवार को आयोजित लैब टु इम्पैक्ट कार्यक्रम में की गईं, जो इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 के सहयोग से आयोजित हुआ। इस निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा 80 लाख डॉलर भारत सरकार के चार AI सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस (IISc बैंगलोर, IIT कानपुर, IIT मद्रास और IIT रोपड़) को दिया गया है, जो स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शहरी प्रशासन जैसे क्षेत्रों में काम करेंगे।

Wadhwani AI को स्वास्थ्य सेवा (HealthVaani) और कृषि (AgriVaani/Garuda) के लिए AI समाधान विकसित करने हेतु कुल 45 लाख डॉलर की फंडिंग दी गई है। भाषाई विविधता को बढ़ावा देने के लिए IIT बॉम्बे में 'इंडिक लैंग्वेज टेक्नोलॉजीज रिसर्च हब' की स्थापना के लिए 20 लाख डॉलर आवंटित किए गए हैं। भारत के हेल्थ फाउंडेशन मॉडल के विकास के लिए 4 लाख और विभिन्न AI स्टार्टअप्स व रिसर्च प्रोजेक्ट्स (जैसे Gnani.AI, CoRover.AI, BharatGen और IIT बॉम्बे का जेम्मा प्रोजेक्ट) को 50,000-50,000 डॉलर के ग्रांट्स दिए गए हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सामरिक राष्ट्रीय क्षमता के रूप में देख रहा है। चार AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को एक समन्वित राष्ट्रीय अनुसंधान मिशन के रूप में तैयार किया गया है, जो आधारभूत रिसर्च, जिम्मेदार AI और जनहित में काम आने वाले अनुप्रयोगों को आगे बढ़ाते हैं। यह हमारे विकसित भारत 2047 के बड़े लक्ष्य में भी योगदान देते हैं। गूगल डीपमाइंड के सीनियर रिसर्च डायरेक्टर डॉ. मनीष गुप्ता ने कहा कि AI वैज्ञानिक खोजों को तेज करने, मानवीय क्षमताओं को बढ़ाने और भारत इसको बड़े पैमाने पर अपनाने के कारण दुनिया को बदलने की ताकत रखता है। भारत AI आधारित भविष्य का नेतृत्व कर सकता है।

गूगल ने भारत के हेल्थ फाउंडेशन मॉडल तैयार करने के तहत MedGemma आधारित AI मॉडल बनाए जाएंगे। AIIMS विशेषज्ञों के साथ मिलकर अकनालेस डर्मेटोलॉजी और OPD ट्रायजिंग से जुड़े मामले पर भारत-विशिष्ट मॉडल बनाएगा। IISc की टीम अन्य क्लीनिकल उपयोगों पर शोध करेगी। गूगल राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के साथ मिलकर लाखों मेडिकल रिकॉर्ड्स को FHIR जैसे अंतरराष्ट्रीय मानक में बदलने पर काम कर रहा है, ताकि मरीज अपनी रिपोर्ट बेहतर समझ सकें और नीति निर्माण में मदद मिल सके। साथ ही देश के 4 लाख से अधिक पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रों को गूगल मैप्स और सर्च पर अपडेट किया जा रहा है।

## वेदांता के डीमर्जर को NCLT से मिली मंजूरी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता ग्रुप के लिए मंगलवार को राहत वाली खबर आई। नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने वेदांता के डीमर्जर प्लान (कारोबार को अलग-अलग हिस्सों में बांटने की योजना) को मंजूरी दे दी है। अब वेदांता के एल्युमीनियम, तेल-गैस, पावर (बिजली) और स्टील कारोबार के लिए अलग-अलग कंपनियां बनाने का रास्ता साफ हो गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इसका कड़ा विरोध किया था, लेकिन ट्रिब्यूनल ने वेदांता के पक्ष में फैसला सुनाया। वेदांता के प्रवक्ता ने कहा, अब हम सेक्टर के हिसाब से अलग-अलग लीडिंग कंपनियां बनाएंगे, जिनकी अपनी रणनीति और अपना कैपिटल स्ट्रक्चर होगा।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in